डाक पंजीयन नं. 99/2021-23
E-mail:-adhuniksamachar2014@gmail.com
website:www.aadhuniksamachar.com
आधुनिक भारत का आधुनिक नजरिया





# आधुनिक समाचार

हिन्दी साप्ताहिक संस्थापकः- श्री महेन्द्र अरोरा

वर्ष-11 अंक-15 | प्रयागराज, रविवार 10 अप्रैल 2022 से शनिवार 16 अप्रैल 2022 तक | पृष्ठ- 8 | मूल्यः 3 रूपये

सिनेमाः दिल्ली की चाट से लेकर लखनऊ की बिरयानी तक..8 )

## संक्षिप्त समाचार

### उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कार्यालय का ट्विटर अकाउंट हैक

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) का ट्विटर अकाउंट शनिवार को हैक कर लिया गया। प्रदेश के मुख्यमंत्री कार्यालय के ट्विटर अकाउंट पर मौजूदा वक्त में करीब 40 लाख फालोअर्स हैं। सीएम कार्यालय के ट्विटर हैंडल को हैक कर हैकर ने सिलसिलेवार कई ट्वीट किए। साथ ही उसने बड़ी तादाद में सोशल मीडिया यूजर्स को अपने पोस्ट में टैग भी किया।ट्विटर अकाउंट हैक करने को लेकर जानकारी उस वक्त सामने आई जब एक अज्ञात हैकर ने ट्विटर हैंडल का इस्तेमाल करते हुए ठट्विटर पर अपने एनिमेटेड को कैसे चालू करेंठ नामक एक ट्यूटोरियल पोस्ट किया। इसके अलावा, यूपी सीएमओ अकाउंट पर एक कार्टून की तस्वीर को प्रोफाइल पिक्चर के रूप में इस्तेमाल किया गया था। हैकर ने ट्विटर अकाउंट के बायो में छेड़छाड़ की थी जिसे बाद में ठीक कर दिया गया।अज्ञात हैकर्स ने यूपी सीएमओ अकाउंट पर कुछ रैंडम ट्वीट्स का एक थ्रेड भी पोस्ट किया था। जिसे बाद में पूरी तरह से हटा दिया गया। ट्वीटर हैंडल का इस्तेमाल मुख्यमंत्री के कार्यक्रमों और प्रदेश के लोगों तक महत्वपूर्ण जानकारी पहुंचाने के लिए किया जाता है।

### केंद्र ने राज्यों को दिए संक्रमण फैलने से पहले ही जरूरी कार्रवाई करने के निर्देश, पांच सूत्रीय रणनीति को अपनाने की भी सलाह

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने केरल, दिल्ली, हरियाणा, महाराष्ट्र और मिजोरम को सलाह दी है कि वे क्षेत्र में कोरोना वायरस संक्रमण के प्रसार को रोकने के लिए समय रहते ही जरूरी कार्रवाई करें। केंद्र ने यह सलाह इन राज्यों में बढ़ते मामलों को देखते हुए दी है। चार राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश को लिखे पत्र में केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव राजेश भूषण ने कहा है कि संभावित संक्रमण के प्रसार वाले क्षेत्रों पर नियमित रूप से निगरानी रखी जाए और जरूरी कार्रवाई की जाए। किसी भी तरह की लापरवाही कोरोना के खिलाफ लड़ाई में अब तक मिली सफलता को बेकार कर देगी। उन्होंने संबंधित राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों को पांच सूत्रीय रणनीति को अपनाने को कहा है। यह रणनीति संभावित मरीजों की जांच यानी टेस्ट, संक्रमितों के संपर्क में आए लोगों की पहचान यानी ट्रैक, संक्रमितों का उपचार यानी ट्रीट, टीकाकरण और कोरोना से बचाव के नियमों का पालन करने की है। भूषण ने राज्यों से उन क्षेत्रों पर विशेष नजर रखने को कहा है, जहां संक्रमण के मामले बढ़ रहे हैं।

## आनंद पर्वत इंडस्ट्रियल एरिया की एक फैक्टरी और आजाद मार्केट की दुकानों में लगी भीषण आग

**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर समेत समूचा उत्तर भारत भीषण गर्मी की चपेट में है। इस बीच गर्मी के दौरान आग लगने की घटनाएं भी सामने आने लगी है। देश की राजधानी दिल्ली में भीषण आग की दो घटनाएं सामने आई हैं। पहली आग की घटना आनंद पर्वत इंडस्ट्रियल एरिया है, जबकि दूसरा आग का हादसा आजाद मार्केट का है। पहली घटना के मुताबिक, शनिवार सुबह करोल बाग के करीब आनंद पर्वत इंडस्ट्रियल एरिया में एक फैक्टरी में भीषण आग लग गई। वहीं आग बुझाने के प्रयास में 6 दमकर्मी भी झुलस गए हैं दिल्ली की बड़ी मार्केट में शुमार आजाद मार्केट में कुछ दुकानों में आग लगने की खबर है। बताया जा रहा है कि पहले एक दुकान में आग लगी, फिर कुछ देर बाद इस फैक्टरी की आग ने आसपास की कई दुकानों को भी अपनी चपेट में ले लिया है। वहीं, सूचना पर मौके पर पहुंची दमकल की 20 से अधिक गाडि़यां आग पर काबू पाने की कोशिश में जुटी हुई हैं। यहां पर बता दें कि इससे पहले नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर आग लगने की घटना हुई थी। रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 4 व 5 की छत पर बृहस्पतिवार की देर रात अचानक से आग लग गई थी। यह आग बृहस्पतिवार रात 8.15 बजे लगी। इसकी सूचना मिलते ही रेलवे अधिकारियों के हाथ पांव फूल गए। इसके बाद नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर अफरा तफरी भी मच गई। स्टेशन कर्मियों की मदद से आग पर 20 मिनट में ही काबू पा लिया गया। विश्वस्तरीय नई दिल्ली रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 4 व 5 के छत पर अचानक से आग लग गई। जानकारी के अनुसार आग बृहस्पतिवार रात 8.15 बजे लगी। इसकी सूचना मिलते ही रेलवे अधिकारियों के हाथ पांव फूल गए। हालांकि रेलवे कमिर्यों ने सूझबूझ का परिचय देते हुए अगिन्शमन यंत्र का इस्तेमाल कर आग पर काबू पाया। रेलवे अधिकारियों के अनुसार, पहली नजर में शार्ट सर्किट की वजह से प्लेटफार्म के सीलिंग में आग लगी थी। आग लगने के बाद इसी बुझा दिया गया। आग पर रात 8.35 बजे पूर्ण रूप से काबू पा लिया गया।




## नेशनल असेंबली के लिए किया पूरा गेम प्लान, इमरान खान के खिलाफ आज होगी अविश्वास प्रस्ताव पर वोटिंग

**इस्लामाबाद।** सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर पाकिस्तान की नेशनल असेंबली में विपक्ष के अविश्वास प्रस्ताव पर शनिवार को मतदान कराया जाएगा। शीर्ष अदालत ने गुरुवार को सुनाए अपने फैसले में अविश्वास प्रस्ताव को खारिज करने के डिप्टी स्पीकर के आदेश को रद कर दिया था। इस बीच, विपक्ष नेशनल असेंबली ने डिप्टी स्पीकर के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पेश करेगा। आज होने वाली वोटिंग में पीएम इमरान खान की हार तय मानी जा रही है। 3 अप्रेल को जब नेशनल असेंबली के डिप्टी स्पीकर के फैसले के बाद हंगामा हुआ था, तब विपक्ष ने अपना स्पीकर बिठाकर अविश्वास प्रस्ताव पर वोटिंग करवाई थी। इस वोटिंग में विपक्ष के 172 वोट पड़े थे, जबकि दो सांसद गैर मौजूद रहे थे। अब देखना होगा कि आज वोटिंग के दौरान विपक्ष कितने नंबर नेशनल असेंबली में अपने पक्ष में दिखा पाता है। इससे पहले शुक्रवार रात को उन्होंने देश के नाम दिए अपने संबोधन में सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर अफसोस जताया था। इमरान ने कहा था कि उन्हें उम्मीद थी कि सुप्रीम कोर्ट उनकी सरकार को गिराने में विदेशी साजिश की बात को सुनेगा और मानेगा, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। उन्होंने भारत का भी जिक्र किया और कहा कि भारत की तरफ कोई आंख उठाकर नहीं देख सकता है। वहां की विदेश नीति इतनी मजबूत है कि सारी दुनिया रूस पर प्रतिबंध लगा रही है लेकिन भारत सीना ठोककर रूस से तेल खरीद रहा है। कोई भी देश उसके खिलाफ आवाज उठाने की हिम्मत नहीं कर रहा है। वहीं पाकिस्तान में विदेशी ताकतों के इशारे पर विपक्ष नाच रहा है। इमरान ने कहा कि वो बाहरी ताकतों की बिठाई गई सरकार को कभी मंजूर नहीं कर सकते है।इमरान ने कल ही अपने पार्टी सांसदों और कैबिनेट की भी बैठक बुलाई थी। इसमें विदेशी साजिश में शामिल सभी नामों की जांच के लिए एक आयोग को गठित करने का भी फैसला लिया गया है।




## गरीबों के लिए रोटी, कपड़ा और मकान का वादा पूरा कर रही है मोदी सरकारः भाजपा

**नई दिल्ली।** भाजपा ने शुक्रवार को कहा कि गरीबों के लिए 'रोटी, कपड़ा और मकान' उपलब्ध कराने की बात तो सभी पूर्ववर्ती सरकारों ने की, लेकिन इसे पूरा करने का काम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली आज की केंद्र सरकार कर रही है। शुक्रवार को यहां पार्टी मुख्यालय में केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कांग्रेस के शासन के 60 साल और भाजपा सरकार के आठ साल की तुलना करते हुए कहा कि 60 साल में केवल 3.26 करोड़ घर बने जबकि भाजपा के आठ वर्षों में 2.50 करोड़ से अधिक घर बनाने का काम किया गया। वहीं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ट्वीट कर कहा, 'देश के हर गरीब को पक्का मकान देने के संकल्प में हमने एक अहम पड़ाव तय कर लिया है। जन-जन की भागीदारी से ही तीन करोड़ से ज्यादा घरों का निर्माण संभव हो पाया है। मूलभूत सुविधाओं से युक्त ये घर आज महिला सशक्तीकरण का प्रतीक बन चुके हैं।' केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने बताया कि मोदी सरकार में शहरी गरीबों के लिए 58 लाख से अधिक पक्के मकान बनाया गया। पार्टी प्रवक्ता केके शर्मा के साथ पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार ने प्रति वर्ष केवल 11 लाख मकान बनाए जबकि भाजपा सरकार ने हर साल 35 लाख से अधिक मकान बनाए। उन्होंने आगे कहा कि सरकार ने गरीबों के लिए 4.03 करोड़ मकान बनाने का लक्ष्य रखा था, लेकिन राज्यों के फीडबैक के बाद यह लक्ष्य 2.95 करोड़ कर दिया गया। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस सरकार ने प्रति माह 94 हजार घर बनाए और इसकी तुलना में भाजपा सरकार ने प्रति माह 2.62 लाख से अधिक घर बनाए। सिंह ने कहा, 'रोटी, कपड़ा और घर की चर्चा तो सभी सरकारों ने की, लेकिन देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गरीब कल्याण योजना लाकर रोटी की व्यवस्था की और हम आवास योजना के माध्यम से घर-कपड़े और महिला सशक्तिकरण की व्यवस्था कर रहे हैं।' यही नहीं उन्होंने बताया कि बंगाल सरकार ने अभी तक यह जानकारी नहीं दी कि वहां आवास योजना के तहत कितने मकान बने हैं



## विपक्ष को नहीं सुहाया अमित शाह का हिंदी पर दिया गया सुझाव, कहा-यह देश के बहुलवाद पर हमला, हिंदी साम्राज्यवाद को लागू नहीं होने देंगे

**नई दिल्ली।** गृह मंत्री अमित शाह का हिंदी को लेकर दिया गया सुझाव विपक्षी नेताओं को पसंद नहीं आया। विपक्षी नेताओं ने शुक्रवार को शाह के बयान की तीखी आलोचना की और इसे भारत के बहुलवाद पर हमला बताया। कहा कि वे हिंदी साम्राज्यवाद को लागू करने के कदम को विफल कर देंगे। मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस ने शाह पर हिंदी थोपने का प्रयास करने का आरोप लगाया। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने ट्वीट किया कि हिंदी राजभाषा है, न कि राष्ट्रभाषा, जैसा कि राजनाथ सिंह ने संसद में गृह मंत्री रहते हुए कहा था। हिंदी साम्राज्यवाद भारत के लिए मौत की घंटी होगी। कांग्रेस प्रवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने पत्रकारों से कहा कि गृह मंत्री ने हिंदी के बारे में उपदेश देने की कोशिश की है, जो उन्हें नहीं करना चाहिए। मैं हिंदी का बहुत बड़ा समर्थक हूं, लेकिन थोपने का नहीं। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने कहा कि हिंदी पर शाह का जोर भारत की अखंडता और बहुलवाद के खिलाफ है। यह देश की अखंडता को बर्बाद कर देगा। उन्होंने ट्वीट किया, क्या अमित शाह सोचते हैं कि हिंदी राज्य पर्याप्त है और भारतीय राज्यों की आवश्यकता नहीं है? आप बार-बार वही गलती कर रहे हैं। हालांकि, आप सफल नहीं होंगे। बंगाल में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस ने कहा कि भाजपा नीत केंद्र सरकार द्वारा गैर-हिंदी भाषी राज्यों पर हिंदी थोपने के किसी भी प्रयास का विरोध किया जाएगा। तृणमूल के वरिष्ठ नेता सौगत राय ने कहा, भारत के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने भी कहा था कि गैर-हिंदी भाषी राज्यों पर हिंदी तब तक नहीं थोपी जाएगी, जब तक वे इसे स्वीकार करने को तैयार नहीं होंगे। कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री सिद्दरमैया ने ट्वीट किया, एक कन्नड के रूप में मैं आधिकारिक भाषा को लेकर गृह मंत्री अमित शाह की टिप्पणी का कड़ा विरोध करता हूं। हिंदी हमारी राष्ट्रीय भाषा नहीं है और हम इसे कभी नहीं होने देंगे। नई दिल्ली में संसदीय राजभाषा समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए गृह मंत्री अमित शाह ने कहा था कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने फैसला किया है कि सरकार चलाने का माध्यम राजभाषा है। इससे निश्चित रूप से हिंदी का महत्व बढ़ेगा। अब समय आ गया है कि राजभाषा हिंदी को देश की एकता का अहम हिस्सा बनाया जाए। हिंदी को अंग्रेजी के विकल्प के रूप में स्वीकार किया जाना चाहिए, न कि स्थानीय भाषाओं के विकल्प के रूप में।

## रेल यात्रियों के लिए अच्छी खबर नहीं, दिल्ली से पंजाब और हरियाणा जाने में होगी मुश्किल; ये ट्रेनें हुई रद

**नई दिल्ली।** देश की राजधानी दिल्ली से ट्रेन के जरिये पंजाब और हरियाणा का सफर रविवार को मुश्किलों भरा होने वाला है, ऐसे में इसके लिए अभी से तैयार हो जाएंगे। दरअसल, नई दिल्ली से प्रस्थान करके हरियाणा और पंजाब के विभिन्न शहरों की ओर जाने वाले यात्रियों को रविवार को परेशानी का सामना करना पड़ेगा, क्योंकि भारतीय रेलवे द्वारा कई ट्रेनों का परिचालन रद कर दिया गया है। इसके साथ ट्रेनों के आवागमन के मद्देनजर कई के मार्ग में भी बदलाव किया गया है, इससे यात्रा में अधिक समय लगना तया है। इस बाबत रेलवे अधिकारियों का कहना है कि बादली व होलंबी कलां तथा सोनीपत व सांदल कलां स्टेशनों के बीच पुल पर काम चल रहा है। इस कारण रविवार को चार घंटे का ट्रैफिक ब्लाक लिया जा रहा है। नई दिल्ली-कुरूक्षेत्र विशेष (04449) तथा कुरूक्षेत्र-पुरानी दिल्ली (04452) विशेष ट्रेन निरस्त रहेगी। वहीं, फाजिल्का- पुरानी दिल्ली एक्सप्रेस अंबाला तक चलेगी। वापसी दिशा में यह ट्रेन पुरानी दिल्ली की जगह अंबाला से चलेगी। दिल्ली और अंबाला के बीच इसे निरस्त करने का फैसला किया गया है। अमृतसर-कटिहार एक्सप्रेस अंबाला-सहारनपुर-मेरठ सिटी-खुर्जा होकर बांद्रा टर्मिनल-अमृतसर पश्चिम एक्सप्रेस व नांदेड-अमृतसर सचखंड एक्सप्रेस को नई दिल्ली- पुरानी दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ सिटी-सहारनपुर-अंबाला होकर चलाया जाएगा। नागपुर-अमृतसर एक्सप्रेस नई दिल्ली-शकूरबस्ती-रोहतक-जाखल-धुरी-लुधियाना होकर चलेगी। चंडीगढ-नई दिल्ली शताब्दी एक्सप्रेस, अमृतसर-बांद्रा टर्मिनल पश्चिम एक्सप्रेस, नई दिल्ली-ऊना जन शताब्दी एक्सप्रेस, विशाखापट्टनम-अमृतसर एक्सप्रेस, पठानकोट- पुरानी दिल्ली एक्सप्रेस और जम्मूतवी-नांदेड़ एक्सप्रेस को अलग-अलग स्टेशनों पर कुछ देर रोककर चलाया जाएगा। गौरतलब है कि दिल्ली से पंजाब और हरियाणा जा रहे यात्रियों को किसी तरह की कोई परेशानी नहीं है, इसके लिए भारतीय रेलवे की ओर से जनहित में पहले ही यह जानकारी दी गई है।




### सशस्त्र बलों के कर्मियों के लिए हवाई परिवहन सेवाओं की बहाली की मांग पर गृह मंत्रालय ने दिया जवाब

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने शुक्रवार को सशस्त्र बलों के जवानों के लिए हवाई परिवहन सेवाएं तत्काल बहाल करने की मांग की। इस पर केंद्र सरकार ने जवाब दिया कि गृह मंत्रालय ने एयर इंडिया द्वारा सेवाओं को जारी रखने के लिए पहले ही मंजूरी दे दी है। टेंडर को भी अंतिम रूप दे दिया गया है और आदेश जारी किए जा रहे हैं। एमएचए ने कहा कि हवाई यात्रा के कारण देय राशि का भुगतान भी नियमों के अनुसार किया जाएगा। साथ ही कहा कि सीएपीएफ कर्मियों के लिए एयर कूरियर सेवा को निलंबित नहीं किया गया है। जुलाई 2010 से सेवाएं चल रही हैं। बता दें कि शुक्रवार को कांग्रेस महासचिव रणदीप सुरजेवाला ने कहा कि वर्ष 2019 में पुलवामा आतंकी हमला इसलिए हुआ, क्योंकि सीआरपीएफ के जवान इस बेहद संवेदनशील इलाके से ड्यूटी ज्वाइन करने के लिए बसों से जा रहे थे। पुलवामा हमले से कुछ महीने पहले जवानों के लिए एयर कूरियर सेवा बंद कर दी गई थी। उन्होंने कहा, जवानों की सुरक्षा को देखते हुए हवाई परिवहन सेवा तुरंत बहाल की जाए। सरकार को हमारे जवानों और अर्धसैनिक बलों की जान जोखिम में डालने के लिए देश से माफी मांगनी चाहिए।

## फोर्टिफाइड चावल को बांटने की योजना को केंद्र सरकार की मंजूरी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने शुक्रवार को सरकारी कार्यक्रमों के तहत फोर्टिफाइड चावल को तीन चरणों में वितरित करने की योजना को मंजूरी दी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि फोर्टिफाइड चावल की आपूर्ति का निणर्य पोषण स्तर में सुधार और महिलाओं और युवा आबादी के कल्याण को आगे बढ़ाने के प्रयासों के अनुरूप लिया गया है। भारतीय खाद्य निगम (एफसीआइ) और राज्य एजेंसियों ने इसकी आपूर्ति और वितरण के लिए पहले ही 88.65 लाख टन फोर्टिफाइड चावल की खरीद की है। कैबिनेट की बैठक के बाद केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि पहले चरण में आइसीडीएस और पीएम पोषण कार्यक्रमों के तहत फोर्टिफाइड चावल का वितरण किया जा रहा है। दूसरे चरण में मार्च 2023 तक सभी महत्वाकांक्षी जिलों में लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली (टीपीडीएस) और अन्य कल्याणकारी योजनाओं के तहत फोर्टिफाइड चावल का वितरण किया जाएगा। अंतिम चरण में, शेष सभी जिलों को मार्च 2024 तक कवर किया जाएगा। चावल के फोर्टिफिकेशन की पूरी लागत लगभग 2,700 करोड़ रुपये प्रति वर्ष है। इसे केंद्र सरकार द्वारा वहन किया जाएगा। नीति आयोग के अनुसार यह कुपोषण के दूर करने का त्वरित और किफायती तरीका है। इसके तहत चावल में आयरन, फोलिक एसिड और विटामिन जैसे सूक्ष्म पोषक तत्वों को मिलाते हैं। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने एक अन्य फैसले में अटल इनोवेशन मिशन (एआइएम) को मार्च 2023 तक जारी रखने को भी मंजूरी दी। इसका उद्देश्य देश में नवाचार और उद्यमिता का पारिस्थितिकी तंत्र बनाना और बढ़ावा देना है। एआइएम के लक्ष्यों में 10,000 अटल टिंकरिंग लैब्स (एटीएल) के साथ-साथ 101 अटल इनक्यूबेशन सेंटर (एआईसी) स्थापित करना और अटल न्यू इंडिया चैलेंज के माध्यम से 200 स्टार्टअप का समर्थन करना शामिल है। इस प्रक्रिया में 2,000 करोड़ रुपये से अधिक का कुल बजट खर्च किया जाएगा। एआइएम समर्थित स्टार्टअप ने सरकारी और निजी इक्विटी निवेशकों से 2,000 करोड़ रुपये से अधिक जुटाए हैं, इसके अलावा कई हजार नौकरियां पैदा की हैं। एआइएम के कार्यक्रमों में 34 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को शामिल किया गया है। मोदी ने अटल इनोवेशन मिशन (एआइएम) को मार्च 2023 तक जारी रखने के फैसले की भी सराहना की। उन्होंने कहा हम अनुसंधान और नवाचार की एक जीवंत प्रणाली बनाने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध हैं। अटल इनोवेशन मिशन पर आज के कैबिनेट के फैसले से हमारे प्रयासों को बढ़ावा मिलता है।






# फाफामऊ पुल रिपेयरिंग: जाम से बचने के लिए बना डायवर्जन प्लान

(आधुनिक समाचार सेवा)
विलास गुप्ता

**प्रयागराज।** फाफामऊ पुल (चन्द्रशेखर आजाद सेतु) के क्षतिग्रस्त एक्सपैंशन ज्वाइन्ट, फुटपाथ के रिपेयर और नमामि गंगे कार्यक्रम के अन्तर्गत फाफामऊ क्षेत्र में सीवेज ट्रीटमेन्ट प्लान्ट वे निर्माण को देखते हुए पुल पर बड़े वाहनों का आवागमन बंद किया जाएगा। जिला प्रशासन के अनुसार प्रयागराज से आने और जाने वाले वाले भारी कॉमिर्शियल ट्रकों व छोटे कॉमिर्शियल वाहनों व रोडवेज बसों के लिए यातायात डायवर्जन की व्यवस्था लागू की गयी है। 1.प्रतापगढ़ मार्ग की ओर से जनपद प्रयागराज आने वाले भारी, कॉमिर्शियल ट्रक, छोटे कॉमिर्शियल वाहन व रोडवेज बस सोरावं बाईपास से सहसों बाईपास-अंदावा चौराहा-शास्त्री ब्रिज-झूसी-जीटी जवाहर चौराहा होते हुए अपने गतंव्य को जायेंगें। 2.लखनऊ/रायबरेली मार्ग की ओर से प्रयागराज आने वाले भारी कॉमिर्शियल ट्रकों, छोटे कॉमिर्शियल वाहनों व रोडवेज बस नवाबगंज बाईपास से सहसों बाईपास-अंदावा चौराहा-शास्त्र ब्रिज-झूसी-जीटी जवाहर चौराहा होते हुए अपने गतंव्य को जायेंगें 3.इस अवधि में चन्द्रशेखर आजाद सेतु पर केवल दो पहिया वाहनों का संचालन किया जायेग 4.इस अवधि में दोनों पाण्टून पुलों पर चार पहिया वाहन, हल्के प्राइवेट वाहन का संचालन किया जायेगा 5.इस अवधि में चार पहिया वाहन (हल्के प्राइवेट वाहन) फाफामऊ पानी टंकी तिराहा से दाहिने-बेला कछार से पाण्टून पुल होते हुए महावीरपुरी कालोनी होते हुए अपने गंतव्य (शहर क्षेत्र में) को जायेंगें 6.शहर क्षेत्र से लखनऊ/ रायबरेली/प्रतापगढ़ जाने वाले चार पहिया वाहन (हल्के प्राइवेट वाहन) तेलियरगंज चौराहा से बांये-शंकर घाट कालोनी से पाण्टून पुल होते हुए बेला कछार से फाफामऊ पानी टंकी तिराहा होते अपने गंतव्य को जायेंगें। 7. शहर क्षेत्र से भारी/ कॉमिर्शियल/ट्रकों/छोटे कॉमिर्शियल वाहनों व रोडवेज बसों का डायवर्जन लोक सेवा आयोग चौराहा से इण्डियन प्रेस-बालसन-जीटी जवाहर चौराहा-शास्त्री ब्रिज-झूसी-अंदावा चौराहा-सहसों बाईपास होते हुए लखनऊ/ रायबरेली/प्रतापगढ़ को जायेंगें। 8.इस अवधि में शहर क्षेत्र से भारी/कॉमिर्शियल/ट्रकों/छोटे कॉमिर्शियल वाहनों व रोडवेज बसों का डायवर्जन लोक सेवा आयोग चौराहा से इण्डियन प्रेस-बालसन-जीटी जवाहर चौराहा-शास्त्री ब्रिज-झूसी-अंदावा चौराहा होते हुए जौनपुर/वाराणसी को जायेंगें। 9. कॉमिर्शियल सवारी छोटे वाहन (ई-रिक्शा, टैम्पों, आटो आदि) सिविल लाइन से तेलियरगंज चौराहा/ गोविन्दपुर मोड़ तक संचालन कराया जायेगा। 10.इस अवधि में कॉमिर्शियल सवारी छोटे वाहन (ई-रिक्शा, टैम्पों, आटो आदि) फाफामऊ क्षेत्र की तरफ से फाफामऊ बाजार होते हुए फाफामऊ पार्क तिराहा तक संचालन कराया जायेगा। कॉमिर्शियल सवारी छोटे वाहन ई-रिक्शा, टैम्पों, आटो आदि का संचालन पाण्टून पुल पर पूर्णतया बंद रहेगा।



# प्राथमिक विद्यालय भड़रा चाका प्रयाराज द्वारा स्कूल चलो अभियान रैली का आयोजन हुआ सम्पन्न

(आधुनिक समाचार सेवा)

**प्रयागराज।** दिनांक–09/04/2022 को प्राथमिक विद्यालय भड़रा चाका प्रयागराज में प्रभारी प्रधनाध्यपक श्री मती शगुफ्ता बानो के नेतृत्व में विद्यालय के छात्र/छात्राओं द्वारा स्कूल चलो अभियान रैली निका लकर ग्रामीणों को जागरूक किराया गया जिससे कि ग्रमीण के बच्चो के अभिभावक स्वयं अपने बच्चों को स्कूल भेज कर उनका भविष्य बनाये और वह भी देश के प्रती अपनी निष्ठा रखे इस रैली में विद्यालय प्रबंध समिति के सदस्य अभिभावक तथा विद्यालय के समस्त शिक्षक श्रीमती आस्था श्रीवास्तव, श्रीमती नसरी बानो, श्रीमती अमिता पाण्डेय, श्रीमती श्रेया यादव, तथा श्रीमती तराना उपस्थित रहें।







# कमल मिश्रा ने थामा कमल का हाथ

(आधुनिक समाचार सेवा)

**प्रयागराज।** यूपी विधानसभा चुनाव में दोबारा सता मे वापसी करने वाली भारतीय जनता पार्टी का अब विधान परिषद चुनाव नर पूरा फोकस है प्रयागराज और कौशांबी विधान परिषद सीट पर जीत आसान करने के लिए भाजपा ने अखिल भारतीय प्रधन संगठन के एमएलसी प्रत्याशी कमल मिश्र को अपने पाले में कर लिया है। इस चुनाव मे भजपा और सपा को कड़ी टक्कर दे रहे कमल मिश्र ने शनिवार को अपने साथी एवं संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष सथ्येंद्र त्रिपाठी के साथ भाजपा का दामन थाम लिया है। केपी कोलेज प्रांगण स्थित केजीएफ विला में पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ. रीता बहुगुणा जोशी, सांसद केषरी देवी पटेल, प्रदेश उपाध्यक्षर लक्ष्मण आचार्य नाथ सिंह सांसद केशरी देवी पटेल, प्रदेष उपाध्यक्ष लक्ष्मण आचार्य की मौजूदगी में कमल मिश्र, सत्येंद्र त्रिपाठी के साथ कई प्रधान भी मौके पर चहुंचे। इस दौरान सिद्धार्थ्ज्ञ नाथ सिंह ने कहा कि उनकी तकरीबन एक सप्ताह से अखिल भारतीय प्रधान संगठन के पदाधिकारियों से वार्ता चल रही थी। वार्ता में तय हुआ कि प्रधान संगठन भाजपा के साथ मिलकर आगे काम करेगा। भाजपा ज्वाइन करने के दौरान अखिल भारतीय प्रधान संगठन ने समर्थन भारतीय प्रधन संगठन ने समर्थन सदस्य सभासद को पूर्ण दायित्व दिए जाने और क्षेत्र पंखयत अध्यक्ष की तरह क्षेत्र पंखयत सदस्यों को मानदेव व चेयरमैन की भांति



देने के साथ ही 5 सूत्री मांग पत्र भी रखा। सीएम योगी को संबोधित इस मांग पत्र में गोशाला के चारे का भुगतान प्रति माह के अंत तक सुनिश्चित करने ग्गाम पंखयत में होने वाले विकास कार्यो का मैटेरियल मार्केट रेट पर लागू होने, क्षेत्र पंखयत की निधि से हर क्षेत्र पंखयत में प्रधान और क्षेत्र पंचायत सदस्यों के लिए सदन की व्यवस्था किए जाने की मांग की गई। इसके अलावा राशन की दुकान की देखरेख का प्रधान, क्षेत्र पंखयत सभासदों को मानदेय दिए जाने की मांग की गई कमल ने कहा कि उन्होंनं भाजपा को समर्थन देने के लिए कोई शर्त नही रखी है। इस अवसरी पर भाजपा महानगर अध्यक्ष गणेश केसरवानी ने कमल और सत्येद्र को पार्टी का पट्टा ओढाकर एवं माला पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर विधायक पीयूष रंजन निषाद, वसचस्पति, राजमणि कोल, पूर्व विधायक नीलम करवरिया, डॉ. भगवत पांडेय, प्रभाशंकर पाडेय, अमरनाथ्ज्ञ आदि रहे।

# सीओ फूलपुर की बैठक से विद्युत आपूर्ति में सुधार

(आधुनिक समाचार सेवा)
सरफराज अहमद

**फूलपुर।** फूलपुर कोतवाली में सीओ राम सागर द्वारा विद्युत विभाग के एसडीओ एवं जेई के साथ त्योहारों पर भरपूर बिजली देने संबंधी मीटिंग का असर दिखने लगा है। कटौती में कुछ हद तक सुधार दिखा तो लोगों में खुशी दौड़ी। ग्रामीण क्षेत्र में तेज हवाये तथा धूल भरी अन्घड़ कटौती का मुख्य कारण है। कई दिनों से लोगों को उससे भी राहत मिली। रात की अघोषित कटौती शाम 7:00 बजे रात 10:00 बजे ज्यादा तकलीफ दे थी। उसमें कुछ सुधार हुआ तो लोगों ने राहत की सांस ली।

# माहे रमजान की पहली अफ्तारी में जुटे छोटे बड़े

(आधुनिक समाचार सेव)
सरफराज अहमद

**फूलपुर।** रमजान पाक का मुबारक माह रविवार से शुरू हो गया। हर घर में रोजा खोलने हेतु गृहणिया इफ्तार पकवान बनाने में व्यस्त रही। शाम 6:22 पर इफ्तार हेतु मस्जिदों में जैसे ही अजान हुई। हर घर से लेकर मस्जिदों में रोजेदारों संग बच्चों ने भी इफ्तारी का आनंद लिया। 30 दिवसीय रमजान में मुस्लिम घरानों में इफ्तार से सेहरी तक तरह-तरह के पकवान बनाए जाते हैं। हर गरीब अमीर पर अल्लाह पाक की रहमत बरसती है। पूरे माह अच्छे भोजन व इफ्तार सामग्री नसीब होती है। बच्चों को दिनभर पकवानों का इंतजार रहता है। आज पहली अफ्तारी खाकर बच्चों में खुशी का ठिकाना ना रहा। घर से दूर मुंबई गये लोगों ने अपनी दुकान में ही बैठकर सभी के साथ इफ्तार कर अपना पहला रोजा मुकम्मल की।



# 4 अप्रैल को मण्डल आयुक्त करेंगे जनपद का भ्रमण

(आधुनिक समाचार सेवा)
डॉ0रणजीत सिंह

**प्रतापगढ़।** मण्डल आयुक्त प्रयागराज 4 अप्रैल को जनपद प्रतापगढ़ की विभिन्न योजनाओं/ परियोजनाओं का निरीक्षण करने हेतु आएंगे। वह में 10 बजे से 11 तक स्कूल चलो अभियान के तहत मुख्यमंत्री के संबोधन संबंधी कार्यक्रम में जिलाधिकारी के साथ प्रतिभाग करेंगे।11 बजे से 2बजे तक जिलाधिकारी द्वारा चिह्नित किसी तहसील का निरीक्षण करेंगे।2 बजे से 3 बजे तक वह आरक्षित रहेंगे।3 बजे से गौशालाओं का स्थलीय निरीक्षण, अस्पतालों/ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों का निरीक्षण,ग्रामीण पेयजल समूह योजनाओं का निरीक्षण तथा अन्य सरकारी योजनाओं/परियोजनाओं का निरीक्षण करने के बाद वह 5 बजे यहाँ से प्रस्थान करेंगे।

# शॉर्ट सर्किट से लगी आग ५ बकरियां मरी

(आधुनिक समाचार सेवा)
सरफराज अहमद

**फूलपुर।** कोतवाली अंतर्गत सौरहा गांव में बुधवार दोपहर शॉर्ट सर्किट से लगी आग से 5 बकरियां जिंदा जल गई। मिली जानकारी के अनुसार उक्त गांव निवासी मोहम्मद अमीन पुत्र स्वर्गीय मियादीन कि 5 बकरियां घर के एक छप्पर में बधी थी। घर पर शॉर्ट सर्किट से गिरी चिंगारी से छप्पर जलकर राख हुआ। जिसमें बधी 5 बकरियां भी बुरी तरह जल कर मर गई। आग की भयावहता से कोई बुझाने की हिम्मत नहीं कर सका। सूचना राजस्व विभाग के साथ-साथ पशुधन चिकित्सा अधिकारी को दी गई। उन्होंने मौके पर पहुंचकर सभी मृतक बकरियों का पोस्टमार्टम किया। घरवालों पर दुधारू कीमती बकरियों की मौत से दुखों का पहाड़ टूट पड़ा।



# पीडीए ने की बैठक 1 अप्रैल से गरजेगा बुलडोज़र

(आधुनिक समाचार सेवा)

**प्रयागराज।** शहर के आसपास के इलाकों में अवैध प्लॉटिंग पर पहली अप्रैल से लगातार कार्रवाई होगी। इस बार शहर पश्चिमी के साथ झूंसी, नैनी और फाफामऊ क्षेत्र में अवैध प्लॉटिंग पर बुलडोजर चलेगा।अवैध प्लॉटिंग और निर्माणों पर कार्रवाई के लिए प्रयागराज विकास प्राधिकरण के अधिकारियों ने की एक बैठक। जिसमें अधिकारियों ने इस बार शहर के आसपास हर हिस्से में कार्रवाई की योजना बनाई है। इसके अलावा पीडीए अपनी जमीन से भी अवैध कब्जे हटाएगा। अवैध प्लाटिंग और निर्माणों के खिलाफ पीडीए ने पिछले सोमवार से अभियान शुरू कर दिया। अधिकारियों ने बताया कि पुलिस प्रशासन ने ध्वस्तीकरण की तारीख के तीन दिन पहले सूचना देने के लिए कहा था। इसलिए एक अप्रैल से लगातार कार्रवाई की योजना बनाई गई। इसकी सूचना पुलिस को दी गई है।



# दिव्यांग जन सशक्तिकरण विभाग बचपन डे केयर सेंटर को मिला आईएसओ प्रमाण पत्र

(आधुनिक समाचार सेवा)

**प्रयागराज।** 29 मार्च 2022 : दिव्यांग जन सशक्तिकरण विभाग की ओर से संचालित बचपन डे केयर सेन्टर (प्री प्राथमिक) विद्यालय को आईएसओ 9001:2015 प्रमाण पत्र दिया गया। क्वालिटी मैनेजमेंट सिस्टम के अंतर्गत आई0सी0एल0 संस्था की ओर से यह प्रमाणपत्र विद्यालय में आईएसओ संबन्धित मानकों को पूरा करने के लिए दिया गया है। लखनऊ से आई जांचकर्ताओं की टीम ने विद्यालय का निरीक्षण कर के मानक के आधार पर विद्यालय में शिक्षा, स्वस्थ्य एवं सुरक्षा संबंधी मानकों को परखा। यहां 3-7 वर्ष के श्रवण दिव्यांग, दृष्टि दिव्यांग व बौद्धिक दिव्यांग बच्चों को निःशुल्क दी जा रही शिक्षण प्रशिक्षण की व्यवस्था ने टीम को प्रभावित किया। विद्यालय में निःशुल्क आवागमन के लिए मानक अनुरूप वाहन की व्यवस्था व स्पीच थेरेपी, फिजियोथेरेपी के क्षेत्र में विशेष अध्यापकों द्वारा किए जा रहे सकारात्मक प्रयास को जांचकर्ताओं



ने सराहा। इसके साथ ही विद्यालय में बच्चों के लिए प्रयोग हो रहे संगीत प्रशिक्षण के लिए आधुनिक उपकरण की उपलब्धता पर टीम ने तारीफ की। दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग की प्रयागराज मण्डल उपनिदेशक विनीता यादव व जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी नन्दकिशोर यागिक ने आई0एस0ओ0 प्रमाण पत्र प्राप्त करने पर बचपन डे केयर सेंटर के कार्यो की सराहना की। विनीता यादव ने कहा कि विभाग के इस सेंटर ने हमेशा विशेष उपलब्धियां अपने नाम किया है। यहाँ नियुक्त सभी शिक्षक-शिक्षिकाएँ एवं समन्वयक व प्रबन्धक की जितनी तारीफ कि जाए उतना कम है। नन्दकिशोर यागिक ने कहा कि प्रमाण पत्र प्राप्त करने में विशेष उपलब्धि समन्वयक चन्द्रभान द्विवेदी की रही है। जिसने शिक्षा के साथ-साथ विद्यालय परिसर में रखा हर बच्चे के स्वास्थ्य व सुरक्षा का रखा ख्याल। इसके साथ ही इस विशेष उपलब्धि में विद्यालय के शिक्षक संदीप शुक्ला, दिलीप कुमार पाण्डेय, महेश मिश्रा व शिक्षिका सविता जायसवाल, संजू कुशवाहा, की भूमिका सराहनीय है। साथ ही इस उपलब्धि में चतुर्थ श्रेणी कर्मी के पद पर नियुक्त बृजेश कुमार भारती, जितेन्द्र, सोनी, ज्योति व शैलेन्द्र दूबे का भी योगदान विशेष है।

**क्वालिटी मैनेजमेंट सिस्टम के अंतर्गत मानकों पर खरा उतरा विद्यालय प्री प्राथमिक इस विद्यालय ने विशेष उपलब्धियां अपने नाम की : उपनिदेशक हर बच्चे के स्वास्थ्य व सुरक्षा का रखा ख्याल : दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी**

# हर रविवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर लगेंगे आरोग्य मेले जिलाधिकारी

(आधुनिक समाचार सेवा)
डॉ0रणजीत सिंह

**प्रतापगढ़।** शासन के निर्देशानुसार जिलाधिकारी डॉ0नितिन बंसल ने मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया कि जनपद में हर रविवार को सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर मुख्यमंत्री आरोग्य मेले का आयोजन करायें। उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक लोगों को इसका लाभ दिलायें।इसके साथ ही मुख्य चिकित्साधिकारी अपने स्तर से समस्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों के प्रभारी चिकित्साधिकारी को निर्देशित करें कि वे अपने-अपने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर मुख्यमंत्री आरोग्य मेले का आयोजन करें और यदि इस कार्य में किसी भी प्रकार की शिथिलता एवं लापरवाही बरती जायेगी तो सम्बन्धित अधिकारी के विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी। यह योजना शासन की महत्वाकांक्षी योजना है।इसलिये स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी अपने अपने दायित्वों का शत् प्रतिशत निर्वहन करें।

# एमएलसी चुनाव: डीएम ने मेजा में पोलिंग बूथ का किया निरीक्षण, तैयारियों का लिया जायजा

(आधुनिक समाचार सेवा)
विलास गुप्ता

**प्रयागराज।** जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री ने गुरुवार को मेजा के मतदेय स्थल क्षेत्र पंचायत कार्यालय,उरुवा का निरीक्षण करते हुए क्षएम.एल.सी चुनाव की तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने बैरिकेटिंग, जनरेटर सहित महिलाओं के लिए मतदेय स्थल पर अलग से व्यवस्था कराये जाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने मतदान केन्द्र पर गर्मी के मौसम को देखते हुए पेयजल की उचित व्यवस्था रखने के लिए कहा। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मुख्य द्वार पर ही चेकिंग की व्यवस्था कराये जाने के निर्देश दिये है तथा वीडियोग्राफी कराऐ जाने के निर्देश दिये है। डीएम के निरीक्षण के दौरान एडीएम वित्त एवं राजस्व ,उपजिलाधिकारी मेजा विनोद कुमार पाण्डेय, थाना प्रभारी मेजा धीरेन्द्र सिंह सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।



# मुख्यमंत्री माटीकला रोजगार योजना का दिया जाएगा लाभ

(आधुनिक समाचार सेवा)
डॉ0रणजीत सिंह

**प्रतापगढ़।**जिला ग्रामोद्योग अधिकारी/जिला माटीकला अधिकारी विनोद कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि मिट्टी से निर्मित उत्पादों को बढ़ावा देने के लिये मुख्यमंत्री माटीकला रोजगार योजना संचालित की जा रही है। माटीकला को बढ़ावा देने हेतु वित्तीय वर्ष 2022-23 में जनपद को लक्ष्य प्राप्त हुआ है।योजनान्तर्गत अधिकतम 10 लाख रूपये तक का ऋण बैंकों के माध्यम से उपलब्ध कराये जाने का प्राविधान है जिसमें कार्यशील पूंजीमद की धनराशि को छोड़कर 25 प्रतिशत तक की धनराशि लाभार्थियों को मार्जिन मनी के रूप में अनुदान स्वरुप प्राप्त होगी। 18 से 55 वर्ष तक की आयु वर्ग के अभ्यर्थी/कारीगर जो माटीकला उद्योग की स्थापना करना चाहते है वे अपने आवेदन पत्र एवं मूल प्रपत्रों तथा छायाप्रति के साथ कार्यालय कार्य दिवस में दिनांक 25 अप्रैल 2022 तक जिला ग्रामोद्योग कार्यालय 119ए सिविल लाइन प्रतापगढ़ में जमा कर दें ताकि उद्योग की स्थापना हेतु चयन सम्बन्धी कार्यवाही पूर्ण की जा सके।

# हेमवती नंदन बहुगुणा राजकीय महाविद्यालय की स्किल डेवलपमेंट समिति ने छात्रों को तकनीकी रूप से दक्ष करने के उद्देश्य दिया

(आधुनिक समाचार सेव)

**प्रयागराज।** 7 अप्रैल 2022 को हेमवती नंदन बहुगुणा राजकीय महाविद्यालय की स्किल डेवलपमेंट समिति के तत्वावधान में हेमवती नंदन बहुगुणा राजकीय सनतकोत्तर महाविद्यालय नैनी प्रयागराज एवं राष्ट्रीय लघु उद्योग विकास निगम नैनी प्रयागराज के मध्य महाविद्यालय के छात्रों को तकनीकी रूप से दक्ष करने के उद्देश्य से महाविद्यालय की प्राचार्य डॉक्टर सुनंदा चतुर्वेदी एवं लघु उद्योग विकास निगम की प्रबंधक ज्योति निगोतिया के नेतृत्व में दोनों संस्थाओं के मध्य एक एम ओ यू हस्ताक्षरित किया गया। उक्त एम ओ य के अंतर्गत महाविद्यालय के प्राध्यापक भी आवश्यकता के आधार पर लघु उद्योग विकास निगम के प्रशिक्षुओं को अपने व्याख्यान से लाभान्वित करेंगे। उक्त अवसर पर राष्ट्रीय लघु उद्योग विकास निगम नैनी प्रयागराज के डिप्टी मैनेजर गौरव चतुर्वेदी एवं महाविद्यालय समिति की संयोजिका डॉ सुवर्णा सरकार एवं सदस्य डॉ अनुभा, डॉ जयराम,डॉ इंदु प्रकाश सिंह, डॉ हरीश कुमार वर्मा ,डॉ मंजरी मिश्रा, डॉ स्मिता पाल आदि अध्यापक उपस्थित रहे उक्त जानकारी मीडिया प्रकोष्ठ डॉ भास्कर शुक्ल एवं डॉ अमित कुमार मिश्र द्वारा प्रदान की गई।



# रमजान, नवरात्र एमएलसी चुनाव सकुशल संपन्न कराने हेतु रूट मार्च

(आधुनिक समाचार सेवा)
सरफराज अहमद

**फूलपुर।**मौजूदा त्यौहार रमजान, नवरात्रि तथा आगामी एमएलसी चुनाव सकुशल संपन्न कराने हेतु फूलपुर पुलिस के थाना प्रभारी एवं पुलिस बल के साथ आर ए एफ के जवानों का संयुक्त रूट मार्च नगर पंचायत के थाना मोड़ बस स्टॉप,



शेषपुर, लोचन गंज, दुनिया गंज, फरीदाबाद, पूरे अच्छई, पुलिस चौकी, कोडापुर, मैलहन बाजार तक 2 घंटे 4 से 6 बजें तक किया गया। मकसद था लोगों में पुलिस की सक्रियता का विश्वास और प्रभाव रहे। लोग अपना अपना त्यौहार शांतिपूर्ण माहौल में मनाए। फूलपुर पुलिस सहयोग हेतु राउंड द क्लाक तत्पर है। साथ में अमित कुमार राय, विनय कुमार मिश्रा, माजिद खान, जय कुमार प्रसाद यादव, सुनील मिश्रा तथा आर ए एफ प्लाटून कमांडर उपस्थित रहे।

# राजातालाब तहसील पर छेड़खानी व मारपीट को लेकर महिला अधिवक्ताओं ने धरना पर बैठी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सर्वेश कुमार यश**

**रोहनिया (वाराणसी)।** तहसील राजातालाब में गुरुवार को महिला अधिवक्ता के भाई ने बहन के साथ छेड़खानी करने और असलहा सटाकर धमकी दिए जाने तथा मारपीट किए जाने का आरोप लगाया। घटना को लेकर अधिवक्ता ने राजातालाब पुलिस को तहरीर देकर रिपोट दर्ज करने की मांग की है।दूसरी ओर महिला अधिवक्ता अपने साथियों के साथ राजातालाब तहसील परिसर में धरने पर बैठ गई। तहसील के अन्य अधिवक्ताओं द्वारा विरोध करने पर हमलावर मौके से भाग निकले। घटना के बाद अधिवक्ता दिव्य सिंह की बहन ज्योति व अन्य अधिवक्ता आक्रोशित होकर एसडीएम न्यायालय के सामने धरने पर बैठ गए। अधिवक्ताओं के आक्रोश के चलते उप जिलाधिकारी राजातालाब अपना सरकारी वाहन परिसर से नहीं निकाल सके वह दूसरे वाहन से तहसील से चले गए। देर शाम तक अधिवक्ता तहसील परिसर में धरने पर बैठे हुए थे।घटना को जब तहसील के अधिवक्ताओं ने सीसीटीवी में देखना चाहा तो पता चला कि तहसील की सीसीटीवी ही खराब पड़ी है। अधिवक्ताओं का आरोप था कितहसील के अधिकारियों के निष्क्रियता के चलते इस तरह की घटना घटित हुई है। दूसरी ओर अधिवक्ता दिव्य सिंह ने अपने ही गांव बिशनपुर थाना लोहता के चार नामजद और दो अज्ञात लोगों के खिलाफ राजातालाब थाने में तहरीर दिया है।बताया जाता है कि दोनों पक्ष के लोग किसी मामले को लेकर यहां पैरवी करने के लिए आए थे। धरने पर बैठे अधिवक्ताओं ने मनबढ़ों की गिरफ्तारी होने तक धरने पर बैठे रहने की बात कही है।अधिवक्ताओ का धरना-प्रदर्शन जारी रहा। अधिवक्ताओ के आगे नतमस्तक हुए एसडीएम व तहसीलदार ,तहसील परिसर में गाड़ी छोड़ प्राइवेट वाहन से अपने आवास चले गये। धरने पर बैठने वालों में पीडित अधिवक्ता के साथ प्रिया,लक्ष्मी सिंह, ज्योति सिंह, सोमनाथ, आनंदपाल, रंजीत मिश्रा आदि रहे।



# विधायक पिण्डरा के नेतृत्व में नेपाल के प्रधानमंत्री का भब्य स्वागत..................

**(आधुनिक समाचार सेव)**
**देवभूषण कन्नौजिया**

**वाराणसी ।** नेपाल के प्रधानमंत्री श्री शेरबहादुर देउबा जी के काशी आगमन पर लालबहादुर शास्त्री एयरपोर्ट बाबतपुर में पिण्डरा विधायक डॉ. अवधेश सिंह के नेतृत्व में ढ़ोल-नगाड़ो को बजाकर एवं पुष्पवर्षा कर भब्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर उपस्थित सैकड़ो की संख्या में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओ, पदाधिकारीओ में उत्साह का माहौल रहा। जैसे ही काफिला कार्यकर्ताओ के बीच से गुजरा भाजपा कार्यकर्ताओ द्वारा हर हर महादेव के उदघोष के साथ नेपाल के प्रधानमंत्री शेरबहादुर देउबा एवं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का स्वागत किया गया। उपस्थित जिलाउपाध्यक्ष पवन सिंह, जिलामहामंत्री डॉ. जे पी दुबे,प्रदीप सिंह इलाका, मण्डल अध्यक्ष सिंधोरा सर्मेश सिंह, पिण्डरा मनीष पाठक, कठिरांव अजय पटेल जी,जिलापंचायत सदस्य अरुण सिंह बिनने,संतोष सिंह मंगारी,दीपक सिंह, संदीप सिंह, झगड़ू मिश्रा, फौजदार, संजय, प्रशांत सिंह,राजू सिंह, डब्बा सिंह,दिनेश सिंह नेवादा,संदीप राय, डॉ. शिवा,मनीष सिंह,देवप्रकाश दुबे, फैजान शेख,अवधेश माली,अतुल रावत बेलवाँ सहित कार्यकर्ता व गणमान्य रहे।



# महंगाई के खिलाफ मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी ने जुलूस के साथ किया धरना प्रदर्शन

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सर्वेश यादव**

**रोहनिया (वाराणसी)।** राजातालाब तहसील पर शनिवार को दोपहर में कामरेड डॉ श्याम लाल मौर्या की अध्यक्षता में भारत की मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के तहसील कमेटी राजातालाब द्वारा महंगाई के खिलाफ जुलूस तथा धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया। विधानसभा चुनाव के पश्चात डीजल,पेट्रोल और रसोई गैस के दामों में जबरदस्त बढ़ोतरी से हुई महंगाई को लेकर भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी तहसील कमेटी राजातालाब द्वारा महंगाई के खिलाफ राजातालाब बाजार से जुलूस निकालकर नारेबाजी करते हुए राजातालाब तहसील पर पहुंचकर धरना पर बैठ गये। धरना के दौरान तहसील कमेटी राजातालाब के मंत्री लालमणि वर्मा ने कहा कि देश के जनता के किसी वर्ग की कमाई में कोई बढ़ोतरी नहीं हुई है आज रोज कमाने खाने वाले जनता के सामने भोजन के लिए बहुत जबरदस्त संकट पैदा हो गया है।जिसके दौरान रसोई गैस,डीजल,पेट्रोल के दाम आधा किए जाय तथा डीजल पेट्रोल के दामों में प्रतिदिन बढ़ोतरी रोकी जाय व किसानों को डीजल आधे दाम पर दिया जाय इन तीन सूत्री मांग पत्र को राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के नाम तहसीलदार राजातालाब श्याम कुमार को सौंपा। कार्यक्रम का संचालन कामरेड लालमणि वर्मा ने किय इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से का.लालमणि वर्मा,शिव शंकर शास्त्री,रामचंद्र शास्त्री, रामभरोस,श्यामलाल मौर्य, सियाराम यादव, कमला प्रसाद ,दूधनाथ, रामगोपाल, बेचन प्रसाद, मुन्नीलाल, मुरलीधर, रमाशंकर, सागर प्रसाद,सोहनलाल, विवेक मनोज इत्यादि कामरेड लोग शामिल रहे।




# भेलूपुर थाना क्षेत्र के रविंद्रपुरी कालोनी में संदिग्ध परिस्थिति में मिला युवक का शव

**(आधुनिक समाचार सेव)**
**देवभूषण कन्नौजिया**

**वाराणसी।** भेलूपुर थाना क्षेत्र के रविंद्रपुरी कालोनी स्थित पद्मश्री चौराहे के पास संदिग्ध परिस्थितियों में अनिल पटेल नामक युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। शव मिलने से मौके पर काफी भीड़ इकट्ठा हो गई थी। जिसके बाद स्थानीय लोगो ने पुलिस को 112 नंबर पर सूचना देकर बुलाया। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटनास्थल पर पहुंचे युवक के पिता हनुमान पटेल ने बताया कि अनिल पटेल शराब का आदी था अनिल पटेल लंका स्थित बैंक ऑफ द बड़ौदा के पास गली में रहता था। भेलूपुर पुलिस का कहना कि युवक शराब आदि था और आए दिन शराब पीकर घूमता रहता था युवक का शव रविंद्रपुरी स्थित पदम श्री चौराहे के पास पढ़ा हुआ था सूचना के बाद पहुंची पुलिस व फॉरेंसिक टीम जांच पड़ताल में जुटी है।

# कैंसर होने के दो साल पहले ही पता लगा लेगा एम्स, रोग होने से पहले ही शुरू होगा इलाज

**गोरखपुर।** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) ने रोगों की पहचान, उनका भविष्य व उपचार की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया है। अब यहां कैंसर समेत अनेक गंभीर रोगों के शुरू होने के दो साल पहले ही उनके बारे में पता लगा लिया जाएगा। यह संभव हो सकेगा मालीक्यूलर बायोलाजी लैब से। इस लैब का उद्घाटन कार्यकारी निदेशक डा. सुरेखा किशोर ने बुधवार को किया। बायो केमेस्ट्री विभाग में स्थापित इस लैब में जीन की जांच होगी और विभिनन्रोगों पर शोध किए जाएंगे। पहला शोध चेहरे पर पड़ने वाली छाई के कारणों पर शुरू कर दिया गया है। इसकी जिम्मेदारी डर्मेटोलाजी विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डा. सुनील कुमार गुप्ता को दी गई है। इस शोध के लिए 76 लाख रुपये स्वीकृत किए गए हैं। डा. सुरेखा किशोर ने कहा कि मालीक्यूलर बायोलाजी लैब शोध के लिए सबसे उत्तम लैब है। इसके माध्यम से शोध के अलावा उपचार की प्लानिंग भी की जाएगी। इससे डायगनेसिस (रोग के कारणों की जांच), प्रागनेसिस (रोग की दशा व भविष्य) व ट्रीटमेंट (किस हद तक उपचार हो सकता है) का पता चल सकेगा। इस लैब में जीन सिक्वेंसर मशीन लग जाने से यहां जीनोम सिक्वेंसिंग भी हो सकेगी। उम्मीद की जाती है कि शीघ्र ही यह मशीन भी लग जाएगी। बायो केमेस्ट्री विभाग के कार्यकारी अध्यक्ष डा. हरिशंकर जोशी ने कहा कि इस लैब के जरिये अपरिचित शारीरिक परिवर्तनों का पता लगाया जा सकेगा और बीमारी होने से पूर्व उसका प्रबंधन भी सुनिश्चित किया जा सकेगा। जैसे किसी को दो साल बाद कैंसर होने वाला है तो जीन की जांच में यह बात सामने आ जाएगी।

# जौनपुर में स्कूली बच्चों से भरी वैन पलटी, हादसे में घायल पांच बच्चों को अस्पताल में भर्ती कराया गया

**जौनपुर।** जिले में शुक्रवार की सुबह बच्चों से भरी एक स्कूली वैन सड़क के किनारे पलट जाने से उसमें मौजूद कई बच्चे घायल हो गए। वहीं हादसे की जानकारी होने के बाद अभिभावक भी आनन फानन पहुंचे और बच्चों का हाल जाना। स्थानीय लोगों के अनुसार वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया और मौके पर हादसा होने के बाद काफी देर तक बच्चों की चीख पुकार मची रही। हादसे की जानकारी होने के बाद मौके पर थाना पुलिस की टीम भी पहुंची और हादसे की जानकारी लेने के साथ ही बच्चों को अस्पताल में भर्ती भी कराया। वहीं अस्पताल में बच्चों की चीख पुकार भी काफी देर तक मची रही। गौराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के राजेपुर स्थित टीडीएमसी पब्लिक स्कूल की एक वैन शुक्रवार की सुबह साढ़े सात बजे धर्मापुर क्षेत्र में अनियंत्रित होने के बाद सड़क के किनारे बुरी तरह से पलट गई। इस हादसे के दौरान स्कूल वैन में सवार रहे 15 बच्चों में से पांच छात्र बुरी तरह से घायल हो गए। हादसे के बाद ग्रामीणों की मदद से एंबुलेंस से घायल बच्चों को चोरसंड सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया जहां बच्चों का समय से इलाज शुरू कराया गया। स्थानीय लोगों के अनुसार धर्मापुर से स्कूली वैन में बच्चों को भरकर पीले रंग की वैन स्कूल की तरफ ही जा रही थी। स्कूली वैन सुबह करीब साढ़े सात बजे धर्मापुर के करीब पहुंची पहुंची ही थी कि अनियंत्रित होकर अचानक पलट गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार स्कूल वैन में दो शिक्षिकाएं भी बैठी थीं। चालक वाहन चलाते समय मोबाइल पर लगातार बात कर रहा था और वैन की गति भी सामान्य से काफी तेज थी। स्कूल वैन पलटने की इस घटना में अभिनव, शिवांगी, प्रांजल, अंश और रियल को मामूली चोट आई है। वहीं हादसा होने के बाद बच्चों के अभिभावक घटना की सूचना पर मौके पर पहुंच गए।

# दिव्यांगों के लिए कार्य करने वाले व्यक्ति/संस्थायें पाएंगी राष्ट्रीय पुरस्कार

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**डॉ0रणजीत सिंह**

**प्रतापगढ़।**जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी राम प्रकाश सिंह ने बताया कि भारत सरकार सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग नई दिल्ली द्वारा दिव्यांगों हेतु कार्य करने वाले व्यक्तियों एवं संस्थाओं को राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। प्रत्येक वर्ष विश्व दिव्यांग दिवस 03 दिसम्बर को दिव्यांगता के क्षेत्र में उत्कृष्ठ कार्य करने वाले व्यक्तियों/संस्थाओं को विभिन्न श्रेणी के राष्ट्रीय पुरस्कार दिये जाते हैं। जनपदों से राष्ट्रीय पुरस्कार हेतु आवेदन पत्र विभाग द्वारा भारत सरकार को प्रेषित किया जाता है।इस पुरस्कार की श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ दिव्यांगजन कर्मचारी/सर्वनियोजित, सर्वश्रेष्ठ नियोक्ताओं तथा स्थानीय अधिकारी या एजेन्सी दिव्यांगजन व्यक्तियों के निमित्त सर्वश्रेष्ठ व्यक्ति तथा संस्था अनुप्रयुक्त अनुसंधान दिव्यांगजन के निमित्त कार्यरत सर्वश्रेष्ठ व्यक्ति तथा संस्था, प्रेरणाश्रोत, दिव्यांगजन के जीवन के सुधारने के निमित्त सर्वश्रेष्ठ नवीन अनुसंधान या उत्पाद विकास दिव्यांगजन हेतु बाधा मुक्त वातावरण के सर्जन हेतु सर्वश्रेष्ठ कार्य, दिव्यांगजन को पुर्नवास सेवायें प्रदान करने में सर्वश्रेष्ठ कार्य, सर्वश्रेष्ठ सर्जनशील दिव्यांग वयस्क व्यक्तियों एवं बालक एवं बालिकायें सर्वश्रेष्ठ, ब्रेलप्रेस, दिव्यांगजन सर्वोत्तम अनुकूल व्यावसायिक, सर्वश्रेष्ठ दिव्यांग खिलाड़ियों, दिव्यांगजन के सशक्तीकरण हेतु कार्यरत अधिकारी/कर्मचारी को राष्ट्रीय पुरस्कार दिया जायेगा। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्बन्धित विस्तृत जानकारी तथा आवेदन पत्रों का प्रारूप भारत सरकार एवं सामाजिक न्याय अधिकारिता मंत्रालय, दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग नई दिल्ली की वेबसाइट से प्राप्त की जा सकती है। इच्छुक दिव्यांगजन एवं दिव्यांगता के क्षेत्र में कार्य करने वाली संस्था अपना प्रस्ताव तैयार कर 01 जुलाई 2022 यथाशीघ्र कार्यालय में उपलब्ध करायें ताकि नियमानुसार अग्रेतर कार्यवाही की जा सके।

# विकास और योजनाओं का सच जानने लेदौरा पहुंचे डीएम

**अहरौला (आजमगढ़)।** विकास और योजनाओं के क्रियान्वयन का सच जानने निकले जिलाधिकारी अमृत त्रिपाठी बुधवार की शाम अहरौला ब्लाक के लेदौरा गांव पहुंच गए। गांव के बाहर ही गाड़ी खड़ी कर गांव के अंदर दाखिल हुए तो पहले लोग समझ ही नहीं पाए कि डीएम गांव में आए हैं। उन्होंने गांव में साफ-सफाई के साथ अधूरे आवास और शौचालय का निर्माण पूरा कराने का निर्देश दिया। एक महिला ने शिकायत की कि साहब आवास तो मिल गया, लेकिन वहां तक पहुंचने का रास्ता नहीं है। इस पर डीएम ने अधिकारियों से कहा कि अगर कागज में रास्ता है, उसका निर्माण होना चाहिए। अगर उस पर किसी का घर भी बना हो तो उसे हटा दिया जाए। जिलाधिकारी ने बीडीओ विनोद कुमार बिद और ग्राम पंचायत अधिकारी सौरव भारती को निर्देश दिया कि कहीं भी नाली खुली नहीं रहनी चाहिए। सभी नालियों को जोड़कर किसी पोखरे में मिलाया जाए। ग्राम विकास अधिकारी से कहा अपनी मर्जी से सही रूप से विकास करो और किसी भी अधिकारी द्वारा अगर शोषण किया जा रहा है तो उसकी शिकायत मुझसे आकर करो। पार्वती देवी ने शिकायत की कि आवास नहीं मिला है। इस पर ग्राम प्रधानपति चंद्रजीत निषाद ने कहा कि इनके पास पक्का मकान है। दो अधूरे आवासों को देख कहा कि जिन लोगों ने आवास का पैसा लेकर समय के अंदर आवास नहीं बनवाया उनके खिलाफ कार्रवाई की जाए। आवास निरस्त करके इनकी जगह पर प्रतीक्षा सूची में पहले से ही अंकित लाभार्थी को आवास दिया जाए। ऐसे लोगों को दिए गए धन की रिकवरी की जाए। नायब तहसीलदार धर्मेंद्र कुमार सिंह से कहा कि सभी छोटे-बड़े पोखरों को कब्जा मुक्त कराया जाए। निरीक्षण के दौरान बीडीओ विनोद कुमार बिद, एडीओ पंचायत अमरजीत सिंह, विभूति सिंह आदि उपस्थित रहे।



# आजमगढ़ में युवक ने जीजा को बनाया साला

**आजमगढ़।** जिले में ऐसी बदले की घटना सामने आई है कि पुलिस के सामने भी कार्रवाई को लेकर असमंजस की स्थिति पेश आ गई है। दरअसल, पहले बिहार निवासी एक युवक की बहन को दूसरा युवक भगा ले गया और गपुचुप शादी कर ली। इस बात को भाई किसी तरह पचा ले गया। इस मामले की कहीं भी शिकायत और कार्रवाई नहीं की। लेकिन, कुछ दिनों के बाद अपने जीजा की बहन को वह बदले में भगा ले गया और अब जीजा की तिलमिलाहट कुछ यों है कि वह अपनी बहन को वापस लाने के लिए थाने से लेकर हर चौखट पर बौखलाया कार्रवाई करने के लिए घूम रहा है। पूरा मामला आजमगढ़ में रानी की सराय कस्बे का है।

# वाराणसी में असलहा सटाकर पेट्रोल पंप के सेल्समैन से 70 हजार की लूट सीसीटीवी में कैद हुई घटना

## नकाबपोश बदमाशों ने पेट्रोल पंप के सेल्समैन से तमंचे के बल पर 70 हजार रुपया लूट कर हुए फरार

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**देवभूषण कन्नौजिया**

**वाराणसी।** मिर्जामुराद क्षेत्र के भीखीपुर गांव स्थित पेट्रोल पंप पर बुधवार की रात नकाबपोश बाइक सवार बदमाशों ने तमंचे के बल पर सेल्समैन से 70 हजार रुपये लूट कर फरार हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने बदमाशों को पकड़ने के लिए पुलिस काफी हाथ पांव मारा लेकिन वो गिरफ्त में नहीं आ सके। बदमाशों द्वारा अंजाम दिए गए घटनाक्रम पेट्रोल टंकी पर लगे सीसी कैमरा में कैद हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार मिर्जामुराद गांव निवासी सेल्समैन सुभाष चंद्र बोस रोज की तरह बुधवार की रात ट्रकों में तेल भर बिक्री का 70 हजार जेब में रखकर खड़ा था। इसी दौरान दो बाइक से पांच नकाबपोश बदमाश सेल्समैन के पास पहुंचे। उसे असलहा से आतंकित कर रुपये लूट लिए। उसके बाद हाइवे की तरफ भाग निकले। भुक्तभोगी इसकी सूचना पंप मैनेजर वरुण मिश्रा को दिया। मैनेजर के सूचना पर पहुंची मिर्जामुराद पुलिस बदमाशों को पकड़ने के लिए सक्रिय हुई। लेकिन बदमाश आंख से ओझल हो गये।

# आधुनिक शिक्षा के लिए मदरसों में एप से होगी पढ़ाई स्वतंत्रता सेनानियों के बारे में जानेंगे बच्चे-राज्यमंत्री दानिश

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**शीतल निर्भीक**

**बलिया।उत्तर**-प्रदेश सरकार के अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री दानिश आजाद अंसारी ने अपने गृह जनपद बलिया मे भ्रमण के दौरान मीडिया से कहा है कि आधुनिक शिक्षा के लिए मदरसा पाठ्यक्रम आधारित मोबाइल एप विकसित किया जाएगा। साथ ही मदरसों में महापुरुषों तथा स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की जीवन गाथा भी पढ़ाई जाएगी। उनके मुताबिक,इसे लेकर शासन स्तर पर कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने ने बलिया में पत्रकारों से बातचीत में दानिश आजाद अंसारी ने यह जानकारी दी कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा कैबिनेट बैठक में बलिया के विकास पर भी चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि बलिया के सरयू नदी के तट पर स्पर निर्माण कार्य, सिताबदियारा, इब्राहिमाबाद आदि की सुरक्षा के लिए रिंग बंधे के निर्माण की परियोजना पूर्ण कराएगी। इस दौरान उन्होंने बलिया के बैरिया तटबंधे की मरम्मत का कार्य,बलिया लिंक एक्सप्रेस-वे का कार्य प्रारम्भ किया जाएगा। मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार परियोजना में लागत को 25 लाख से बढ़ाकर एक करोड़ किया जाएगा। प्रदेश सरकार में अल्पसंख्यकों के लिए प्रधानमंत्री जन विकास कार्य के अंतर्गत पेयजल सुविधाओं के विकास के दृष्टिकोण से पेयजल योजना की समस्या को दूर करने के लिए प्रतिबद्ध है।



# प्राथमिक उपचार देकर एनडीआरएफ ने बचाई युवक की जान

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**देवभूषण कन्नौजिया**

**वाराणसी ।** वाराणसी में बाबा काशी विश्वनाथ के दर्शन व गंगाजी में सनन करने रीवा मध्य प्रदेश से आए परिवार का एक युवक दशाश्वमेध घाट के नज़दीक देर रात गंगाजी में सनन के दौरान गहरे पानी में चला गया, जिसे नांव पर मौजूद मल्लाहों ने बाहर निकाला । लेकिन ज्यादा पानी शरीर में चले जाने के कारण युवक बेहोश हो गया और अचेत अवस्था में होने के कारण कोई प्रतिक्रिया नहीं कर पा रहा था । घटना की सूचना जैसे ही दशाश्वमेध घाट पर मौजूद एनडीआरएफ टीम को मिली, टीम ने त्वरित कार्यवाही करते हुए घटना स्थल पर युवक के शरीर से पानी निकालने के लिए विशेष बचाव तकनीकों का इस्तेमाल कर प्राथमिक उपचार दिया । जिसके परिणाम स्वरुप युवक होश में आया । उसके उपरांत एनडीआरएफ टीम द्वारा उसे पास के मारवाड़ी अस्पताल ले जाया गया । जहां डॉक्टर द्वारा उपचार दिए जाने के बाद उसे खतरे से बाहर घोषित कर दिया गया और उसके परिवार को सौंप दिया गया । इस पूरे घटना क्रम में युवक, नाम गोविंद नारायण मिश्रा के परिवार जन बच्चे को खोने के डर से बहुत विक्षिप्त और विचलित थे । गोविंद के सही सलामत और स्वस्थ लौटने पर परिवारजनों ने एनडीआरएफ टीम के बचावकमिन्यों का आभार और धन्यवाद व्यक्त किया ज्ञातव्य है कि कमान्डेंट श्री मनोज कुमार शर्मा के निर्देशन में 11 एनडीआरएफ वाराणसी की टीमें मानव सेवा में कृत संकल्प हैं और सदैव अग्रणी रहती हैं ।

## सम्पादकीय

# कर्ज लेकर घी पीने वाली प्रवृत्ति से देश के कई प्रदेश बर्बादी की कगार पर खड़े

प्राचीन भारतीय दार्शनिक चार्वाक का एक दर्शन सूत्र है, जिसका उल्लेख बहुतायत भारतीय गाहे-बगाहे करते ही रहते हैं या सुना तो लगभग सबने होगा। यावज्जीवेत सुखं जीवेद ऋणं कृत्वा घृतं पिवेत, भस्मीभूतस्य देहस्य पुनरागमनं कुतः। यानी एक बार मृत्यु हो गई तो श्मशान में जलकर राख ही हो जाना है तो जब तक जियो सुख से जियो, ऋण लेकर घी पियो। अब चार्वाक का यह दर्शन व्यक्ति के तौर पर हो सकता है कि बहुत से लोगों के लिए प्रेरक हो जाए, लेकिन किसी समाज या राष्ट्र के लिए यह दर्शन कतई प्रेरक नहीं हो सकता, क्योंकि समाज या राष्ट्र की आयु नहीं होती। प्रधानमंत्री के साथ देश की अलग- अलग योजनाओं पर चर्चा, समीक्षा, सुधार की बैठक में करीब दो दर्जन सचिवों ने कहा कि कर्ज लेकर घी पीने वाली प्रवृत्ति से देश के कई प्रदेश बर्बादी की कगार पर खड़े हैं। देश के वरिष्ठ सचिवों की राज्यों की बिगड़ती आर्थिक स्थिति पर व्यक्त की गई चिंता यूं ही नहीं है। उत्तर प्रदेश में कांग्रेस कहीं किसी लड़ाई में दूर दूर तक नहीं थी, लेकिन ढेर सारी नौकरियों से शुरुआत करके मुफ्त स्कूटी, बिजली और ढेर सारे लुभावने वादों का दिवास्वप्न दिखाने में प्रियंका गांधी वाड्रा की अगुआई में कांग्रेस पीछे नहीं रही। कमाल की बात यह भी थी कि यही कांग्रेस पार्टी पंजाब में आम आदमी पार्टी से पूछ रही थी कि महिलाओं को हर महीने एक हजार रुपये देने के लिए और तीन सौ यूनिट मुफ्त बिजली देने के लिए रकम कहां से लाएगी। गोवा में ममता बनर्जी की अगुआई वाली तृणमूल कांग्रेस भी किसी लड़ाई में भले नहीं थी, लेकिन चुनाव के समय भला कौन किसी पार्टी की दावेदारी खारिज कर सकता है। इस बीच पंजाब में आम आदमी पार्टी सरकार में आ गई। सरकार आई तो लगा कि सरकार में आने के लिए अपने वादों को मुख्यमंत्री भगवंत मान पूरा करेंगे, लेकिन वादों को पूरा करने के बजाय भगवंत मान दिल्ली आए और प्रधानमंत्री से मुलाकात में राज्य के लिए अगले दो वर्षों तक 50 हजार करोड़ रुपये प्रतिवर्ष की मांग कर डाली। जबकि चुनावों के दौरान भगवंत मान बार-बार यही कह रहे थे कि राज्य में पैसे की कमी नहीं है, बस माफियाओं के खजाने का मुंह सरकारी खजाने की ओर मोड?ा है। अरविंद केजरीवाल और भगवंत मान को दूसरे नेता बार-बार यदा दिला रहे थे कि कर्ज के मामले में पंजाब के हालात देश में सबसे ऊपर है। कर्ज और राज्य के सकल घरेलू उत्पाद के अनुपात के मामले में सबसे खराब हालात पंजाब के हैं। राज्य में कर्ज और सकल घरेलू उत्पाद का अनुपात 53.3 प्रतिशत है। इसके बाद राजस्थान 39.8, बंगाल 38.8, केरल 38.3 और आंध्र प्रदेश का अनुपात 37.7 प्रतिशत है। राज्य की इतनी खराब आर्थिक स्थिति होने के बावजूद आम आदमी पार्टी ने माले मुफ्त दिले बेरहम वाली राजनीति ही की। पंजाब ही नहीं, कर्ज में डूबे कई अन्य राज्य जैसे राजस्थान, बंगाल, केरल और आंध्र प्रदेश केंद्र से मिल रहे अनुदान के ही भरोसे चल पा रहे हैं। कमाल की बात यह भी है कि वायरस के संकट काल में भी राज्य अपनी आर्थिक संरचना दुरुस्त करने को तैयार नहीं हैं। केरल में एक अनोखा मामला सामने आया कि केरल की वामपंथी सरकार अपने कैडर को पीए, पीएम जैसी नियुक्ति पर दो साल के लिए रखती है और फिर उन्हें पेंशन का हकदार बनाकर त्यागपत्र दिलाकर पार्टी के लिए काम करने पर लगा देती है। केरल के राज्यपाल मोहम्मद आरिफ खान नहीं होते तो शायद यह देश के सामने आ ही नहीं पाता। कोरोनाकाल में देश के 31 में से 21 प्रदेशों का कर्ज और घरेलू उत्पाद का अनुपात आधा प्रतिशत से सात प्रतिशत से अधिक बढ़ा है। यह चिंताजनक स्थिति है, जिसकी बात देश के वरिष्ठ सचिवों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से की। यह अच्छी बात है कि देश के प्रमुख औद्योगिक राज्यों में शामिल महाराष्ट्र और गुजरात ने कर्ज और राज्य के सकल घरेलू उत्पाद का अनुपात संभाल रखा है। महाराष्ट्र 20 प्रतिशत और गुजरात 23 प्रतिशत अनुपात के साथ एन के सिंह की अगुआई वाली राजकोषीय उत्तरदायित्व और बजट प्रबंधन अधिनियम समिति की शर्तों के लिहाज से आर्थिक संरचना दुरुस्त कर रखी है। राजकोषीय घाटे के प्रबंधन और उसमें पारदर्शिता के लिए इसे 2003 में लाया गया था, लेकिन तय अवधि के लक्ष्य न तय कर पाने से इसका कोई लाभ नहीं हुआ। वर्ष 2016 में एनके सिंह की अगुआई में समीक्षा की गई कि तय किए गए लक्ष्य प्राप्त करने योग्य हैं या नहीं। वर्ष 2021 में इस समिति ने लक्ष्य भी निर्धारित कर दिए हैं। ऐसे में जब राज्य आर्थिक संरचना दुरुस्त करने के बजाय माले मुफ्त दिले बेरहम वाले अंदाज में अनाप शनाप मुफ्त की घोषणा करते है तो आर्थिक व्यवस्था के लिहाज से बिगड़ते हालात को दुरुस्त करना दूभर होने लगता है। लोकलुभावन घोषणाओं के जरिये चुनाव जीतने की एक कोशिश कृषि कर्जमाफी और सब्सिडी के जरिये भी होती थी। वर्ष 2008 के बजट में तत्कालीन यूपीए सरकार के वित्त मंत्री पी चिदंबरम ने कृषि कर्ज माफी का सबसे बड़ा एलान किया। बजट के बाद वित्त मंत्री लगभग सभी टीवी चैनलों को साक्षात्कार देकर बजट के बारे में बताते हैं। उस समय देश के सबसे बड़े मीडिया घराने में से एक के संस्थापक पत्रकार को तब के वित्त मंत्री पी चिदंबरम का साक्षात्कार करने का अवसर मिला। बिजनेस टेलीविजन के सबसे बड़े पत्रकार टीवी चैनलों के समूह के मालिक होने के बाद से वर्ष में बजट के बाद एक ही साक्षात्कार वित्त मंत्री का किया करते थे। 28 फरवरी 2008 के बजट के बाद पी चिदंबरम का साक्षात्कार उस मीडिया समूह के हिंदी बिजनेस चैनल पर लाइव चल रहा था। साक्षात्कार शुरू ही हुआ था कि अचानक पी चिदंबरम ने माइक निकाल दिया और उठकर खड़े हो गए।

# पुराना कानून बनाम नया बिल, डिजिटल शक्तियों से कसेगा कानून का फंदा

किसी भी देश और समाज में शांति व्यवस्था बनाए रखने की सर्वाधिक आवश्यक शर्त यह है कि अपराधों पर अंकुश लगाया जाए। इसके लिए कानून का सहारा लिया जाता है। कानून तोड? वालों और असामाजिक तत्वों की पहचान और धरपकड़ करते हुए उन्हें समुचित दंड दिया जाता है। इस संबंध में सामान्य अनुभव यह है कि कानून तोड? वाले, कानून बनाने वालों से दो कदम आगे ही रहते हैं। इतना ही नहीं, जब भी कोई नई कानूनी व्यवस्था बनाई जाती है तो वे (कानून-भंजक) उसका कोई न कोई तोड़ अवश्य निकाल लेते हैं। ऐसे में नई तकनीकों ने काफी हद तक बदलाव किया है। हाल के दशकों में तकनीक पर हमारी निर्भरता और तकनीक में रह गए छल-छिद्रों ने अपराधी मंसूबे वाले तत्वों को अपराध करने के दो हाथ और दे दिए हैं। ऐसा इसलिए भी हुआ कि एक ओर कानून लागू करने वाला तंत्र तकनीकी बदलावों के साथ तालमेल बिठाने में सुस्त साबित हुआ, जबकि अपराधियों ने खुद को तकनीकी दक्षता से लैस कर लिया। इसके अलावा, एक बड़ी समस्या अपराध नियंत्रण संबंधी हमारे कानूनी प्रविधानों के सौ साल से ज्यादा पुराना हो जाने की है। इधर केंद्र सरकार ने लोकसभा में जो आपराधिक प्रक्रिया (पहचान) विधेयक, 2022 (क्रिमिनल प्रोसिजर आइडेंटिफिकेशन बिल, 2022) पारित कराया है, उसे वास्तविकताओं से तालमेल बिठाने की कोशिश कहा जा सकता है। हालांकि देश के अनेक विपक्षी दलों को इसे लेकर अपने ऐतराज हैं। इसमें विरोध के कुछ बिंदु भी हैं। परंतु वर्तमान आवश्यकताओं को देखते हुए इसे ऐसी कोशिश माना जा सकता है जिससे अपराधों पर लगाम लगाने में काफी मदद मिल सकती है। तकनीकी तौर पर मुकम्मल : क्रिमिनल प्रोसिजर (आइडेंटिफिकेशन) बिल, 2022 का सबसे उल्लेखनीय पहलू इसका तकनीकी रूप से मुकम्मल होना या कहें कि वर्तमान समय के तकनीकी संजाल को समझते हुए अपराध नियंत्रण का पुख्ता प्रयास करना है। इसके जरिये हमारी पुलिस को कुछ मामलों में संदिग्धों और ज्यादातर अपराधियों की पहचान से जुड़े रिकार्ड इलेक्ट्रानिक तरीके से जमा करने और डाटा बेस के माध्यम से दूसरी एजेंसियों से साझा करने की इजाजत मिलेगी। यानी इस विधेयक के कानून में बदलने और लागू होने पर पुलिस संदिग्धों और अपराधियों की पहचान के जैविक सबूत भी ले सकेगी। सरकार के दावे के अनुसार नए विधेयक से पुलिस को यह शक्ति मिलने वाली है कि वह अपराधियों की फोटो के अलावा उनकी अंगुलियों की छाप (फिंगरप्रिंट), पैरों-तलवों की छाप (फुटप्रिंट), हथेलियों की छाप, आंखों के आइरिस और रेटीना का बायोमीट्रिक डाटा और खून, वीर्य, बाल और लार आदि तमाम प्रकार के जैविक (बायोलाजिकल) नमूने ले सकेगी। हस्ताक्षर, लिखावट या अन्य तरह का डाटा भी लिया जा सकेगा। इनके अलावा, पुलिस को ब्रेन मैपिंग करने का अधिकार भी होगा।




ये सारे रिकार्ड 75 वर्षों तक सुरक्षित रखे जा सकते हैं और अदालत से बरी होने या फिर सजा काट लेने की स्थिति में इन्हें खत्म किया जा सकता है या मिटाया जा सकता है। साथ ही इस पूरे डाटा का डिजिटलीकरण करके उसे केंद्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के डाटा बेस में जमा किया जाएगा। इस डाटा को इलेक्ट्रानिक तौर पर साझा करने की स्थिति में रखा जाएगा, ताकि देश में कहीं भी जरूरत पड? पर इसे तुरंत भेजा जा सके। इस व्यवस्था के लागू होने पर किस तरह का व्यवस्थागत परिवर्तन आ सकता है, इसे चीन के एक उदाहरण से समझा जा सकता है। डिजिटल स्कैनिंग का फायदा : चीन में मोबाइल का नया सिम लेने के लिए सितंबर 2019 से चेहरे की अनिवार्य स्कैनिंग के कायदे का ऐलान किया गया था। इस बारे में चीन की सरकार का कहना था कि इसके लिए जिस फेशियल रिकाग्निशन तकनीक यानी चेहरे की पहचान करने वाली स्कैनिंग का इस्तेमाल किया जाएगा, उसका एक बड़ा उद्देश्य लोगों के अधिकारों की सुरक्षा करना है। यह कानून लागू करने से पहले वर्ष 2018 में फेशियल रिकाग्निशन तकनीक से 60 हजार की भीड़ वाले एक कंसर्ट यानी विशेष कार्यक्रम के बीच में एक भगोड़े को चीन की पुलिस ने खोजकर पकड़ लिया था। एक दावा यह भी है कि भारत में दिसंबर, 2019 में दिल्ली के रामलीला मैदान में आयोजित हुई प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की एक रैली में शामिल होने आए लोगों के चेहरों को फेशियल रिकाग्निशन साफ्टवेयर के इस्तेमाल से स्कैन किया गया था। स्कैनिंग से मिले चेहरों का मिलान दिल्ली पुलिस ने अलग-अलग विरोध प्रदर्शनों के दौरान बनाए गए वीडियो में दर्ज हुए चेहरों से किया। इस तकनीक के इस्तेमाल का उद्देश्य रैली में मौजूद लोगों में से ऐसे तत्वों की पहचान करना था जो पहले किसी मामले में संदिग्ध रह चुके हों। ऐसे में कानून तोड़ सकने वाला कोई संदिग्ध रैली में नहीं आए, यह सुनिश्चित करने के लिए फेशियल रिकाग्निशन के इस प्रयोग ने साफ कर दिया था कि देश में तकनीक के बल पर कानून-व्यवस्था बनाने के काम में तेजी आएगी। क्रिमिनल प्रोसिजर (आइडेंटिफिकेशन) बिल, 2022 इसी कड़ी में अगली महत्वपूर्ण पहल है। विरोध के तर्क : हम अभी यह नहीं कह सकते कि तदर्थ समिति (स्टैंडिंग कमेटी) के पास भेजे जा रहे इस विधेयक में ऐसी कितनी कमियां हैं, जिनका दुरुपयोग हो सकता है। फिर भी विपक्ष ने जिन मुद्दों को उठाया है और जो चिंताएं प्रकट की हैं, उन पर गौर अवश्य करना होगा। मानवाधिकार के पैरोकार और कुछ एक्टिविस्ट भी इस बिल को असंवैधानिक बताते हुए इसका विरोध कर रहे हैं। विरोध कई मुद्दों पर है। जैसे कांग्रेस का तर्क है कि यह विधेयक मुख्य रूप से उस सिद्धांत के खिलाफ है जिसके तहत किसी व्यक्ति को दोषी साबित होने तक निर्दोष माना जाता है। साथ ही इसमें जिस तरह व्यक्ति की नापजोख और डाटा लेकर उन्हें रिकार्ड में रखने का प्रविधान किया गया है, उससे यह विधेयक संविधान के अनुच्छेद 14, 19 और 21 के सीधे उल्लंघन का मामला बनता है। इस बाबत ज्यादा खतरा यह है कि इस विधेयक की आड़ में पुलिस को दी गई शक्तियों का वह दुरुपयोग कर सकती है।कुछ राजनीतिज्ञों का यह तर्क है कि यह विधेयक लोगों की निजता के अधिकार में खलल डालता है। चूंकि अभी हमारे देश में डाटा सुरक्षा के मानकों का अभाव है, ऐसे में इसकी क्या गारंटी है कि जिन लोगों का जैविक और डिजिटल डाटा इसमें लिया जाएगा, वह पूरी तरह सुरक्षित रहेगा। सरकार को इस आशंका का भी हल खोजना होगा कि जैविक नमूने लेने के बहाने कहीं डीएनए सैंपल जमा करने की पहल तो नहीं हो रही है, जो कि एक गैरकानूनी गतिविधि है। हालांकि इस संबंध में मानवाधिकारों के हनन का मामला उठाने वालों से गृह मंत्री अमित शाह का यह पूछना वाजिब लगता है कि जो लोग मानवाधिकार की दुहाई दे रहे हैं, वे जरा पीड़ित के अधिकारों के बारे में चिंता करते तो बेहतर होता। हालांकि इस संबंध में एक आशंका तो गैरवाजिब नहीं लगती कि जैविक (बायोलाजिकल) सैंपलों को तो अत्यधिक ठंडे तापमान में रखने की आवश्यकता होती है। हमारे देश में थानों की जो हालत है, उसमें जुटाए गए जैविक सैंपल एनसीआरबी को सौंपने तक कितने सुरक्षित रहेंगे, इसका अंदाजा लगाया जा सकता है। सच तो यह है कि देश में व्यापक पुलिस सुधार करना और अदालतों में लंबित लाखों मामलों को सुलझाना ऐसे नए कानून लागू करने से ज्यादा जरूरी हैं।पुराना कानून बनाम नया बिल : इसमें कोई संदेह नहीं कि देश में अभी भी ब्रिटिश शासन के दौरान वर्ष 1920 में बना जो कानून लागू है, वह आज की स्थितियों में प्रासंगिक नहीं रहा है। थाने की फाइलों में सिमटे इस कानून में मजिस्ट्रेट के आदेश पर पुलिस अधिकारियों को अपराधियों के फिंगरप्रिंट, फुटप्रिंट और तस्वीरें लेने की अनुमति थी। तात्पर्य यह है कि 1920 के कानून में सैंपल जमा करने का आदेश देने का अधिकार मजिस्ट्रेट के पास है। जबकि नया विधेयक इस शक्ति को सब इंस्पेक्टर रैंक के पुलिस अधिकारी के अधिकार क्षेत्र में लाता है। यही नहीं, मौजूदा कानून (1920) में गिरफ्तार किए गए उसी व्यक्ति के सैंपल लिए जा सकते है, जिसे न्यूनतम एक साल की कड़ी सजा मिली हो। ऐसे में यदि किसी व्यक्ति के अन्य अपराधों में शामिल होने की आशंका है, तो उसके सैंपल लेकर उसकी गतिविधियों या कहीं आने-जाने की साइबर पड़ताल, छानबीन और मिलान नहीं हो सकता है। इसके बरक्स नए विधेयक में किसी भी दंडनीय अपराध के तहत गिरफ्त में आए आरोपी या अदालत में दोष साबित होने पर अपराधी का जैविक (बायोलाजिकल) और शारीरिक (फिजिकल) डाटा लिया जा सकेगा।नए बिल के तहत अगर किसी को एहतियात के लिए भी हिरासत में लिया जाए तो भी उसके सैंपल लेने की इजाजत होगी। इससे अपराधों और अपराधियों पर प्रभावी तरीके से अंकुश लगाने में मदद मिलेगी। सच्चाई यह है कि 1920 का कानून आज से 50 या 60 साल पहले तक जरूर कुछ प्रासंगिकता रखता भी था, लेकिन जब से अपराध साइबर दायरों में पहुंच गया है, सौ साल पहले की कानूनी शक्तियां उनके आगे निस्तेज और निरूपाय हो गई हैं। अपराध से संबंधित ऐसे असंख्य किस्से हैं जो बताते हैं कि एक राज्य में अपराध करने के बाद अगर कोई व्यक्ति अपनी थोड़ी-बहुत वेशभूषा और शारीरिक पहचान में मामूली परिवर्तन करते हुए देश के किसी अन्य हिस्से में रहने लगे, तो दशकों तक पुलिस न तो उस तक पहुंच पाती है और न उसकी पहचान सुनिश्चित कर उसे अपराध का दंड दिला पाती है। राज्यों के बीच पुलिस तंत्र के बीच आपसी सहयोग, पूछताछ, दबिश, रिमांड, सबूतों की पुष्टि जैसे मामलों में अभी इतने झोल हैं कि ज्यादातर अपराधी कानून की खामियां उठाकर साफ बच निकलते हैं, जबकि पीड़ित पक्ष कानून की दुहाई देता और हाथ मलता रह जाता है।लोकसभा और राज्यसभा में इस बिल पर हुई बहस के दौरान गृह मंत्री अमित शाह की ओर से दिए गए आंकड़े मौजूदा कानून की कमियों का साफ संकेत करते हैं। गृह मंत्री ने बताया कि वर्ष 2020 में हत्या के 44 प्रतिशत, दुष्कर्म के 39 प्रतिशत और हत्या के प्रयास के 24 प्रतिशत मामलों में ही दोषियों को सजा मिली। तात्पर्य यह है कि हत्या के 56 प्रतिशत मामलों और दुष्कर्म के 61 प्रतिशत मामलों में दोषियों को सजा नहीं मिली। अगर इंसाफ की यही दर आगे भी रहती है, तो हमारी न्याय व्यवस्था के प्रति लोगों के डगमगाते भरोसे को लेकर आश्चर्य नहीं होना चाहिए।

## विपक्ष को नहीं सुहाया अमित शाह का हिंदी पर दिया गया सुझाव

गृह मंत्री अमित शाह का हिंदी को लेकर दिया गया सुझाव विपक्षी नेताओं को पसंद नहीं आया। विपक्षी नेताओं ने शुक्रवार को शाह के बयान की तीखी आलोचना की और इसे भारत के बहुलवाद पर हमला बताया। कहा कि वे हिंदी साम्राज्यवाद को लागू करने के कदम को विफल कर देंगे। मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस ने शाह पर हिंदी थोपने का प्रयास करने का आरोप लगाया। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने ट्वीट किया कि हिंदी राजभाषा है, न कि राष्ट्रभाषा, जैसा कि राजनाथ सिंह ने संसद में गृह मंत्री रहते हुए कहा था। हिंदी साम्राज्यवाद भारत के लिए मौत की घंटी होगी। कांग्रेस प्रवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने पत्रकारों से कहा कि गृह मंत्री ने हिंदी के बारे में उपदेश देने की कोशिश की है, जो उन्हें नहीं करना चाहिए। मैं हिंदी का बहुत बड़ा समर्थक हूं, लेकिन थोपने का नहीं। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने कहा कि हिंदी पर शाह का जोर भारत की अखंडता और बहुलवाद के खिलाफ है। यह देश की अखंडता को बर्बाद कर देगा। उन्होंने ट्वीट किया, क्या अमित शाह सोचते हैं कि हिंदी राज्य पर्याप्त है और भारतीय राज्यों की आवश्यकता नहीं है? आप बार-बार वही गलती कर रहे हैं। हालांकि, आप सफल नहीं होंगे। बंगाल में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस ने कहा कि भाजपा नीत केंद्र सरकार द्वारा गैर-हिंदी भाषी राज्यों पर हिंदी थोपने के किसी भी प्रयास का विरोध किया जाएगा।

# क्या पाकिस्तान अमेरिका और चीन के बीच जन्म ले रहे शीतयुद्ध का नया अखाड़ा बन सकता है

पाकिस्तान के सर्वोच्च न्यायालय की पांच सदस्यीय पीठ के फैसले को पाकिस्तानी इतिहास में मील का पत्थर माना जा रहा है। ऐतिहासिक फैसला सुनाते हुए सर्वोच्च न्यायालय ने राष्ट्रीय एसेंबली यानी संसद के उपसभापति कासिम सूरी और राष्ट्रपति आरिफ अल्वी के फैसलों को अवैध ठहरा दिया। इसी के साथ उसने अविश्वास प्रस्ताव और राष्ट्रीय एसेंबली को बहाल कर दिया। कासिम सूरी ने अविश्वास प्रस्ताव की अनुमति देने के बजाय प्रधानमंत्री के इशारे पर उसे खारिज किया था। उसके बाद राष्ट्रपति ने अपने कर्तव्य का निर्वाह नहीं किया और अविश्वास प्रस्ताव का सामना कर रहे प्रधानमंत्री की सलाह पर राष्ट्रीय एसेंबली भंग कर दी थी। पाकिस्तान के सर्वोच्च न्यायालय पर राजनीतिक और सैनिक सत्ता के गंभीर दबाव पड़ते रहे हैं, पर लगता है कि इस बार ऐसा कुछ नहीं हुआ। अदालत की सुरक्षा का पूरा प्रबंध किया गया और इमरान खान की तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी के कार्यकर्ताओं ने भी किसी तरह की गड़बड़ी की कोशिश नहीं की। इसलिए इस फैसले को पाकिस्तान की राजनीति और संस्थाओं में आती परिपक्वता का संकेत माना जा रहा है। बेशक इमरान ने अविश्वास प्रस्ताव रोकने के लिए सारे राजनीतिक हथकंडे अपनाए और अमेरिका की साजिश की कहानी गढ़कर सहानुभूति जुटाने की कोशिश की, पर न सेना ने प्रकट रूप से कोई हस्तक्षेप किया और न ही इमरान को पिछले प्रधानमंत्रियों की तरह हटने को मजबूर किया। अब यदि इमरान चाहें तो विपक्ष के नेता की भूमिका निभा सकते हैं। यदि ऐसा होता है तो पाकिस्तान के नाटकीयता भरे राजनीतिक इतिहास में यह नई बात होगी। अभी तक पाकिस्तान का कोई प्रधानमंत्री न अपना कार्यकाल पूरा कर पाया है और न ही विपक्ष के नेता की भूमिका निभा पाया है। निवर्तमान प्रधानमंत्री या तो मार दिए जाते रहे या विदेश भागने को मजबूर किए जाते रहे। सवाल



यह भी है कि यदि पाकिस्तान में इतनी परिपक्वता आ रही है तो फिर एक-दूसरे से गहरे वैचारिक मतभेद रखने वाली विपक्षी पाटिर्यां अचानक इमरान के खिलाफ लामबंद कैसे हो गईं? बहुमत उनके पास शुरू से नहीं था। उनकी अल्पमत सरकार कई छोटी-छोटी पाटिर्यों के सहारे टिकी थी, जिनमें एमक्यूएम और पीएमएल-क्यू जैसी सेना के इशारे पर चलने वाली पाटिर्यां भी थीं। इसलिए उनकी सरकार को सेना की सरकार माना जाता था। माना जाता है कि सेनाध्यक्ष जनरल बाजवा के साथ इमरान खान की अनबन पिछले नवंबर से शुरू हुई, जब दोनों के बीच पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आइएसआइ के नए महानिदेशक की नियुक्ति को लेकर मतभेद हो गए। इमरान अपने चहेते लेफ्टिनेंट जनरल फैज हमीद को इस एजेंसी का महानिदेशक बनाना चाहते थे, जबकि जनरल बाजवा लेफ्टिनेंट जनरल नदीम अंजुम को बनाना चाहते थे। चली जनरल बाजवा की, लेकिन इमरान के दुस्साहस ने बाजवा को सावधान कर दिया। जनवरी में एक इंटरव्यू में इमरान ने बाजवा का कार्यकाल बढ़ाने के सवाल पर कहा था कि मैंने अभी इस पर कुछ नहीं सोचा है। अभी तो साल शुरू हुआ है। बाजवा का कार्यकाल नवंबर में खत्म होने वाला है। लोगों का मानना है कि इमरान लेफ्टिनेंट जनरल फैज हमीद को अगला सेनाध्यक्ष बनाकर राजनीतिक भविष्य सुरक्षित करने के फेर में थे। जनरल बाजवा को इसकी हवा लग गई। इसी के बाद इमरान के गठजोड़ की पाटिर्यों में हलचल शुरू हो गई और एक-दूसरे से लड़ने वाली विपक्षी पाटिर्यां नवाज शरीफ के भाई शहबाज शरीफ के नेतृत्व में लामबंद होने लगीं और अविश्वास प्रस्ताव की जमीन तैयार हो गई। कहते हैं कि पाकिस्तान में सत्ता तीन 'अ' से चलती है-आर्मी, अमेरिका और अल्लाह। इमरान ने आर्मी और अमेरिका, दोनों से ही दुश्मनी मोल ले ली थे। अकेले अल्लाह के भरोसे वह कब तक बच सकते थे? इस बार अर्थव्यवस्था का 'अ' भी आ जुड़ा है। इमरान विदेश से काला धन वापस लाने, भ्रष्टाचार और भ्रष्टाचारियों का सफाया करने और पाकिस्तान को एक खुशहाल इस्लामी वेलफेयर स्टेट बनाने जैसे वादे के साथ सत्ता में आए थे। उनके आने के सालभर बाद ही कोरोना की महामारी आ गई और फिर रूस ने यूक्रेन पर हमला कर दिया। पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था इतने आघात नहीं झेल पाई। पाकिस्तानी जीडीपी उससे 24 साल बाद बने बांग्लादेश की जीडीपी से भी छोटी रह गई है। डालर करीब 190 रुपये का हो गया है। बैंक को ब्याज दरें 2.5 प्रतिशत बढ़ा कर 12.25 प्रतिशत करनी पड़ी हैं। महंगाई 12 से 13 प्रतिशत के बीच चल रही है। पेट्रोल-डीजल सस्ता रखने के लिए ड्यूटी घटाकर इमरान ने प्रमुख कर्जदाता आइएमएफ को भी नाराज कर लिया, जिससे मदद मिले बिना पाकिस्तान विदेशी कर्ज की किस्तें नहीं चुका पाएगा। इस बीच एक और दिलचस्प बात हुई। पाकिस्तान में चर्चा है कि अविश्वास प्रस्ताव नाकाम करने के लिए किसी मित्र देश ने विपक्षी नेताओं को खरीदने की कोशिश भी की। यह मित्र देश अमेरिका तो हो नहीं सकता, क्योंकि इमरान आरोप लगाते रहे हैं कि उन्हें हटाने का षड्यंत्र उसी का था। उधर चीनी इंटरनेट मीडिया पर इमरान के खिलाफ आए अविश्वास प्रस्ताव को अमेरिका का षड्यंत्र बताते हुए खुली आलोचना हो रही है। क्या ऐसा हो सकता है कि अमेरिका विपक्ष का समर्थन कर रहा हो और चीन इमरान का जो भी हो, यह तथ्य है कि यूक्रेन को लेकर चीन और इमरान रूस के समर्थन में हैं तो जनरल बाजवा एवं विपक्षी दल रूस की आलोचना करते सुने गए हैं। क्या पाकिस्तान अमेरिका और चीन के बीच जन्म ले रहे शीतयुद्ध का नया अखाड़ा बन सकता है? यह संभव है कि पाकिस्तानी सेना और इमरान सरकार एक सोची-समझी रणनीति के तहत दो जबान बोल रहे हों। इसी तरह यह भी हो सकता है कि जनरल बाजवा इमरान की बयानबाजी से हो रहे नुकसान को कम करने के लिए अमेरिका के समर्थन और रूसी हमले के विरोध में बोल रहे हों। वैसे जनरल बाजवा ने भारत को लेकर भी कुछ नरम बातें कही हैं, पर अभी उनमें ऐसा कुछ नजर नहीं आता, जिसे सुनकर लगे कि भारत को लेकर उनके रवैये में कोई बदलाव आया है।

# नारीवादियों का दोहरा जीवन

इन दिनों अभिनेत्री और अनिल कपूर की बेटी सोनम कपूर का एक फोटो वायरल हो रहा है। वह अपना बेबी बंप दिखा रही हैं। यानी जल्दी ही मां बनने वाली हैं। इस खबर को मीडिया ने भी महत्व दिया। अतीत में अनुष्का, फरहा खान, करीना कपूर आदि भी ऐसा कर चुकी हैं। एक समय ऐसा रहा है, जब महिला को अपने मां बनने के चिन्हों को छिपाना पड़ता था। इसे लज्जा से जोड़ा जाता था। इन दिनों ऐसा नहीं है। मां बनना किसी भी स्त्री का ऐसा गुण है, जो किसी पुरुष के पास नहीं। इससे सृष्टि चलती है। सृष्टि न हो, अगली पीढ़ी न हो तो दुनिया नहीं चलेगी, लेकिन इसी मां बनने को निहित स्वार्थी ने अर्से से स्त्री की कमजोरी के रूप में व्याख्यायित किया है, परंतु स्त्रियां अब अपने गर्भ में पल रहे शिशु को दुनिया को दिखाना चाहती हैं तो इसमें बुरा भी क्या है? पिछले कुछ दिनों से कथित प्रगतिशील स्त्रियों का एक समूह कह रहा है कि बच्चे उनकी दुनिया और तरक्की को रोक देते हैं, इसलिए उन्हें वे नहीं चाहिए। वे क्यों उनकी जिम्मेदारी उठाएं और अपने जीवन के स्वर्णिम वर्ष गंवा दें? यह विचार न केवल विदेश में, बल्कि इन दिनों अपने देश में भी खूब प्रचारित किया जा रहा है। महिलाओं को बताया जा रहा है कि तुम परिवार की जिम्मेदारी क्यों उठाओ? बच्चे क्यों पालो? तुम अपने पांवों पर खड़ी हो। घूमो, फिरो, मौज करो। पैसा है तो किसी और बात की चिंता क्यों? जिम्मेदारी या कर्तव्य को बहुत वर्षों से एक बोझ की तरह प्रचारित किया जा रहा है, जबकि हम जानते हैं कि जिम्मेदारी से हम बच नहीं सकते। वह चाहे परिवार चलाने और बच्चे पालने की जिम्मेदारी हो या नौकरी की। अपने दम पर रहने की जिम्मेदारी उठाना भी कोई आसान काम नहीं है। इसके अलावा जब भी कोई आपदा आती है, अक्सर हम दूसरों से उम्मीद करते हैं कि वे मदद का हाथ बढ़ाएं। हमारी जिम्मेदारी उठाएं, लेकिन सोचिए कि अगर विचार यह बन चला हो कि हम क्यों किसी की जिम्मेदारी उठाएं तो फिर दूसरा भी आपकी जिम्मेदारी क्यों उठाएगा? इस विचार के बरक्स जब मां बनने वाली सोनम कपूर की तस्वीर दिखती है अथवा अनुष्का, करीना या माधुरी दीक्षित अपने बच्चों के बारे में बातें करती हैं तो लगता है कि ये ही तो वे स्त्रियां हैं, जिन्हें मीडिया के बड़े हिस्से ने आज की सशक्त स्त्री के रूप में पेश किया है। इन्हें ही युवा लड़कियों को इस रूप में बताया गया है कि ये ही हैं, जो आज की सशक्त महिला हैं। मंच पर माइक हाथ में लिए इन स्त्रियों ने समय-समय पर ऐसे बयान भी दिए हैं। कभी सोनम कपूर ने कहा था कि वह अल्ट्रा फेमिनिस्ट यानी अति नारीवादी हैं। हालांकि उन्होंने विवाह भी किया और अब मां भी बनने वाली हैं। अनुष्का, दीपिका, प्रियंका चोपड़ा, करीना आदि ने भी विवाह किया है। इनमें से जो मां बनीं उनकी बच्चों को गोद में उठाए, उनके कपड़े बदलते तस्वीरें भी छपती रहती हैं। वे अक्सर ऐसे बयान भी देती रहती हैं कि उनका परिवार उनकी प्राथमिकता है। वे अपने बच्चों को अच्छा नागरिक बनाना चाहती हैं। ये बातें अच्छी भी हैं। अगर परिवार है, बच्चे है तो आपके अलावा कोई और उनकी जिम्मेदारी क्यों निभाएगा, लेकिन देखा गया है कि ये अभिनेत्रियां जब मंच पर होती हैं, तब जो बातें कह रही होती हैं, उसके उलट अब जीवन में दिख रही हैं। इनकी कथनी-करनी में भला ये दोहरापन क्यों? अपने बच्चों के लिए तो वे एक जिम्मेदार मां बनना चाहती है। उनकी देखभाल करनी हो तो शूटिंग तक कैंसिल कर देती हैं। उन्हें पालना-पोसना अपना कर्तव्य समझती हैं, मगर जो उन्हें सुनती हैं, उन्हें बिल्कुल उलटा ज्ञान देती हैं। ऐसा भला क्यों? यदि परिवार और बच्चे उनके लिए जरूरी हैं, वे ही उनकी सबसे बड़ी ताकत हैं तो साधारण महिलाओं को इनसे दूर भागने, अकेलेपन और आजादी का शहद लिपटा ज्ञान क्यों देती हैं? आम महिला को अकेलेपन की सुनहरी तस्वीर क्यों दिखाती हैं? परिवार न बसाने का ज्ञान क्यों देती हैं? इसे सशक्तीकरण की पहचान क्यों बताती हैं? दूसरी ओर अपने लिए पति, बच्चे, परिवार भी चाहती हैं। अच्छी बहू, अच्छी मां, अच्छी पतने, अच्छी बेटी के टैग भी चाहती हैं। ऐसा ज्ञान क्यों, जिस पर वे खुद भी यकीन नहीं करतीं? यानी कि घर में कुछ और, मंच पर कुछ और। महिलाओं के जीवन में जो दुख हैं, परेशानियां हैं, अशिक्षा है, ससुराल तो छोडि़ए अपने माता-पिता के यहां ही भेदभाव है, बेरोजगारी, दहेज और तरह-तरह की प्रताड़नाएं हैं, क्या उन्हें इसी तरह दूर किया जा सकता है? वास्तव में कहने और करने में यही फासला तो कुछ नहीं बदलने देता। यथास्थिति को बनाए रखता है। करोड़ों दाम और नाम कमाने वालीं इन ज्ञानवान महिलाओं के जादू में जब साधारण स्त्रियां फंसती हैं तो उनकी समझ में नहीं आता कि वे क्या करें, कहां जाएं? तब ये ज्ञानवान स्त्रियां उन्हें कभी बचाने नहीं आतीं। किसी तरह की आर्थिक और भावनात्मक मदद तो दूर की बात है, फोन तक उठाना बंद कर दिया जाता है। पहचानते हुए भी, बेपहचान होने का नाटक किया जाता है। वैसे भी साधारण स्त्री इनकी चिंता के केंद्र में होती भी कहां है। मलाला को याद करें। वह शादी को गैर जरूरी बताती थीं, लेकिन फिर उन्होंने शादी कर ली। जिन मंचों पर अक्सर नामचीन स्त्रियां ज्ञान बांटते नजर आती हैं, वह किसी न किसी उत्पाद की ब्रांडिंग के लिए होता है। अब साधारण महिला की वह आर्थिकी कहां कि वह उन उत्पादों को खरीद सके। अच्छा उपभोक्ता वह है, जो अच्छा खरीदार है। अच्छा खरीदार, खाली जेब नहीं होता।

## किसानों ने किया कंपनी पर प्रदर्शन, 13 किसान गिरफ्तार

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**देव मणि शुक्ल**

**नोएडा।** किसान मजदूर सभा के नेतृत्व में सैकड़ों किसानों ने स्थानीय युवाओं को रोजगार देने की मांग को लेकर बुधवार को हायर कंपनी पर हल्ला बोल प्रदर्शन किया। किसानों ने कंपनी के अंदर घुसने की कोशिश की। इस बीच किसानों और पुलिस के बीच नोकझोंक भी हुई। पुलिस ने 13 किसानों को गिरफ्तार किय है। किसानों ने चेतावनी दी है कि वे गुरुवार को फिर से कंपनी के गेट पर प्रदर्शन करेंगे। किसान बेरोजगार सभा के प्रदेश अध्यक्ष व प्रवक्ता विजयपाल भाटी ने बताया अपने तय कार्यक्रम के अनुसार गुरुवार को सैकड़ों की संख्या में किसान और महिलाएं कंपनी के गेट पर पहुंचे थे। इस दौरान किसानों ने कंपनी के गेट पर जोरदार प्रदर्शन किया। इस बीच कंपनी प्रबंधन के साथ उनकी वार्ता हुई लेकिन बेनतीजा रही। जिससे आक्रोशित किसानों ने कंपनी के गेट पर जमकर हंगामा किया। पुलिस से नोकझोंक हुई। किसानों ने बताया कि कंपनी प्रबंधन वादाखिलाफी कर रहा है। स्थानीय युवाओं को नौकरी नहीं दी जा रही है। कंपनी में बाहरी लोगों को रखा जा रहा है। किसानों ने चेतावनी दी है कि जब तक स्थानीय युवाओं को रोजगार नहीं मिल जाता संघर्ष जारी रहेगा। किसानों ने गुरुवार को फिर से कंपनी के गेट पर धरना प्रदर्शन की चेतावनी दी है। इस मौके पर राजेंद्र प्रधान, सूबेदार नेताजी, अजय प्रधान, ओमवीर प्रधान, हेमचंद्र प्रधान, सुखबीर सिंह, विजय बीडीसी, पवन आदि उपस्थित रहे। पुलिस ने 13 किसानों को गिरफ्तार कर जेल भेजा कंपनी पर धरना प्रदर्शन करने पहुंचे 13 किसानों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। सभी को गिरफ्तार कर पुलिस लाइन ले जाया गया। जहां से सभी को जेल भेज दिया गया।

## उत्तर प्रदेश रोलर स्केट बास्केटबॉल एसोसिएशन के महासचिव बने आकाश रावल

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**देव मणि शुक्ल**

**नोएडा।** ग्रेनो रोलर स्केटिंग स्पोर्ट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष व स्केटिंग कोच आकाश रावल ने बताया कि बीते 26 से 27 मार्च को हरियाणा के सोनीपत गोहाना में रोलर स्केट बास्केटबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया की एनुअल जनरल बॉडी मीटिंग 2022 का आयोजन हुआ था यह मीटिंग रोलर स्केट बास्केटबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के प्रेसिडेंट और ओलंपिक मेडलिस्ट रेसलर योगेश्वर दत्त, मुख्य संरक्षक और आई.पी.एस डी.आई.जी श्री ओ.पी नरवाल और महासचिव उमेश सैनी के द्वारा की गई इस मीटिंग में गुजरात, तमिलनाडु, हैदराबाद, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, राजस्थान, आदि राज्यों से स्केटिंग कोच आए थे जिसम ग्रेटर नॉएडा के स्केटिंग कोच आकाश रावल ने उत्तर प्रदेश की तरफ इस मीटिंग में हिस्सा लिया था इस मीटिंग में फेडरेशन के पदाधिकारियों ने आकाश रावल को उत्तर प्रदेश रोलर



स्केट बास्केटबॉल एसोसिएशन का महासचिव बनाने का निर्णय लिया गया फेडरेशन के प्रेसिडेंट और ओलंपिक रेसलर योगेश्वर दत्त, ने 28 मार्च को सोनीपत के गोहाना में अपनी रेसलिंग की योगेश्वर दत्त कुश्ती एकेडमी में आकाश रावल को बुलाकर महासचिव उमेश सैनी के साथ मिलकर आकाश रावल को उत्तर प्रदेश रोलर स्केट बास्केटबॉल एसो सिएशन का एफ्लिएशन सर्टिफिकेट और प्रमाण पत्र देकर उत्तर प्रदेश रोलर स्केट बास्केटबॉल एसोसिएशन का महासचिव घोषित किया गया इस मौके पर मनीष भाटी, चरण सिंह और नीतू सिंह मौजूद रहें आकाश रावल ने फेडरेशन के सभी पदाधिकारियों का दिल से धन्यवाद किया और बताया की इस बड़ी कामयाबी से माता पिता और परिवार में खुशी की लहर है।आकाश रावल ग्रेटर नोएडा के एस्टर पब्लिक स्कूल में पिछले 4 सालो से स्पोर्ट्स टीचर है और ग्रेटर नोएडा के गांव जैतपुर के रहने वाले है आकाश खेल के साथ साथ कॉलेज में पढ़ाई भी कर रहे है आकाश को साल 2019 दिल्ली के प्रगति मैदान में स्पोर्ट इंडिया अवॉड्र्स 2019 में बेस्ट स्केटिंग कोच का अवार्ड देकर सम्मानित किया था ।

## किसानों ने किया कंपनी पर प्रदर्शन 13 किसान गिरफ्तार

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**देव मणि शुक्ल**

**नोएडा।** किसान मजदूर सभा के नेतृत्व में सैकड़ों किसानों ने स्थानीय युवाओं को रोजगार देने की मांग को लेकर बुधवार को हायर कंपनी पर हल्ला बोल प्रदर्शन किया। किसानों ने कंपनी के अंदर घुसने की कोशिश की। इस बीच किसानों और पुलिस के बीच नोकझोंक भी हुई। पुलिस ने 13 किसानों को गिरफ्तार किया है। किसानों ने चेतावनी दी है कि वे गुरुवार को फिर से कंपनी के गेट पर प्रदर्शन करेंगे। किसान बेरोजगार सभा के प्रदेश अध्यक्ष व प्रवक्ता विजयपाल भाटी ने बताया अपने तय कार्यक्रम के अनुसार गुरुवार को सैकड़ों की संख्या में किसान और महिलाएं कंपनी के गेट पर पहुंचे थे। इस दौरान किसानों ने कंपनी के गेट पर जोरदार प्रदर्शन किया। इस बीच कंपनी प्रबंधन के साथ उनकी वार्ता हुई लेकिन बेनतीजा रही। जिससे आक्रोशित किसानों ने कंपनी के गेट पर जमकर हंगामा किया। पुलिस से नोकझोंक हुई। किसानों ने बताया कि कंपनी प्रबंधन वादाखिलाफी कर रहा है। स्थानीय युवाओं को नौकरी नहीं दी जा रही है। कंपनी में बाहरी लोगों को रखा जा रहा है। किसानों ने चेतावनी दी है कि जब तक स्थानीय युवाओं को रोजगार नहीं मिल जाता संघर्ष जारी रहेगा। किसानों ने गुरुवार को फिर से कंपनी के गेट पर धरना प्रदर्शन की चेतावनी दी है। इस मौके पर राजेंद्र प्रधान, सूबेदार नेताजी, अजय प्रधान, ओमवीर प्रधान, हेमचंद्र प्रधान, सुखबीर सिंह, विजय बीडीसी, पवन आदि उपस्थित रहे। पुलिस ने 13 किसानों को गिरफ्तार कर जेल भेजा कंपनी पर धरना प्रदर्शन करने पहुंचे 13 किसानों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। सभी को गिरफ्तार कर पुलिस लाइन ले जाया गया। जहां से सभी को जेल भेज दिया गया।

## पीएम के नाम एसडीएम को सौंपा ज्ञापन दो दिवसीय हड़ताल पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**दुर्गेश कुमार गुप्ता**

**ब्यौहारी।** मजदूर एवं जन विरोधी नीतियों को वापस लेने, आंगनवाडी परियोजनाओं सार्वजनिक उद्योगों का निजीकरण रोकने, आंगनवाडी कर्मियों को नियमित करने, तब तक न्यूनतम



वेतन एवं समाजिक सुरक्षा योजनाओं को लाभ देने की मांग को लेकर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकता दो दिवसीय हड़तल पर रही। इस दौरान सभी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिक नगर के बस स्टैंड स्थित देवी मंदिर पर एकत्रित होकर अपना विरोध प्रदर्शन किया। उन्होने बताया कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाएं शासन का केंद्र रूप में काम कर रही है। शासकीय योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का काम कर रही आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व ऑमनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका एकता यूनियन (सीटू) सहायिकाओं को सरकार कर्मचारी के रूप में नियमित करने के साथ ही वेतन एवं सुविधाओं से वंचित रख रही है। शासन के प्रतिनिधि के रूप में 35-40 वर्ष की सेवा करने के बाद भी आंगनबाडी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं को कर्मचारी का दर्जा, न्यूनतम वेतन एवं सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के लाभ से वंचित रखा जा रहा है। इतनी लम्बी अवधि की सेवा के बाद सेवा निवृत्ति पर उन्हे पेंशन, ग्रेच्युटी आदि कोई भी लाभ नहीं दिया जाता है। इस परिस्थिति में सरकार की मजदूर विरोधी, जनविरोधी नीतियों के खिलाफ सार्वजनिक उद्योगों, आंगनवाडी परियोजनाओं सहित सरकारी संस्थाओं के निजीकरण के विरोध में केन्द्रीय श्रमिक संगठनों एवं आंगनवाड़ी वर्कर्स एण्ड हेल्पर्स फेडरेशन के राष्ट्रीय आह्वान पर 28 एवं 29 मार्च 2022 को दो दिवसीय राष्ट्रव्यापी हडताल में शामिल होते हुये आंगनवाडी कार्यकर्ता एवं सहायिका यूनियन मध्य प्रदेश ने मांगे पूरी करने ज्ञापन सौंपा है।

## गांवों की समस्याओं के खिलाफ ग्रेनो प्राधिकरण के दफ्तर पर करप्शन फ्री इंडिया का हल्ला बोल

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**देव मणि शुक्ल**

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के अंतर्गत आने वाले स्मार्ट गांव सूरजपुर गिरधरपुर इमलिया घंघौला,तालड़ा झालड़ा, दलेलगढ़ जुनेदपुर आदि गांव की मूलभूत समस्याओं के खिलाफ करप्शन फ्री इंडिया संगठन के है। चौधरी प्रवीण भारतीय ने बताया कि इन सभी समस्याओं के खिलाफ ग्रामीणों में काफी रोष है आज संगठन एवं ग्रामीणों ने मिलकर प्राधिकरण दफ्तर पर हल्ला बोल प्रदर्शन किया। उन्होंने बताया कि ज्ञापन लेने आए उप महाप्रबंधक सलील यादव को प्राधिकरण के मुख्य द्वार पर 1 घंटे



संस्थापक सदस्य आलोक नागर के नेतृत्व में प्राधिकरण के दफ्तर पर हल्ला बोल प्रदर्शन कर 1 घंटे तक अधिकारियों को दफ्तर के मेन गेट पर बंधक बनाकर रखा करप्शन फ्री इंडिया संगठन के संस्थापक चौधरी प्रवीण भारतीय और आलोक नागर ने बताया कि प्राधिकरण के अंतर्गत आने वाले गांवों के मुख्य रास्तों में जलभराव की समस्या, श्मशान घाट नहीं होना,स्ट्रीट लाइट पिछले लंबे समय से बंद है,गांव में सफाई व्यवस्था बिल्कुल चरमराई हुई हैं,सफाई कर्मी गांव में नियमित रूप से सफाई नहीं करते हैं,गंदगी की वजह से गांव में संक्रामक रोग का खतरा बना हुआ तक धूप में बैठा कर समस्याओं के समाधान पर चर्चा की। चौधरी प्रवीण भारतीय ने कहा कि अगर 1 सप्ताह में समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो बड़े स्तर पर प्राधिकरण के खिलाफ आंदोलन चलाया जाएगा। इस दौरान- आलोक नागर बलराज हूण जिलाध्यक्ष प्रेम प्रधान राकेश नागर एडवोकेट अनिल भाटी यतेंद्र नागर रविंद्र गौतम डॉक्टर अख्तर हुसैन अजय नागर सूबेदार जगदीश सतवीर कपिल प्रेमी नफीस अहमद यशपाल गौतम हवलदार रोशन सिंह नीरज गौतम हवलदार बालेश्वर सिंह राजकुमार विकास गौतम राकेश आदि लोग मौजूद रहे।

## शासकीय सेवा में कड़ी मेहनत सफलता दिलाती है- श्री जी.एस. मर्सकोल सहायक संचालक श्री मार्की को दी गई सेवानिवृत्ति पर भावभीनी विदाई

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**दुर्गेश कुमार गुप्ता**

**शहडोल ।** शहडोल 31 मार्च 2022- शासकीय सेवा में आने पर उसे सफलतम ढंग से निर्वहन करने के लिए त्याग, तपस्या एवं कड़ी मेहनत की आवश्यकता होती है। सेवा में स्वाभिमान को बनाए रखते हुए मर्सकोले ने आज कार्यालय में पदस्थ सहायक संचालक जनसम्पर्क शहडोल श्री रणजीत सिंह मार्की की अधिवार्षिकी सेवा पूर्ण होने पर सेवानिवृत्ति के अवसर पर आयोजित सम्मान समारोह में व्यक्त किए। इस मौके पर श्री मार्की ने कहा कि हमारी सेवाएं भोपाल से शुरू हुई और विंध्य



अभिमान को मौका नहीं देना चाहिए। तभी जीवन में उत्कृष्ट सफलताएं प्राप्त होती हैं। जनसम्पर्क विभाग जिला प्रशासन का आंख, कान व एडवाईजर के रूप में माना जाता है। उक्त उद्गार जिला जनसम्पर्क कार्यालय शहडोल में पदस्थ उप संचालक श्री जी.एस. क्षेत्र में पूर्ण हुई। मैने विभाग की निष्ठा, कर्मठता तथा दायित्वों का भलीभांति निर्वहन करते हुए सेवा पूर्ण किया।श्री मार्की की विदाई समारोह के अवसर पर जनसम्पर्क विभाग शहडोल के श्री जी.पी. मिश्र ने कहा कि पहले के समय में और अब के समय में इस विभाग के दायित्वों का निर्वहन करने में काफी अन्तर आ गया है। वर्तमान में इलेक्ट्रॉनिक संसाधनों के आ जाने से कार्यों में सुगमता हुई है। पहले के समय में संचार साधनों की कमी के कारण काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है। उस समय विभाग की अपनी अलग महत्ता एवं भूमिका थी। वर्तमान में इसका परिदृष्य उल्टा हो गया है। योग्य व्यक्तियों को समय पर पदोननति व उनके अनुभव का लाभ ना लेकर उनकी अनदेखी की जा रही है। यह विभाग के लिए अच्छा संदेश नहीं है। इस मौके पर श्री शिवशंकर शर्मा, मानस मिश्रा, ओम जायसवाल, प्रेमलाल पनिका, श्री रामपाल पनिका, श्री अमोल सिंह, श्री राजेश बैगा सहित अन्य लोगों ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम के प्रारंभ में सेवानिवृत्त सहायक संचालक श्री रणजीत सिंह मार्की को पुष्पहार से उनका स्वागत किया गया तथा समापन अवसर पर शाल-श्रीफल व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर श्रीमती बी. परास मार्की, श्री कमल सिंह, श्रीमती शकुन्तला सिंह धुर्वे, प्रीति सिंह, अंजना सिंह, हेमंत सिंह, मयंक सिंह, संतोष वर्मा सहित अन्य लोग उपस्थित रहें।

## संक्षिप्त समाचार

### बदलता कश्मीर : अब नहीं यह आतंकी की घाटी, यहां फूल खिले हैं गुलशन-गुलशन

**श्रीनगर।** कश्मीर में इन दिनों हर तरफ बहार का खुमार छाया हुआ है। जिसे देखो वही इन खूबसूरत पलों को अपनी बाहों में समेटने को बेताब दिखता है। बागों में खिले फूलों की खुशबू बताने के लिए काफी है कि अब कश्मीर आतंक की घाटी नहीं बल्कि यहां हर तरफ अमन और शांति का गुलशल खिला हुआ है। होटल फुल हैं, टैक्सियों की बुकिंग चल रहा है। डल झील में पर्यटकों को किश्ती में सैर करवाने वाले शिकारावालों के पास पलभर आराम करने का भी समय नहीं है। बरसों बाद कश्मीर में यूं रौनक लौटती नजर आ रही है। बेखौफ घूमते लोगों से जब हालात की बात करो तो मुस्कुराते हुए कहते हैं-बहुत बहा खून, अब जनन्त में जनन्त का मजा लेने दो। स्थानीय लोगों से लेकर पर्यटकों में सुरक्षा और विश्वास की भावना साफ नजर आ रही है। मौजूदा वर्ष में पहली जनवरी से अब तक कश्मीर में करीब सवा तीन लाख पर्यटक आ चुके हैं। बीते तीन दिनों में ही करीब 10 हजार सैलानी कश्मीर में मौसम-ए-बहार का मजा लेने पहुंचे हैं।

### दिल्ली में अचानक बढ़ी कोरोना की संक्रमण दर, डीडीएमए की बैठक में चौथी लहर पर भी हो सकती है चर्चा

नई दिल्ली। राजधानी दिल्ली में बुधवार को 24 घंटे के दौरान कोरोना वायरस संक्रमण के 100 से अधिक मामले सामने आए हैं। यह चिंता बढ़ाने वाली बात इसलिए भी है, क्योंकि कई दिनों से 100 से कम मामले आ रहे थे। इसके साथ ही संक्रमण दर 0.05 प्रतिशत भी इजाफा हुआ है। चीन, दक्षिण पूर्व एशिया और यूरोप के कुछ देशों में कोरोना वायरस संक्रमण की ताजा लहर को देखते हुए देश में भी चिंता बढ़ने लगी है। इस बाबत केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय भी सतर्क हो गया है।

## विहिप ने नवरात्रि में नोएडा की सभी माँस दुकानों को बंद कराने की माँग की

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**देव मणि शुक्ल**

**नोएडा।** विश्व हिन्दू परिषद ने आज गौतम बुद्ध नगर जिला अधिकारी को ज्ञापन दिया जिसमें लिखित रूप से माँग की है कि आज से नवरात्रि का महापर्व शुरू हो गया है ।इस कारण नोएडा की सभी माँस मीट की दुकानों को बंद कराया जाऐ।इस मौके पर विश्व हिन्दू परिषद नोएडा महानगर के अध्यक्ष लालमणि पान्डेय,कार्यकारी अध्यक्ष छाया सिंह,जिला मंत्री विजय के के मिश्रा,विष्णु शर्मा आदि गणमान्य लोग मौजूद रहे ।

## शारदेय नवरात्र मेला का आज दूसरा दिवस

**(आधुनिक समाचार सेव)**
**दिनेश यादव**

**मैहर।** चैत्र नवरात्रि आरंभ हो गए हैं। नवरात्रि साल में दो बार आते है हिंदू धर्म का बेहद ही खास त्योहार है। नवरात्रि में 9 दिनों तक माता रानी के भक्त उनके 9 स्वरूपों की पूजा करते हैं। जिसमें से पहले दिन दुर्गा मां के शैलपुत्री रूप की पूजा की जाती है। इस दिन लोग अपने घरों में कलश स्थापना करते हैं और फिर 9 दिनों तक पूजा करते हैं। नवरात्रि में दूसरे दिन मां दुर्गा के ब्रह्माचारिणी रूप को पूजा की जाती हैं। इस दिन विशेष रूप से माता की कृपा पाने के लिए भक्त तरह-तरह के जतन करते हैं, व्रत रखते हैं, मन्नत मांगते हैं और भोग आदि तैयार करते हैं। माना जाता है कि मां ब्रह्मचारिणी संसार में ऊर्जा का प्रवाह करती हैं और मनुष्य को उनकी कृपा से आंतरिक शांति प्राप्त होती है। पौराणिक कथाओं के अनुसार मां ब्रह्मचारिणी तप की देवी हैं जिस कारण उनका नाम ब्रह्मचारिणी पड़ा था। चैत्र नवरात्रि दुतीय दिन प्रातः काल श्रृंगार एवं आरती प्रधान पुजारी मां शारदा शक्तिपीठ मैहर ।

## दो बच्चो संदिग्ध परिस्थितियों में लापता

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**देव मणि शुक्ल**

**नोएडा।** सेक्टर 71 स्थित जनता फ्लैट से दो बच्चो संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गए। बच्चों के परिजनों ने मामले की शिकायत फेज 3 थाना पुलिस से की है। सेक्टर 71 स्थित जनता फ्लैट में रहने वाले 11 वर्षीय क्रिस और 9 वर्षीय राशि दो दिन पहले घर से खेलने के लिए निकले थे, जो संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गए। काफी तलाश करने के बाद भी बच्चे नहीं मिले तो परिजनों ने फेज 3 थाना पुलिस से गुहार लगाई है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर बच्चों की तलाश शुरू कर दी है। परिजनों ने सोशल मीडिया पर बच्चों की फोटो पोस्ट करके लोगों से उन्हें तलाश करने में मदद मांगी है।

## अंधेरी कोर्ट बार एसोसिएशन का वार्षिक चुनाव संपन्न,प्रदीप शेट्टी हुए अध्यक्ष

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**मुंबई।** अंधेरी बार एसोसिएशन के



चुनाव में वकील बंधुओं ने वार्षिक कार्यकारिणी समिति के लिए प्रदीप शेट्टी को अध्यक्ष के रूप में चुना है।उपाध्यक्ष पद पर एस.एन.पांडे, सचिव राजेश पांडे, सह-सचिव पी.के. मिश्रा, खजीनदार अश्विनी यादव, सदस्य नीता शाह, सुरेंद्र यादव, मनीष शुक्ला,सोनी तिवारी,रमेश चंद्र तिवारी, विपुला नाईक को चुना गया है अध्यक्ष प्रदीप शेट्टी ने कहा कि वकीलों के मान- सम्मान एवं कल्याण के लिए वह सदैव तत्पर रहेंगे नवनिर्वाचित कार्यकारिणी के गठन पर बृजेश तिवारी, मनोज पांडे, संतोष तिवारी ,संजय चौबे ,विनोद तिवारी ,के.वी.दुबे ,शिव प्रसाद मिश्रा,अविनाश पांडे, प्रभाकर उपाध्याय ,शशि उपाध्याय ,शैलेश प्रजापति सहित नालासोपारा वसई विरार के आदि ने हार्दिक बधाई दी है यह जानकारी अँधेरी कोर्ट के एडवोकेट बृजेन्द्र सिंह ने दी।

## बिहार में भाजपा के डिप्टी सीएम ने बताई योगी माडल की जरूरत

**पटना/छपरा।** उत्तर प्रदेश में सीएम योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में भाजपा की शानदार वापसी के बाद बिहार के भाजपा नेता भी खूब उत्साहित हैं। इस उत्साह में बिहार में भी यूपी का योगी माडल लागू करने की बात होने



लगी है। भाजपा के कई नेताओं ने ऐसे बयान दिए, तो जदयू ने कहा कि बिहार के लिए नीतीश माडल ही काफी है और देश के दूसरे राज्य भी इसका ही अनुकरण कर रहे हैं। लेकिन, अब भाजपा के बड़े नेता और राज्य के उप मुख्यमंत्री तार किशोर प्रसाद ने बिहार में यूपी माडल लागू करने के मसले पर बड़ी बात कही है। बिहार के उपमुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद गुरुवार को छपरा में एक कार्यक्रम के तहत पहुंचे हुए थे। कार्यक्रम के बाद में पीएन ज्वेलर्स में हुए एक करोड़ 15 लाख लूट कांड को लेकर पीड़ित व्यवसाई नागेंद्र प्रसाद के आवास पर पहुंचे। वहां पर उनसे सुरक्षा के बाबत कई चर्चाएं की गईं और सवाल भी पूछे गए। सवालों पर उन्होंने कहा कि बिहार सरकार पूरी तरह सक्षम है। पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी के बिहार में योगी मॉडल लागू करने के बयान पर डिप्टी सीएम तारकिशोर प्रसाद ने सधी हुई प्रतिक्रिया दी।

## राशिफल

मेष-ःएक समय पर कई कार्य एकसाथ करने की चेष्टा के बजाय एक ही कार्य हाथ में लें। मित्र द्वारा छला गया व अकारण ही आहत महसूस कर सकते हैं। आत्मविश्वास के साथ जीवन में

वृष-ःजीवन में सुख व सौहार्द रहेगा। आत्मविश्वास से परिपूर्ण व ऊर्जावान रहेंगे। तनाव लिए बगैर सफलता प्राप्त करेंगे। रचनात्मक

मिथुन-ःपरिवार व प्रियजनों संग सुखद समय बिताएंगे। अर्थपूर्ण संबंध व खास अवसर निर्मित होंगे। अभिरुचि की गतिविधियों में भाग लेंगे व विश्राम से स्वयं

कर्क-ःविकल्प मौजूद होने पर आप अधीर हो सकते हैं,कोई भी निणय्र लेने से पहले प्राथमिकताओं पर ध्यान दें। विनोदप्रिय रवैया कठिन परिस्थितियों से निकलने

सिंह-ःधैर्य, परिश्रम व चतुराई से व्यावसायिक व वित्तीय मामलों का प्रबंधन करेंगे। प्राकृतिक व वैकल्पिक चिकित्सा से आपकी व परिवार की स्वास्थ्य समस्याएं

कन्या-ःस्वास्थ्य व व्यावसायिक मामलों में सुधार होगा। व्यावसायिक व निजी जीवन में कुछ अप्रत्याशित घटनाक्रम घटित हो सकते हैं। भाग्य आपके साथ है।

तुला-ःखानपान, काम, व विश्राम में संतुलन बिठाने की आवश्यकता है। कार्यस्थल पर परिवर्तनों के बावजूद प्रतिष्ठा कायम रखेंगे। वित्तीय व संपत्ति से जुड़े मामले

वृश्चिक-ःअंतर्द्वंद्व महसूस करेंगे। कई भावनात्मक व व्यावसायिक निणय्र लेने पड़ सकते हैं। जब कई विकल्प मौजूद हों तो अत्यधिक विश्लेषण के बजाय त्वरित निणय्र

धनु-ःअपने भीतर छिपी क्षमताओं का साक्षात्कार करेंगे। धैर्य, सतत प्रयासों व सकारात्मक ऊर्जा के साथ जड़ता व विरोध का सामना करें। विभिन्न गतिविधियों में व्यस्तता के मध्य सुरक्षा का भाव

मकर-ःपूरी ऊर्जा के साथ योजनाओं पर अमल आरंभ करेंगे। अक्सर कार्यव्यवहार में आप चरम पर पहुंच जाते है, किसी भी प्रकार के अतिरेक से बचें। बाधक परिस्थितियों से निराश होने के

कुंभ-ःनए अवसर प्रस्तुत होंगे व व्यावसायिक मामलों को कुशलता से हल करेंगे। व्यावसायिक बैठक में अपनी बेहतरीन योजनाओं व

मीन-ःसंबंधों में समझदारी व वित्तीय लेनदेन में सजगता अपेक्षित है। अपनी भावनाओं, विचारों व योजनाओं को ईर्ष्यालु लोगों से सुरक्षित रखें, वे उन्हें

# डी ए वी पब्लिक स्कूल खडिया में वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह में स्टार छात्रों ने बनाया दबदबा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**अश्विनी कुमार ठाकुर**

शक्तिनग (सोनभद्र)।डी ए वी पब्लिक स्कूल खडिया में आज एनुअल रिपोर्टिंग डे कार्यक्रम संपन्न हुआ।इस पावन अवसर पर मुख्य अतिथि श्री बी के सिंह प्राचार्य डी ए वी पब्लिक स्कूल अनपरा, (मैनेजर डीएवी खडिया) को सर्वप्रथम पुष्पगुच्छ प्रदान कर एवं तिलक लगाकर उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। तदुपरांत मुख्य अतिथि एवं विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती संध्या एल पांडेय ने अपने वरिष्ठ शिक्षकों के साथ वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच सामूहिक दीप प्रज्वलित कर वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह कार्यक्रम का शुभारंभ किया। सर्वप्रथम डीएवी गान एवं सरस्वती वंदना के माध्यम से जहां वाणी की अधिष्ठात्री देवी मां सरस्वती के प्रति आभार व्यक्त हुआ वहीं विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती संध्या एल पांडेय जी ने अपने स्वागत भाषण के दौरान मुख्य अतिथि सहित सभी अभिभावकों का स्वागत करते हुए बताया कि परिवार नागरिक गुणों की प्रथम पाठशाला है। छात्रों के विकास में विद्यालय के साथ-साथ अभिभावकों के सहयोग की भी महती भूमिका होती है। साथ ही साथ विद्यालय की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने बताया कि आज एलकेजी से लेकर कक्षा कक्षा 7 एवं नवम के छात्रों को वार्षिक रिपोर्ट कार्ड प्रदान कर शैक्षणिक एवं पाठ्य सहगामी क्रियाओं के उपलब्धि प्राप्त छात्रों को मुख्य अतिथि महोदय द्वारा प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान किया जाएगा। पुरस्कार वितरण के दौरान सर्वप्रथम मुख्य अतिथि महोदय ने ई ई डी पी के अंतर्गत एलकेजी से लेकर कक्षा दो तक के 16 छात्रों को विभिन्न क्षेत्रों में जिसके अंतर्गत सुलेख, वाचन , तीव्र गति से पाठन एवं लेखन की क्षमता कार्यकुशलता, नेतृत्व क्षमता एवं कहानी वक्ता के मानकों के आधार पर मुख्य अतिथि द्वारा उन्हें प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर उत्साहवर्धन किया गया। जहां शैक्षणिक क्षेत्र में कक्षावार प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। वही कक्षा 3 से लेकर 5 ,6 से लेकर 8 तथा 9 से लेकर 12वीं तक के छात्रों को तीन ग्रुप में विभाजित कर कल्चरल स्टार एवं स्टार चाइल्ड के रूप में प्रत्येक गुरूप से छात्र-छात्राएं पुरस्कृत हुई। जहां सीबीएसई बोर्ड द्वारा सत्र 2020-21 मे कक्षा दसवीं के छात्र ध्रुव प्रकाश को 92 प्रतिशत अंक प्राप्त करने पर पुरस्कृत किया गया वही कक्षा 12वीं की छात्रा प्रिया कुशवाहा को 96.8 प्रतिशत अंक प्राप्त करने की उपलब्धियों पर प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदानकिए गए वार्षिक उपलब्धियों के आधार पर श्रद्धानंद सदन को विनर का खिताब मिला। मुख्य अतिथि महोदय ने अपने संबोधन के दौरान बताया कि डीएवी संस्थाएं ज्ञान के साथ विज्ञान अर्थात संस्कृति के साथ संस्कार की शिक्षाएं प्रदान करती हैं । साथ ही साथ उन्होंने विद्यालय उपलब्धि की चर्चा करते हुए प्राचार्या श्रीमती संध्या एल पांडेय के कार्यों की सराहना की कार्यक्रम सफल तथा सराहनीय रह कार्यक्रम के दौरान कोविड-19 के नियमों का पालन किया गया।



# एडमिन टाइटंसको हराकर बॉयलर कमांडोज सेमीफाइनल में पहुंचा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**अश्विनी कुमार ठाकुर**

**रेनू सागर (सोनभद्र)।** में चल रहे आर.पी.एल(रेनू सागर प्रीमियर लीग टूर्नामेंट) एडमिन टाइटंस और बॉयलर कमांडोज के बीच खेले गए रोमांचक मैच में बॉयलर कमांडोज ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए 5 विकेट से मैच जीतकर सेमीफाइनल में अपनी जगह सुनिश्चित किया। बॉयलर कमांडोज की तरफ से दीपक लाल प्रजापति ने बेहतरीन 27 रन बनाए एवं संतोष कुमार ने 2 ओवर में 8 रन देकर एक विकेट लिया। वही एडमिन टाइटंस के तरफ से सुधाकर मिश्रा ने 32 रन एवं सुमित सिंह ने 18 रन का योगदान दिया पर वह अपनी टीम को हार से नहीं बचा सके



# सोमवार को समाज कल्याण राज्यमंत्री संजीव कुमार गौड़ का होगा आगमन

**(आधुनिक समाचार सेव)**
शैलेन्द्र कुमार

**सोनभद्र।** उत्तर प्रदेश सरकार के समाज कल्याण एंव अनुसूचित जाति एंव जनजाति कल्याण विभाग के राज्य मंत्री संजीव कुमार गौड़ का जनपद आगमन सोमवार को हो रहा है।प्रोटोकॉल के मुताबिक गेस्ट हाउस अष्टभुजा विंध्याचल जनपद मीरजापुर मे स्थानीय सांसद/विधायक/जिला अध्यक्ष एंव पार्टी पदाधिकारियो से मुलाकात के बाद मिर्जापुर मे विभागीय समीक्षा बैठक करेंगे उसके उपरांत मडिहान एवं राजगढ़ ब्लाक में मंत्री जी का कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत करने के बाद जनपद सोनभद्र के लिए प्रस्थान करेंगे जहा करमा,हिन्दुवारी, मे स्वागत के बाद भाजपा कार्यालय मे स्थानिय सासंद/विधायक/भाजपा जिलाध्यक्ष एंव पार्टी के पदाधिकारियों से मुलाकात करने के बाद मारकुंडी/सलखन/पटवध/चोपन बैरियर,पर पार्टी के कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय लोगों द्वारा मंत्री जी का स्वागत कार्यक्रम के बाद वह ओबरा वीआईपी गेस्ट हाउस में पहुंचेंगे।



# मुख्य बांध पर डेस्क स्लैब ढालने का कार्य हुआ पूरा

**दुद्धी (सोनभद्र) ।** अप्रैल के प्रथम सप्ताह में कनहर सिचाई परियोजना के स्पिलवे के सभी सोलह फाटक के डेस्क स्लैब ढालने एवं मुख्य बांध पर गेट लगाने का काम शुरू होने पर मुख्य अभियंता हर प्रसाद ने मातहत अभियंताओं के साथ कार्यदायी संस्था के अधिकारियों की पीठ थपथपाई। गुरुवार को मुख्य अभियंता परियोजना के प्रगति का जायजा लेने के दौरान काशी हिंदू विश्वविद्यालय के अनुसंधान केंद्र से डा. पीकेएस दीक्षित की अगुवाई में आए तीन सदस्यीय भूगर्भ वैज्ञानिकों के साथ बाई राकफिल के लिए चल रहे ग्राउटिग एवं ट्रीटमेंट आदि को लेकर नदी में खड़े होकर घंटों चर्चा कर बांध बांधने की प्रक्रिया पर अंतिम मुहर लगाई। निरीक्षण के पश्चात मातहत अभियंताओं व कार्यदायी संस्था के साथ फिल्ड हास्टल में हुई बैठक में उन्होंने मुख्य बांध के डेस्क स्लैब का कार्य पूर्ण करने, हाइड्रोलिक फाटक एवं बाई राकफिल शुरू करने के पूर्ण नदी में ग्राउटिग एवं ट्रीटमेंट का काम शुरू होने पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि इसी तरह की तेजी आगे भी देखने को मिले। श्री प्रसाद ने मातहत अभियंताओं को निर्देशित किया कि वे जून माह के पूर्व नदी के बीच होने वाले सभी कार्य पूर्ण कर ले। जिससे आगामी नवंबर माह से बांध बांधने की प्रक्रिया शुरू किया जा सके। इसमें किसी तरह की कोताही एवं ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि परियोजना के अन्य लंबित कार्यों की समीक्षा के दौरान उसे भी प्राथमिकता के आधार पर पूरा करने का निर्देश दिया। जिससे परियोजना की अनुमोदित धनराशि स्वीकृत होने के साथ नहरों का कार्य भी बगैर किसी अवरोध के पूरा करने का अभियान शुरू किया जा सके। इसके साथ ही उन्होंने हाइड्रोलिक गेट लगाने में किसी तरह की कोई चूक न हो, इसके लिए जिस संख्या पर गेट लगाना हो, उस खंड में पूरा कार्य समाप्त करने के बाद ही दूसरे खंड की प्रक्रिया शुरू करे। इसके पूर्व वे अधीक्षण अभियंता दीपक कुमार एवं सीमांत अग्रवाल के साथ स्पिलवे, डेस्क स्लैब, गेट एवं पत्थर पिचिग के कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। जमीनी हकीकत से रूबरू होने के बाद वे मातहतों को कई दिशा निर्देश भी दिया। वहीं कंपनी के अधिकारियों से भी कई मसलों पर सलाह मशविरा किया। इस मौके पर अधिशासी अभियंता एसपी चौधरी, राम आशीष, विनोद कुमार, सहायक अभियंता संजय गुप्ता, टीएन झा, आशुतोष मिश्रा, राजकुमार जायसवाल, अवर अभियंता नंदलाल, धीरेंद्र कुमार कौशिक, रतन श्रीवास्तव, नीरज प्रजापति के साथ कार्यदायी संस्था के पीवीआरवी वर्मा, पीएम भाष्कर, सत्यनारायण राजू आदि रहे।



# महिलाओं, बालिकाओं को उनके अधिकारों के प्रति करें जागरूक

सोनभद्र : पुलिस अधीक्षक अमरेंद्र प्रसाद सिंह ने महिला सशक्तीकरण के लिए चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान के तहत गुरुवार को पुलिस लाइन सभागार में गोष्ठी की। इसमें सभी थानों पर नियुक्त महिला बीट पुलिस अधिकारी, एंटी रोमियो टीम के सदस्य शामिल रहे। इसमें महिलाओं, बालिकाओं को स्वावलंबी बनाने तथा उनके अधिकारों के संबंध में जागरूक करने, उनके साथ घटित होने वाले अपराधों पर प्रभावी रोकथाम पर चर्चा की गई। इस दौरान एसपी ने कहा कि महिलाओं का सशक्तीकरण और स्वावलंबन शासन की प्राथमिकता है। मिशन शक्ति का मुख्य उद्देश्य महिलाओं में चेतना बढ़ाना व विभिन्न क्षेत्रों में उनकी सहभागिता को बढ़ाना है। हम सबको मिलकर महिलाओं के सशक्तीकरण व उनमें जागरूकता के लिए प्रयास करना होगा, जो कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने सभी थानों से आयी महिला बीट पुलिस अधिकारी, एंटी रोमियों दल को निर्देश दिया कि इस विशेष अभियान में महिलाओं व बालिकाओं को आत्मनिर्भर बनने का प्रशिक्षण, सुरक्षा, सम्मान के प्रति जागरूकता प्रदान किए जाने के लिए महिला बीट पुलिस अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र के स्कूल, कॉलेजों, गांवों, सार्वजनिक स्थलों व स्थापित मिशन शक्ति कक्ष में नियमित रूप से जाकर बालिकाओं, महिलाओं से संवाद करें। शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में उन्हें जागरुक करें। उनकी समस्याओं को सुने व उनका त्वरित निस्तारण कराए जाने का हरसंभव प्रयास करें। अपने क्षेत्र की प्रभावशाली महिलाओं, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, एनजीओ आदि से लगातार समन्वय स्थापित कर महिलाओं को जागरुक करें। अपने क्षेत्र में पड़ने वाले विभिन्न स्कूल, कालेज में जाकर छात्र-छात्राओं से वार्ता करें व उन्हें बालिकाओं एवं महिलाओं की सुरक्षा हेतु विभिन्न कानूनी धाराओं, नियमों व विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों व महिलाओं के विरुद्ध घटित होने वाले अन्य अपराधों पर कानूनी कार्रवाई के संबंध में जानकारी देते हुए जागरुक करें। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय विनोद कुमार, प्रतिसार निरीक्षक धर्मेंद्र सिंह, प्रभारी महिला सहायता प्रकोष्ठ सीमा सिंह, महिला थाना प्रभारी संतू सरोज, जिला प्रोबेशन विभाग से सीमा द्विवेदी, साधना मिश्रा समेत अन्य रहीं।

# स्कार्पियो के धक्के से दुकान गिरी, सामान नष्ट

**डाला (सोनभद्र) ।** स्थानीय पुलिस चौकी क्षेत्र के सीमेंट फैक्ट्री के समीप बने ओवरब्रिज के नीचे अनियंत्रित स्कापिन्यो गुरुवार को एक परचुन की दुकान में जा घुसी। दुकान ध्वस्त हो गया और सामान तहस नहस हो गया। घटना के संबंध में बताया गया कि स्कापिन्यो सवार ओबरा से रेणुकूट की तरफ जा रहे थे। ओवरब्रिज के नीचे से मुख्य मार्ग को जाने के लिए सर्विस रोड पर घूमते ही अचानक सामने आया बाइक सवार को बचाने के चक्कर में गाड़ी अनियंत्रित होकर सर्विस रोड किनारे बनी किराना दुकान में जा घुसी। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना में शामिल वाहन को चौकी परिसर में खड़ा करा लिया।

# वैष्णो मंदिर में चैत नवरात्र के प्रथम दिन लगा श्रद्धालुओं का तांता

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**अनिल कुमार अग्रहरि**

**डाला (सोनभद्र)।** चैत्र नवरात्र के प्रथम दिन बाड़ी स्थित वैष्णो मंदिर मे हवन पूजन कर पूजी गई मां शैलपुत्री। चैत्र नवरात्र के पहले दिन शनिवार को सुबह 5:30 बजे से मंदिर में मां की सिंगार पश्चात पट खोल कर भव्य आरती की गई वैष्णो शक्तिपीठ धाम के महंत श्रीकांत तीवारी ने बताया कि पहले दिन मां शैलपुत्री की हवन पूजन कर इनकी आराधना की गई की आराधना से मन में व्यक्ति के जीवन में संयम सदाचार आत्मविश्वास तेज बल बुद्धि का विकास होता है अविवेक आशुतोष लोग का अंत होता है जीवन में साहस की बुद्धि होती है मां कभी निराश नहीं करती जो सच्चे मन से आता है उनकी मुराद मां अवश्य पूरी करती दूरदराज से आए श्रद्धालुओ वही मंदिर के कमेटी द्वारा बताया कि डाला चौकी द्वारा भी सुरक्षा की कड़ी व्यवस्था की गई है प्रसाद विक्रेता बजरंगी सेठ व प्रदीप ने बताया कि हर साल से इस साल की मार्केट बहुत अच्छा रहा मंदिर संचालक कमेटी ने बताया कि सिक्योरिटी सुरक्षा गार्ड व्यवस्था की गई है मेन गेट पर मेडल डिटेल डिटेक्टर द्वारा तलाशी ली जा रही है व डाला पुलिस चौकी इंचार्ज मनोज कुमार ठाकुर ने सुरक्षा को देखते हुए महिला पुलिस भी व पुलिस तैनात कर दी गई है।









# चैत नवरात्र के अवसर पर निकाली गई भव्य कलश यात्रा

**(डाला संवाददाता सेवा)**
**अनिल कुमार अग्रहरि**

**डाला (सोनभद्र)।** स्थानीय डाला बारी में चैत नवरात्र के प्रथम दिन जय मां दुर्गा सेवा समिति के द्वारा निकाली गई भव्य कलश यात्रा हिंदू चैत नवरात्र के प्रथम दिन बाडी सोननदी से कलश यात्रा निकालकर बारी डाला में स्थित मां दुर्गा मंदिर पर स्थापित कर चैत नवरात्र प्रथम दिन मां शैलपुत्री जी विधि-विधान से पूजन किया गया वहीं इस अवसर पर कलश यात्रा में चोपन ब्लाक प्रमुख लीला देवी भी सामिल रही और माता रानी के जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। इस दौरान चोपन ब्लाक प्रमुख लीला देवी ,अमित मिश्रा, पन्न विश्वकर्मा, राकेश पटेल, सेवालाल साहनी, रामधारी निषाद, संजय, शिव शंकर, अनिल कुमार, मुकेश चौधरी, प्रदीप निषाद, टाटा चौधरी ,व सैकड़ों महिलाएं-पुरुष सामिल रहें।

# कुल देवता सन्त बाबा गणिनाथ जी की याद में अखिल भारतीय मद्धेशिया ( कान्दू हलवाई )वैश्य सभा का होली मिलन समारोह

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**अश्विनी कुमार ठाकुर**

**सोनभद्र।** कल दिनांक 31मार्च 2022 को बैजनाथ मद्धेशिया जिला अध्यक्ष अखिल भारतीय मध्य देशीय वैश्य सभा सोनभद्र के अध्यक्षता में रेणुकूट नगर अध्यक्ष प्रभात मोहन गुप्ता जी के अथक प्रयास से अखिल भारतीय मद्धेशिया (कान्दू हलवाई )वैश्य सभा ने पिंपरी नगर पंचायत कल्याण मंडप में भव्य होली मिलन समारोह मनाया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य शन्न्ए के श्रीमान राजाराम गुप्ता जी विशिष्ट अतिथि श्री ओमकार केसरी एवं बलिया से चलकर आए पूर्व चेयरमैन लक्ष्मण मद्धेशिया जी श्रीमान गिरीश चंद्र मद्धेशिया प्रदेश महामंत्री जी बीएन गुप्ता जी मनीष गुप्ता युवा प्रदेश अध्यक्ष उत्तर प्रदेश रेनुकोट नगर पंचायत चेयर मैन श्रीमती निशा सिंह ,दिग्विजय सिंह पिपरी चेयर मैन ,बी एन गुप्ता काशी पिछड़ा प्रकोष्ठ मंत्री बीजेपी, कार्यक्रम का शुरुआत बाबा गणिनाथ जी की पूजन और आरती से प्रारंभ हुआ इसके बाद ध्वज फहराया गया सभी लोग आपस में अबीर गुलाल लगाकर के गले मिलते हुए और रंगारंग कार्यक्रम का आनंद लिया इस कार्यक्रम में जिले से सभी नगर के बरीष्ठ एम् युवा की सभी पदाधिकारी व स्वजातीय जनप्रतिनिधि मातृ शक्ति ने बढ़चढ़ कर भाग लिया कार्यक्रम में मुख्य रूप से कमलेश मोहन गुप्ता ,अनिल गुप्ता,दुद्धी से शक्तिनगर से मोहन गुप्ता जी जिला उपाध्यक्ष, अशोक कुमार गुप्ता ,मनोज कान्दू युवा जिला उपाध्यक्ष अनपरा,अशोक कुमार गुप्ता रामबिलास गुप्ता रेनुसागर,राकेश कुमार एडवोकेट नंदकिशोर गुप्ता जी पत्रकार विंधमगंज जिला उपाध्यक्ष बृज किशोर गुप्ता, जिला मंत्री अजय कुमार गुप्ता , बबलू शाह, अनूप गुप्ता विजय गुप्ता रेनुकोट, राजू कुमार युवा जिला अध्यक्ष मनोज गुप्ता जी गाजीपुर से सभी लोगो का जिला अध्यक्ष जी ने आभार व्यक्त करते हुए सभी को होली एवं हिन्दू नव वर्ष कि बधाई दी



# किशोरियों में सेनेटरी पैड का हुआ निःशुल्क वितरण

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**अश्विनी कुमार ठाकुर**

**सोनभद्र ।** जनपद सोनभद्र के करमा ब्लॉक अंतर्गत ग्राम सभा सुकृत में बलिराम विश्वकर्मी जी के दरवाजे पर सोनभद्र मानव सेवा आश्रम ट्रस्ट के सौजन्य से आज दिनांक 29 मार्च 2022 को संस्था की जिला सचिव सोनभद्र राधिका यादव जी के द्वारा किशोरियों को जागरूक कर सेनेटरी पैड का निःशुल्क वितरण किया गया। इस मौके पर सीनियर सिटीजन हेल्पलाइन के फील्ड रिस्पांस ऑफिसर सोनभद्र अभिषेक पाठक, राष्ट्रीय अध्यक्ष गौतम विश्वकर्मा, सह संस्थापिका श्रीमती शांति देवी, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष अरुण कुमार गुप्ता, जिला सचिव सोनभद्र दिनेश कुमार, जिला सचिव सोनभद्र महिला मंच राधिका यादव, सदस्य सूरज मणि, अनिल विश्वकर्मा, बालिकाएं व ग्रामीण मौजूद रहे।



# विक्षिप्त महिला का रेलवे ब्रिज पर मिला क्षत विक्षत शव

**महुली (सोनभद्र) ।** विढमगंज थाना क्षेत्र के देवढ़ी गांव में गुरुवार को सुबह कनहर नदी पर स्थित रेलवे ब्रिज पर एक महिला का शव मिलने से सनसनी फैल गई। देवढ़ी ग्राम प्रधान श्रीकांत यादव ने बताया कि देवढ़ी गांव निवासी मुनिया देवी (40) पतने छद्दू लोहार पिछले कई वर्षों से अर्धविक्षिप्त अवस्था में रहती थी। वह अपने परिजनों को बिना बताए ही इधर -उधर निकल जाया करती थी। मृतका के पति छद्दू लोहार ने बताया कि बुधवार को रात्रि में किसी समय उसकी पतने मुनिया घर से बाहर निकल गई और गुरुवार को सुबह कनहर रेलवे ब्रिज पर उसका शव क्षत विक्षत अवस्था में पाया गया। ग्रामीणों को जैसे ही घटना की खबर लगी, घटनास्थल पर भीड़ इकट्ठी हो गई। सूचना पर पहुंचे विढमगंज थाना प्रभारी सूर्यभान ने शव का पंचनामा कर उसे पोस्टमार्टम के लिए दुद्धी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजवा दिया।


# अस्पताल में मरीजों का बांटा फल, चलाया सफाई अभियान

**सोनभद्र ।** भाजपा अपने स्थापना दिवस से बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की जयंती 14 अप्रैल तक समरसता सप्ताह मना रही है। इसके तहत गुरुवार को पार्टी के जिलाध्यक्ष अजीत चौबे के नेतृत्व में राबर्ट्सगंज स्थित स्वास्थ्य केंद्र पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। फिर जिला संयुक्त चिकित्सालय लोढ़ी में मरीजों को फल वितरित किया गया। यहां जिलाध्यक्ष ने कहा कि भाजपा के स्थापना दिवस से बाबा भीमराव अंबेडकर की जयंती 14 अप्रैल तक समरसता सप्ताह आयोजित कर सेवा कार्य किया जाएगा। सेवा कार्य के अंतर्गत रक्तदान शिविर, स्वच्छता अभियान, अस्पतालों में फल वितरण का कार्य, स्वास्थ्य परीक्षण शिविर व सार्वजनिक स्थलों पर पेयजल व्यवस्था आदि के माध्यम से सेवा का कार्य किया जाएगा। भाजपा सभी समुदाय के प्रति एक अच्छी विचारधारा के साथ सबका साथ सबका विश्वास के साथ चलने वाली पार्टी है। पार्टी आज विश्व के शिखर पर अपनी पहचान बनाई है। इस दौरान अजीत रावत, उदयनाथ मौर्य, वृष्णमुरारी गुप्ता, शंभूनारायण सिंह, अनूप तिवारी, राकेश मेहता, विनय श्रीवास्तव, बलराम सोनी, रमेश जायसवाल, दिलीप चौबे, आशीष केशरी, विनोद सोनी, विजय केशरी, संतोष भारती, ध्रुवकांत द्विवेदी आदि उपस्थित रहे।



# शक्ति रूपेण संस्थिता

**सोनभद्र ।**जमालपुर गांव में काली माता मंदिर बाजार से पांच सौ मीटर दूर देवकली इंटर कालेज के पूर्वी बाउंड्रीवाल के पीछे दक्षिण दिशा में है। मंदिर की प्रसिद्धि दूर-दूर तक फैली हुई है। यह मंदिर वर्षों से भक्तों के बीच आस्था का केंद्र बना हुआ है। माता के धाम सवारी व निजी वाहन से पहुंचा जा सकता है। नवरात्र में मां के चरणों में शीश नवाने भारी संख्या में भक्त धाम पहुंचते हैं। प्राचीन काली माता मंदिर का इतिहास लगभग 100 वर्ष पुराना है। ग्रामीणों के अनुसार गांव के दक्षिण दिशा की तरफ निर्जन स्थान में पीपल के पेड़ में चांदी की काली मां की मूर्ति थी। करीब 100 वर्ष पूर्व गांव में भीषण अकाल पड़ा था। गांव में आए एक ब्राह्मण ने बताया कि पूज्य काली माता के प्रकोप से महामारी फैली हुई है। मां के स्वपन देने पर शिवमूरत मौर्य काली माता की मूर्ति को घर ले जाकर पूजा पाठ करने लगे। 1999 ई. में शिवमूरत के पुत्र बच्चेलाल को माता ने अपने पूर्व के स्थान पर मंदिर बनवाकर स्थापित करने का स्वपन दिया। इसके बाद जनसहयोग से भव्य काली माता के मंदिर का निर्माण कराकर माता की मूर्ति की स्थापना की गई। दूरमाता के दरबार में सच्चे हृदय से हाजिरी लगाने वाले भक्तों का उद्धार होता है। मां का दर्शन करने से आत्मिक शांति मिलती है। माता बिगड़े काम बनाती है। माता की कृपा भक्तों पर सदैव बरसती रहती है। माता का दरबार जागृत है। माता के दरबार से कोई खाली हाथ वापस नहीं लौटता। माता अपने भक्तों की झोली खुशियों से भर देती हैं। सच्चे मन से मां की प्रार्थना करने वाले भक्त की माता मनोकामना पूर्ण करती हैं।



# हार्दिक पांड्या ने कहा, मेरी सहानुभूति पंजाब की टीम के साथ उनको जीत मिलनी चाहिए थी

**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग की नई फ्रेंचाइजी टीम गुजरात टाइटंस ने जीत की हैट्रिक पूरी कर ली है। शुक्रवार को पंजाब के खिलाफ खेले गए आखिरी ओवर के रोमांचक



मुकाबले में टीम ने 6 विकेट से जीत हासिल की। इस मैच में राहुल तेवतिया ने आखिरी दो गेंद पर छक्का जमाकर टीम को विजेता बनाया। कप्तान हार्दिक पांड्या ने पंजाब को मैच का विजेता बताया और हार पर उनके साथ सहानभूति जताई। हार्दिक ने मैच के बाद कहा, ऐसे जो अब उतार चढ़ाव होते हैं इसके हिसाब से मैं ढल चुका हूं और यह मेरे लिया स्वभाविक की हो गई। तेवतिया को सलाम करता हूं। मैदान में एकदम से जाना और यूं बड़े हिट लगाना बहुत ही ज्यादा मुश्किल काम है और वो भी इस तरह से गजब के दबाव वाली स्थिति में। यह मैच तो पंजाब की टीम का ही था, मेरी पूरी सहानभूति उनकी टीम के साथ है। कप्तान हार्दिक ने युवा शुभमन गिल की तारीफ की साथ ही डेब्यू करने करने वाले साई सुदर्शन की ही सराहना की साथ ही अपनी फिटनेस को लेकर भी बात ही। इस मैच में गिल ने 96 रन की पारी खेली जबकि साई ने 35 रन बनाए। कप्तान ने 27 रन की पारीखेलने के साथ 4 ओवर में 36 रन देकर 1 विकेट भी हासिल किया। उन्होंने कहा, ठगिल अब यह सभी को बता रहे हैं कि देखिए मैं यहां हूं। हमारी टीम को मिली जीत में साई द्वारा निभाई गई साझेदरी को बहुत श्रेय जाता है। उन दोनों ही साझेदारी ने ही हमें मैच में बनाए रखा। मैं हर एक मैच के साथ और भी बेहतर होता जा रहा हूं। मैं थकावट महसूस करता हूं क्योंकि चार ओवर गेंदबाजी करने का आदी नहीं रहा। लेकिन फिर भी अब धीरे धीरे बेहतर ही हो रहा है।

# आखिरी ओवर में राहुल तेवतिया ने फिर किया धमाका, छक्के पर छक्का लगाकर गुजरात को दिलाई रोमांचक जीत

**नई दिल्ली।**इंडियन प्रीमियर लीग के 15वें सीजन में गुजरात की टीम के जीत का अभियान जारी है। शुक्रवार को पंजाब की टीम के खिलाफ रोमांचक जीत के साथ टीम ने टूर्नामेंट में जीत का हैट्रिक पूरा



किया। आखिरी ओवर में राहुल तेवतिया ने लगातार छक्के जमाते हुए पंजाब के जीत की उम्मीदों पर पानी फेर दिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए पंजाब ने 9 विकेट पर 189 रन बनाए थे। जवाब में आखिरी गेंद पर 4 विकेट के नुकसान पर जीत का लक्ष हासिल किया। पंजाब की टीम के खिलाफ गुजरात के कप्तान हार्दिक पांड्या ने टास जीत कर पहले गेंदबाजी चुनी। आखिर के ओवर में अर्शदीप और राहुल चाहर की तेज पारी की बदौलत टीम ने 9 विकेट पर 189 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। लक्ष्य का पीछा करते हुए ओपनर शुभमन गिल ने 57 गेंद पर 96 रन की लाजवाब पारी खेल टीम को जीत के करीब पहुंचाया। डेब्यू कर रहे सुदर्शन ने 35 रन बनाए तो कप्तान हार्दिक 27 रन की पारी खेल आउट हुए। आखिरी ओवर में गुजरात की टीम को 19 रन की जरूरत थी और गेंद पंजाब के कप्तान ने ओडीन स्मिथ को थमाई। पहली गेंद वाइड गई तो दूसरी गेंद पर कप्तान हार्दिक का विकेट हासिल हुआ। इसके बाद बल्लेबाजी करने उतरे तेवतिया ने 1 रन लेकर स्ट्राइक बदला। अगली 3 गेंद पर 17 रन की जरूरत थी। चौथी गेंद पर डेविड मिलर ने चौका लगाया। अब 13 रन चाहिए था जीत के लिए और स्मिथ ने थ्रो मारा जिसपर तेवतिया ने एक रन लेकर स्ट्राइक वापस ली। अब अगली दो गेंद पर टीम को जीत के लिए 2 छक्के की जरूरत थी। पिछले सीजन में वेस्टइंडीज के गेंदबाज शेल्डन काट्रेल को जमकर छक्के लगाते हुए राजस्थान को विजयी बनाने वाले राहुल से वैसी ही बल्लेबाजी की उम्मीद थी। राहुल ने अपने नाम के मुताबिक ही अगली दो गेंद पर छक्के पर छक्का जमाया और टीम को जीत की हैट्रिक मनाने का मौका दिया। 3 गेंद पर तेवतिया 13 रन बनाकर लौटे और जीत की खुशी में फैंस नाच उठे।

# पूर्व कोच शास्त्री हुए मुरीद, इस युवा को बताया विश्व क्रिकेट के बेहतरीन प्रतिभाओं में से एक


**मुंबई।** भारत की तरफ से टेस्ट क्रिकेट में टीम की ओपनिंग कर चुके शुभमन गिल इस वक्त इंडियन प्रीमियर लीग में अपना जलवा बिखेर रहे हैं। पिछले कुछ सीजन में कोलकाता की तरफ से खेलने वाले इस बल्लेबाज को इस



बार गुजरात की टीम ने ड्राफ्ट के द्वारा अपने साथ जोड़ा था। पूर्व भारतीय कोच रवि शास्त्री ने युवा बल्लेबाज गिल को विश्व क्रिकेट की बेहतरीन प्रतिभाओं में से एक करार दिया जो अपने शाट्स की वजह से खेल के टी-20 प्रारूप के लिए पूरी तरह फिट हैं। गिल आइपीएल के इस सत्र में गुजरात टाइटंस के लिए खेल रहे हैं। 22 साल का यह खिलाड़ी इस सत्र को आस्ट्रेलिया में होने वाले आइसीसी टी-20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम में जगह बनाने के मौके के तौर पर लेना चाह रहा है। इस सीजन में वह अब तक की सबसे बेहतरीन पारी खेलते हुए टूर्नामेंट में अपना सबसे बड़ा स्कोर बनाया। शास्त्री ने कहा, 'गिल देश और विश्व क्रिकेट की बेहतरीन प्रतिभाओं में से एक हैं। अगर वह इसी तरह खेलते हैं तो वह बड़े स्कोर बना सकते हैं। जब वह क्रीज पर जम जाते हैं तो बल्लेबाजी कितनी आसान दिखती है। उसमें गेंद को सीमा से बाहर करने के लिए वह दमखम, समय और ताकत है। वह खेल के इस प्रारूप के लिए ही बने हैं। उनका शाट चयन और स्ट्राइक रोटेशन उसे दबाव कम करने में मदद करते हैं।' गिल ने मौजूदा आइपीएल में अपने खेल से प्रभावित किया है और आगामी हफ्तों में उसके कुछ प्रभावशाली पारियां खेलने की उम्मीद है। शास्त्री ने कहा, 'वह ऐसा खिलाड़ी हैं जो खराब गेंद को बाहर भेजने में सक्षम है। शार्ट गेंद खेलने में माहिर हैं।

# गुजरात के जीत की हैट्रिक, पंजाब को रोमांचक मुकाबले में हराया

**नई दिल्ली।** आइपीएल 2022 के 16वें लीग मैच में गुजरात टाइटंस का सामना मुंबई के ब्रेबोर्न स्टेडियम पर पंजाब किंग्स के साथ हुआ। इस मैच में गुजरात के कप्तान हार्दिक पांड्या ने टास जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। पंजाब की टीम ने पहली पारी में बल्लेबाजी करते हुए पंजाब से मिले लक्ष्य का पीछा करने उतरी गुजरात के लिए शुभमन गिल और मैथ्यू वेड पारी की शुरुआत करने उतरे। मैथ्यू वेड के रूप में टीम को पहला झटका लगा। अनुभवी गेंदबाज करिसो रबादा ने उनको 6 रन पर आउट कर वापस जाने पर मजबूर किया। पावरप्ले के 6 ओवर में गुजरात




लिविंगस्टोन की अर्धशतक की मदद से 20 ओवर में 9 विकेट पर 189 रन बनाए। आखिरी दो गेंद पर राहुल तेवतिया ने दो लगातार छक्के जमाकर जीत तक पहुंचाया। शुभमन गिल ने 96 रन की बेशकीमती पारी खेली। ने एक विकेट गंवाकर 53 रन बनाए। गिल ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 29 गेंद पर 7 चौके और 1 छक्के की मदद से पचास रन पूरे किए। विजय शंकर के चोटिल होने की वजह से पहला मैच खेलने उतरे साइ सुदर्शन ने 30 गेंद पर 35 रन की पारी खेल सबका दिल जीत लिया। उन्होंने राहुल चाहर की गेंद पर आउट होने से पहले गिल के साथ 101 रन की साझेदारी निभाई। पंजाब के कप्तान मयंक ने धवन के साथ पारी की शुरुआत की और दोनों के बीच सिर्फ 11 रन की साझेदारी हुई। इसके बाद मयंक ने 5 रन पर अपना विकेट गंवा दिया और उन्हें हार्दिक पांड्या ने राशिद खान के हाथों कैच करवा दिया। जानी बेयरस्टो का ये इस सीजन का पहला मैच था, लेकिन उनकी शुरुआत खराब रही और उन्होंने लाकी फर्ग्यूसन की गेंद पर 8 रन पर तेवतिया के हाथ में अपना कैच थमा दिया। धवन ने 30 गेंदों का सामना करते हुए 35 रन की पारी खेली और चार चौके लगाए। उन्हें राशिद खान ने मैथ्यू वेड की गेंद पर आउट करवा दिया। पंजाब का चौथा विकेट जितेश शर्मा के रूप में गिरा जिन्हें दर्शन नीलकंडे ने 23 रन पर आउट किया तो वहीं उन्होंने स्मिथ तो शून्य पर आउट कर दिया। लियाम लिविंगस्टोन ने 24 गेंदों पर 4 छक्के व 7 चौकों की मदद से 64 रन की शानदार पारी खेली, लेकिन वो राशिद खान की गेंद पर मिलर के हाथों कैच हुए। उन्होंने अपना अर्धशतक सिर्फ 21 गेंदों पर छक्के की मदद से पूरी की। शाहरुख खान को राशिद खान ने 15 रन पर पगबाधा आउट कर दिया तो वहीं रबादा एक रन पर रन आउट हो गए। वैभव अरोड़ा दो रन बनाकर शमी की गेंद पर आउट हुए। गुजरात की तरफ से राशिद खान ने सबसे ज्यादा 3 विकेट लिए। पंजाब के खिलाफ इस मैच के लिए गुजरात ने अपनी टीम में दो बदलाव किए। विजय शंकर और वरुण आरोन को टीम से बाहर किया गया जबकि उनकी जगह टीम में दर्शन नालकंडे और साई सुदर्शन को शामिल किया गया जिन्होंने इस मैच से अपना आइपीएल डेब्यू किया। वहीं पंजाब की टीम ने एक बदलाव किया जिसमें भानुका राजपक्षे की जगह बेयरस्टो को मौका दिया गया। मयंक अग्रवाल (कप्तान), शिखर धवन, लियाम लिविंगस्टोन, जानी बेयरस्टो (विकेटकीपर), जितेश शर्मा, शाहरुख खान, ओडियन स्मिथ, कगिसो रबाडा, राहुल चाहर, वैभव अरोड़ा, अर्शदीप सिंह। मैथ्यू वेड (विकेटकीपर), शुभमन गिल, साई सुदर्शन, हार्दिक पांड्या (कप्तान), डेविड मिलर, राहुल तेवतिया, अभिनव मनोहर, राशिद खान, लाकी फर्ग्यूसन, मोहम्मद शमी, दर्शन नालकांडे।

# नशे में मारने की कोशिश करने वाले पर भड़के Sehwag कौन था वो

**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग के 15वें सीजन में राजस्थान रायल्स की तरफ से खेल रहे युजवेंद्र चहल शानदार फार्म में हैं। उन्होंने इस सीजन में बेहतरीन गेंदबाजी की है। पिछले सीजन तक रायल चैलेंजर्स बैंगलोर की तरफ से खेलने वाले इस गेंदबाज ने पुरानी फ्रेंचाइजी के खिलाफ दमदार खेल दिखाया। चहल ने एक किस्सा सुनाया जिसमें बताया कि कैसे मुंबई इंडियंस की टीम की तरफ से खेलते वक्त एक घटना हुई थी। अश्विन और करुण नायर से बात करते हुए चहल ने कहा, ठमेरी कहानी, कुछ लोग इसके बारे में जानते हैं। हालांकि मैंने इसके बारे में कभी किसी से बात नहीं की और ना ही किसी के साथ शेयर किया। साल 2013 में मैं मुंबई इंडियंस के साथ था। हमारा बैंगलोर में एक मैच था, इसके बाद हमारी एक गेट टुगेदर था। उसमें से एक खिलाड़ी था जो काफी नशे में था, मैं उसका नाम नहीं लेना चाहूंगा। वह बहुत ही ज्यादा नशे में था, वह मेरी तरफ देख रहे थे और उन्होंने मुझे बुलाया। वह मुझे बाहर ले गए और उसके बाद फिर उन्होंने मुझे बालकोनी से नीचे लटका दिया। मेरे हाथ उनको पकड़े हुए थे, मेरी पकड़ कमजोर होती जा रही थी, मैं 15वीं मंजिल पर था। अचानक से काफी सारे लोग वहीं आए जिन्होंने मुझे वहां से निकाला और मौके को नियंत्रण में किया। मैं तो जैसे बेहोश ही हो गया था, उन्होंने मुझे पानी दिया। तब मुझे यह समझ आया कि आप जब किसी के साथ बाहर होते हैं तो कितनी जिम्मेदारी से रहना होता है। तो यह एक ऐसी घटना थी जहां मुझे लगता है कि मैं बहुत ही मुश्किल से बचकर निकला। अगर वहीं छोटी सी चूक हो जाती तो मैं नीचे भी गिर सकता था।पूर्व भारतीय ओपनर वीरेंद्र सहवाग ने इस वाकये को लेकर ट्वीट किया और लिखा था, ठयह बहुत ही महत्वपूर्ण है कि उनका नाम बताया जाए जिसने चहल के मुताबिक उनके साथ नशे में ऐसी हरकत की थी। अगर जो यह सही है तो इसे मजाक नहीं समझना चाहिए, क्या हुआ था यह जानना जरूरी है और उनके साथ क्या इस बात की गंभीरता को ध्यान में रखते हुए क्या एक्शन लिया गया था।सहवाग ने शुक्रवार शाम 4.42 मिनट पर यह ट्वीट किया था। हालांकि इसके कुछ देर बाद ही उन्होंने इसे अपने हैंडल से डिलीट भी कर दिया।



# शुभमन गिल की तूफानी बल्लेबाजी, IPL में खेली अब तक की अपनी सबसे बड़ी पारी

**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग के 15वें सीजन में भारतीय के बल्लु से पहला शतक देखने को मिलते मिलते रह गया। शुक्रवार को पंजाब के खिलाफ बल्लेबाजी करते हुए गुजरात के ओपनर शुभमन गिल ने धमाकेदार पारी खेली। 96 रन की ओपनर गिल ने दमदार 96 रन की पारी खेली। मैथ्यू वेड के साथ पारी की शुरुआत करने उतरे गिल ने गुजरात की पारी को अकेले ही दमदार पारी से आगे बढ़ाया। वेट 6 रन पर आउट होकर लौट गए लेकिन उनका बल्ला चलना जारी रहा। 29 गेंद पर



बेहतरीन पारी खेलकर आउट होने वाला ये बल्लेबाज महज 4 से शतक से चूक गया। पिछले ही मैच में गिल ने अपने आइपीएल करियर का सबसे बड़ा स्कोर बनाया था जिसे उन्होंने इस पारी से तोड़ डाला। गुजरात के कप्तान हार्दिक पांड्या ने पंजाब के खिलाफ टास जीतकर मैच में पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया। पिछले मैच में धमाका करने वाले लियाम लिविंग्स्टोन ने लगातार दूसरे मुकाबले में हाफ सेंचुरी जमाई। 9 विकेट पर टीम ने 20 ओवर में 189 रन का स्कोर खड़ा किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी गुजरात के लिए इस बल्लेबाज ने 7 चौके और 1 छक्के की मदद से अपने पचास रन पूरे किए। 59 गेंद पर 11 चौके और 1 छक्के की मदद से 96 रन की शानदार पारी खेलकर गिल अपना विकेट गंवा बैठे। रबादा की गेंद पर कप्तान मयंक अग्रवाल ने उनका कैच पकड़ा। नए सीजन में नई टीम की तरफ से आइपीएल में खेलने उतरे गिल ने टूर्नामेंट में शुक्रवार 8 अप्रैल को अपनी सबसे बड़ी पारी खेली। 2 अप्रैल को दिल्ली के खिलाफ ही उन्होंने 46 गेंद का समना करने के बाद 6 चौके और 4 छक्के की मदद से 84 रन बनाए।


# नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र, प्रयागराज

भारत सरकार की कौशल विकास योजना में अगस्त 2021 से प्रारम्भ हो रहे सत्र के लिए निम्नलिखित ट्रेडों में दाखिले के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित ट्रेड प्रवेश योग्यता तथा प्रस्तुत विभिन्न पाठ्यक्रमों की अवधि इस प्रकार है-

| क0सं0 | ट्रेड का नाम | ट्रेड की अवधि | योग्यता |
|---|---|---|---|
| 1. | कोपा | 1 वर्ष | 12वीं पास |
| 2. | फिटर | 2 वर्ष | 10वीं पास |
| 3. | बेसिक कम्प्युटिंग | 6 माह | साक्षर |
| 4. | डाटा इंट्री ऑपरेटर | 6 माह | 10वीं पास |
| 5. | फायर प्रिवेन्शन एण्ड इंडस्ट्रियल सेफ्टी | 6 माह | 8वीं पास |
| 6. | सेक्योरिटी सर्विस | 6 माह | 8वीं पास |
| 7. | कम्प्यूटर हार्डवेयर एण्ड एसेम्बली | 1 वर्ष | 10वीं पास |
| 8. | सर्टिफिकेट इन कम्प्युटर एप्लीकेशन | 1 वर्ष | 10वीं पास |
| 9. | इलेक्ट्रिकल टेक्निशियन्स | 1 वर्ष | 8वीं पास |
| 10. | रेफरिजरेटर एण्ड एयर कन्डिसनिंग | 1 वर्ष | 8वीं पास |
| 11. | योगा असिस्टेन्ट | 1 वर्ष | 10वीं पास |
| 12. | वेल्डिंग टेक्नोलॉजी | 1 वर्ष | 8वीं पास |
| 13. | कम्प्यूटर टीचर ट्रेनिंग कोर्स | 1 वर्ष | 10वीं पास |

1.**प्रमाण पत्रः**- सफल प्रशिक्षणार्थियों को भारत सरकार द्वारा प्रमाणपत्र दिए जाते है, जो केंन्द्रीय सरकार एवं राज्य सरकार के अधीनस्थ पद एवं सेवा में भर्ती के लिए मान्य है। 2.**चयन की प्रक्रियाः**- इस वर्ष कोविड-19 महामारी के चलते सभी सीटों पर दाखिले पहले आओ-पहले पाओ के आधार पर किये जायेंगे। 3.**आयु सीमाः**- उम्मीदवारों की आयु 1 अगस्त 2021 को न्यूनतम 14 वर्ष से अधिक होनी चाहिए। 4.**आवेदन कैसे करेः**- आवेदन फॉर्म संस्थान की वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन भरे जा सकते है तथा संस्थान के कार्यालय से निःशुल्क भी प्राप्त किया जा सकता है। 5.आवेदन फॉर्म भरते समय पंजीकरण शुल्क रूपये 2665/- का भी देय होगा। 6.**कक्षायें/उपस्थितिः**- छात्रों की उपस्थिति में दो भाग शामिल है- थ्योरी क्लास और ट्रेनिंग इस वर्ष कोविड-19 स्थिति के कारण सभी छात्र संस्थान द्वारा आयोजित ऑनलाइन कक्षाओं में भाग लेंगे तथा उसके लिए संस्थान में छात्रों की भौतिक उपस्थिती की अनिवार्यता नहीं है, जब तक कोविड-19 की वर्तमान स्थिति समाप्त नहीं हो जाती है। प्रशिक्षण के लिए छात्रो को प्रधानाचार्य की अनूमति के साथ, अपने सम्बंधित मूल स्थानों पर प्रशिक्षण पूरा करने की अनुमति है। परीक्षा के समय छात्रों की उपस्थिति अनिवार्य होगी। 7.**छात्रवृत्तिः**- दाखिले के उपरांत शुल्क प्रतिपूर्ति के लिए सभी ट्रेडों में आरक्षित श्रेणी के अभ्यर्थी, जिनके पास आय प्रमाण पत्र एवं सम्बन्धित दस्तावेज मौजूद हो वे सभी भारत सरकार की छात्रवृत्ति योजनाओं में आवेदन कर सकते है। 8. अधिक जानकारी के लिए संस्थान की वेबसाइटः- **www.nainiiti.com** देखें। 9.**दाखिले की अंतिम तिथिः**- 15 अप्रैल 2022

सम्पर्क सूत्र :- 0532-2695959, 9415608710, 9807278552, 9415608790

# दिल्ली की चाट से लेकर लखनऊ की बिरयानी तक आलिया रणबीर की शादी का पूरा मेन्यू

**नई दिल्ली।** आखिरकार रणबीर कपूर और आलिया भट्ट की शादी हो रही है। आलिया के चाचा रॉबिन भट्ट ने इस खबर की पुष्टि भी कर दी है। साथ ही बताया कि ये 4 दिनों का फंक्शन होगा। रिपोर्ट्स के मुताबिक शादी का जश्न 14 अप्रैल से चेंबूर के आरके हाउस में शुरू होगा। इस कपल के घर में शादी की तैयारी जोरों पर हैं, बात चाहे सजावट की हो या खाने की, इन दोनों के बिना कोई भी शादी अधूरी रहती है। तो चलिए आपको बताते हैं आलिया-रणबीर की शादी में खाने का पूरा मेन्यू एक सूत्र ने बॉलीवुड लाइफ से



बताया कि, 'कपूर खानदान खाने का बहुत शौकीन हैं ये तो सबको पता है, ऐसे में शादी का मेन्यू काफी खास रहने वाला है। इतालवी, मैक्सिकन, पंजाबी और अफगानी से लेकर हर चीज के 50 से अधिक काउंटर होंगे। आप जो भी फूड आइटम सोचेंगे, वो यहां मौजूद होगा। नीतू कपूर ने अपने बेटे की शादी के लिए दिल्ली और लखनऊ से विशेष रसोइयों को बुलाया है। बताया जा रहा है कि दिल्ली की चाट का एक अलग बड़ा काउंटर होगा। जबकि लखनऊ से शेफ वो होंगे जो कबाब से लेकर बिरयानी तक के नॉनवेज फूड में माहिर होंगे सूत्र ने आगे बताया 'आलिया भट्ट शाकाहारी हैं और इसलिए उनकी पसंद और मेहमानों को ध्यान में रखते हुए केवल शाकाहारी भोजन पर कुल 25 अलग-अलग काउंटर होंगे। होने वाले दूल्हा और दुल्हन अपनी शादी का हर दिन यादगार बनाना चाहते हैं। साथ ही चाहे हैं कि आने वालों मेहमानों की जुबान से व्यंजनों का जायका सालों तक ना जाए आलिया और रणबीर अपने करीबी, दोस्तों और परिवारवालों के बीच ही सात फेरे लेंगे। पर शादी के बाद ये कपल एक ग्रैंड रिसेप्शन देने की तैयारी कर रहा है। रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि रणबीर अपने बांद्रा स्थित घर में शादी का जश्न शुरू होने से एक दिन पहले एक बैचलर पार्टी देंगे। जिसमें शामिल होने के लिए आदित्य रॉय कपूर, अयान मुखर्जी, अर्जुन कपूर शहित अन्य को आमंत्रित किया गया है।

# विवेक अग्निहोत्री ने नेगेटिव रिव्यु को लेकर की गई यामी गौतम की 'आपत्ति' को सराहा


**नई दिल्ली।** विवेक रंजन अगिन्होत्री ने अभिनेत्री यामी गौतम की सराहना की है दरअसल यामी गौतम की फिल्म दसवीं को लेकर मिले नेगेटिव रिव्यु पर प्रतिक्रिया दी थी विवेक अगिन्होत्री



ने कहा है कि यामी गौतम को किसी भी प्रकार के सर्टिफिकेट की आवश्यकता नहीं हैत् यामी गौतम के फिल्म को नेगेटिव रिव्यु दिया गया था, जिसे उन्होंने बहुत ही असम्माननीय बताया था दसवीं में यामी गौतम के अलावा अभिषेक बच्चन और निम्रत कौर की भी अहम भूमिका थी अब फिल्म निर्माता और निर्देशक विवेक रंजन अगिन्होत्री ने यामी गौतम के पक्ष में ट्वीट किया है विवेक अगिन्होत्री ने यामी गौतम की सराहना की कि उन्होंने पक्ष लिया और उन्होंने यह भी कहा कि उन्हें अपनी प्रतिभा के लिए किसी से अप्रूवल लेने की आवश्यकता नहीं हैत् यामी गौतम और उनके पति आदित्य धर ने इसके पहले द कश्मीर फाइल्स की सराहना की थी और फिल्म का समर्थन भी किया था विवेक अगिन्होत्री ने अब यामी गौतम की सराहना की है उन्होंने लिखा, 'ब्रावो यामी गौतम, अनुपमा चोपड़ा की अगुवाई वाली माफिया गिरोह से आपको अपनी प्रतिभा के लिए सर्टिफिकेट की आवश्यकता नहीं हैत' यामी गौतम ने इसके पहले निशाना साधते हुए कहा था कि वह कंस्ट्रक्टिव क्रिटिसिजम स्वीकार करेंगे लेकिन कई लोग ऐसे है, जो उन्हें नीचा दिखाना चाहते है दसवीं फिल्म नेटफ्लिक्स और जिओ सिनेमा पर 7 अप्रैल को रिलीज हुई है वहीं द कश्मीर फाइल्स 2022 की अब तक की सबसे बड़ी हिट साबित पर हुई है यह फिल्म 11 मार्च को रिलीज हुई है और बॉक्स ऑफिस पर ढाई सौ करोड़ के करीब व्यापार कर चुकी है अभिषेक बच्चन ने भी द कश्मीर फाइल्स की सराहना की थी।

# टाइगर श्रॉफ की आवाज में रिलीज हुआ 'हीरोपंती 2' का गाना मिस हैरान, देखें वीडियो

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड में अपने एक्शन से हैरान करने वाले टाइगर श्रॉफ अब अपने सिंगिंग स्किल्स से चौंका रहे हैं। टाइगर अपनी अपकमिंग फिल्म



हीरोपंती 2 से बतौर फिल्म सिंगर डेब्यू कर रहे हैं। शुक्रवार को फिल्म का यह गाना मिस हैरान रिलीज कर दिया गया। खास बात यह है कि टाइगर का डेब्यू म्यूजिक मेस्ट्रो एआर रहमान के साथ हुआ है, जिन्होंने मिस हैरान गाने का संगीत किया है। गाना काफी अपबीट है और इसकी धुन थिरकने के लिए मजबूर करती है। टाइगर की आवाज गाने के मूड और बीट्स को सूट कर रही है। इसका पिक्चराइजेशन भी डिजिटलाइज्ड सेट पर किया गया है। गाना टाइगर और तारा सुतारिया पर फीचर किया गया है। वहीं, कोरियोग्राफी राहुल शेट्टी के साथ फिल्म के निर्देशक अहमद खान ने की है, जो डायरेक्टर बनने से पहले कोरियोग्राफर ही थे। हीरोपंती 2 का निर्माण साजिद नाडियाडवाला ने किया है, जिन्होंने इस फ्रेंचाइजी की पहली फिल्म हीरोपंती से टाइगर को बॉलीवुड में लॉन्च किया था और अब सिंगर के तौर पर भी उन्हें लॉन्च कर दिया। टाइगर भले ही फिल्म सिंगिंग में डेब्यू कर रहे हों, मगर सिंगिंग की नेट प्रैक्टिस वो काफी वक्त से कर रहे हैं और कई सिंगल्स को आवाज दे चुके हैं। अवितेश श्रीवास्तव के यू आर अनबिलिवेबल, कैसेनोवा, विशाल मिश्रा के वंदे मातरम और प्रेमी-हरदीप पूरी गल बात को टाइगर ने आवाज दी थी। हीरोपंती 2 एक्शन फिल्म है, जिसमें टाइगर के सामने नवाजुद्दीन सिद्दीकी खलनायक के किरदार में हैं। हीरोपंती 2 इस ईद के मौके पर 29 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। साल 2022 में टाइगर की यह पहली रिलीज फिल्म होगी। टाइगर इस फिल्म के जरिए पूरे दो साल बाद पर्दे पर लौट रहे हैं। उनकी आखिरी रिलीज अहमद खान निर्देशित बागी 3 है, जो 2020 में कोरोना वायरस महामारी शुरू होने से कुछ दिन पहले ही रिलीज हुई थी। इसकी रिलीज के कुछ दिनों बाद ही देशभर में लॉकडाउन की प्रक्रिया शुरू हो गयी थी।

# साड़ी पहने और सिंदूर लगाए करण का हाथ थामे दिखीं तेजस्वी प्रकाश, फैन्स ने कहा- मिसेज कुंद्रा बहुत खूबसूरत हैं

**नई दिल्ली।** बिग बॉस के एक्स कंटेस्टेंट करण कुंद्रा और तेजस्वी प्रकाश की जोड़ी फैन्स का दिल जीतने में कोई कसर नहीं छोडती। बिग बॉस के घर के अन्दर जहां दोनों के बीच जमकर झगडा देखने को मिलता था, तो वही घर से बाहर आने के बाद दोनों के प्यार भरे मोमेंट को देखकर फैन्स का दिल पिघल जाता है। हाल ही में दोनों की एक वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रही है, जिसमें तेजस्वी प्रकाश का साड़ी में ग्लैमरस लुक देखने को मिल रहा है और वह करण कुंद्रा का हाथ थामे हुए एक होटल से बाहर आ रही हैं। तेजस्वी प्रकाश और करण कुंद्रा की इस वीडियो को फोटोग्राफर विरल भयानी ने अपने इंस्टाग्राम पर शेयर किया। वीडियो में करण कुंद्रा और तेजस्वी प्रकाश मुंबई के एक होटल से बाहर निकलते हुए दिखाई दें रहे हैं। तेजस्वी प्रकाश वीडियो में ग्रीन रंग की साड़ी और मांग में सिन्दूर लगाए बहुत ही खूबसूरत लग रही हैं, तो वही व्हाइट शर्ट के साथ मेहंदी रंग की पैंट्स और जैकेट में करण कुंद्रा का लुक भी देखते ही बन रहा है। इस वीडियो को देखने के बाद फैन्स अलग-अलग प्रतिक्रिया जाहिर कर रहे हैं। दोनों की इन तस्वीरों और वीडियो पर फैंस जमकर प्यार लुटा रहे हैं। एक यूजर ने इस पोस्ट पर कमेंट करते हुए लिखा, 'मिसेज कुंद्रा बहुत ही ज्यादा खूबसूरत लग रही हैं'। दूसरे यूजर ने लिखा, 'दोनों एकदम न्यूली मैरिड कपल की तरह लग रहे हैं। अन्य यूजर ने लिखा, 'दोनों मैरिड कपल लग रहे हैं, मैं दुआ करूंगा कि ये दिन जल्द ही आए'। दोनों की इस जोड़ी पर प्रशंसक खूब प्यार बरसा रहे हैं और साथ ही इन दोनों की जोड़ी को देखकर ये प्रेयर कर रहे हैं कि दोनों को किसी की नज़र ना लगे। कुछ यूजर्स तो इनकी शादी को लेकर सवाल कर रहे हैं। करण कुंद्रा और तेजस्वी प्रकाश वैसे तो पहले से ही एक-दूसरे को जानते थे, लेकिन इन दोनों के बीच की बॉन्डिंग बिग बॉस 15 में आने के बाद गहरी हुई। जहां करण कुंद्रा को बीतते समय के साथ तेजस्वी प्रकाश पसंद आईं और उन्होंने उन्हें प्रपोज कर दिया। हालांकि इन दोनों के रिश्ते पर घर के अन्दर रहते हुए कई सवाल उठे और कई लोगों को यही लगा कि दोनों का रिश्ता बिग बॉस से निकलने के बाद खत्म हो जाएगा, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। बल्कि बिग बॉस के घर में हमेशा झगड़ने वाले तेजस्वी और करण घर से बाहर आने के बाद एक-दूसरे के ज्यादा करीब आए और दोनों का रिश्ता वक्त के साथ और मजबूत हुआ है। तेजस्वी प्रकाश इन दिनों एकता कपूर के सुपरनैचुरल शो 'नागिन 6' में प्रथा और शेष नागिन का किरदार निभाकर लगातार अपने फैन्स का दिल जीत रही हैं। शो में उनके साथ सिंबा नागपाल नजर आ रहे हैं। तो वही करण कुंद्रा एकता कपूर के शो 'लॉक अप' में जेलर की भूमिका निभा रहे हैं। तेजस्वी और करण को जब भी अपने बिजी शेड्यूल से समय मिलता है तो वह एक-दूसरे से मिलने के लिए और साथ में समय बिताने के लिए पहुंच जाते हैं।

# शाहिद कपूर स्टारर फिल्म की एडवांस बुकिंग शनिवार से शुरू, बॉक्स ऑफिस पर 'केजीएफ 2' से टक्कर

**नई दिल्ली।** 2019 की फिल्म कबीर सिंह के बाद शाहिद कपूर जरसी के साथ बड़े पर्दे पर लौट रहे हैं। पैनडेमिक के बाद शाहिद की यह पहली बड़ी रिलीज है। एक्टर के फैंस को जरसी का बेसब्री से इंतजार है। फिल्म को ट्रेलर को सकारात्मक



प्रतिक्रिया मिली है और शाहिद के अभिनय की खूब तारीफ हुई है। जरसी, इसी शीर्षक से आयी तेलुगु फिल्म का आधिकारिक रीमेक है। तेलुगु फिल्म जरसी एक चर्चित और सराही गयी फिल्म थी, लिहाजा हिंदी में भी इस फिल्म से काफी उम्मीदें हैं। फिल्म का निर्देशन गौतम तिननैरी ने ही किया है, जो तेलुगु फिल्म के भी निर्देशक हैं। जरसी 14 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। जरसी के फैंस के लिए खुशखबरी है कि इसकी टिकटों की एडवांस सेल शनिवार से शुरू हो रही है। फिल्म से जुड़े सूत्रों के मुताबिक, पहले एडवांस टिकट सेल रविवार से शुरू करने की योजना थी, मगर पिछले कुछ दिनों में फिल्म को लेकर दर्शकों के रुझान को देखते हुए एक दिन पहले खोलने का फैसला किया गया है। शाहिद ने शुक्रवार को इंस्टाग्राम स्टोरी में एक वीडियो शेयर करके बताया था कि फिल्म गुरुवार के दिन रिलीज हो रही है और एडवांस बुकिंग शनिवार को खुल जाएगी। फिल्म के निर्माता अमन गिल ने कहा- टिकट सेल की बिक्री रविवार को शुरू करने का विचार था, मगर चार दिनों की लम्बी छुट्टी के मद्देनजर फैंस और परिवार अपने प्लांस बना लें, इसलिए हमने तय किया कि शनिवार को एडवांस बुकिंग शुरू कर दी जाए। लोगों को वैशाखी, महावीर जयंती, अम्बेडकर जयंती के बाद गुड फ्राइडे का लम्बा वीकेंड मिलेगा। जर्सी में शाहिद कपूर के साथ मृणाल ठाकुर फीमल लीड रोल में हैं। वहीं, पंकज कपूर और रोनित कामरा अहम किरदारों में दिखेंगे। संगीत सचेत-परम्परा ने किया है। फिल्म के मइया मैनू गाने को 100 मिलियन व्यूज मिल चुके हैं। जरसी के सामने बॉक्स ऑफिस पर साल की बहुचर्चित फिल्म केजीएफ चैप्टर 2 होगी, जिसको लेकर काफी बातें हो रही हैं। कनन्ड़ सिनेमा की फिल्म पैन-इंडिया रिलीज की जा रही है। दक्षिण भारतीय भाषाओं के साथ फिल्म हिंदी में भी रिलीज होगी। इसके पहले भाग को हिंदी बेल्ट में अच्छा रिस्पॉन्स मिला था, इसलिए केजीएफ 2 को एक प्रबल चुनौती के रूप में देखा जा रहा है। हालांकि, छुट्टियों और लम्बे हॉलीडे वीकेंड को देखते हुए माना जा रहा है कि दोनों फिल्मों को पर्याप्त जगह मिलेगी। राजामौली की आरआरआर का असर तब तक हल्का पड़ चुका होगा। ऐसे में असली टक्कर जरसी और केजीएफ 2 के बीच ही होगी। केजीएफ 2 की एडवांस बुकिंग की रिपोर्ट्स अच्छी रिपोर्ट्स आ रही हैं। फिल्म की एडवांस बुकिंग सीमित केंद्रों पर गुरुवार शाम से शुरू हुई थी और एक लाख टिकट बिकने की खबरें आ रही हैं।

# शाहरूख खान के बाद अब सलमान खान ने शेयर की शर्टलेस फोटो, 'टाइगर 3' को लेकर बेसब्र हुए फैंस

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड के भाईजान सलमान खान की हर अदा पर उनके फैंस दिल खोलकर प्यार लुटाते हैं। सलमान भी अपने फैंस का ध्यान रखते हैं और समय-समय पर उन्हें एंटरटेन करते रहते हैं। शुक्रवार को एक्टर ने अपनी एक शर्टलेस फोटो शेयर की



है, जिसमें उनका बीस्ट मोड नजर आ रहा है। एक्टर की इस सुपर हॉट बॉडी को देखकर उनके फैंस को सलमान की फिल्म 'टाइगर 3' याद आने लगी है और उनके लिए फिल्म का इंतजार करना मुश्किल हो रहा है। सलमान ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपनी एक एडिटेड फोटो शेयर की है। जिसमें वह जिम लुक में पत्तियों के बीच नजर आ रहे हैं। फैंस को टीज करने के लिए तस्वीर में एक्टर के चेहरे को थोड़ा अंधेरे में रखा गया है। लेकिन सलमान फोटो में फुल एक्शन मोड में नजर आ रहे हैं। पोस्ट के शेयर करते हुए एक्टर ने लिखा, ''ग्रीन लीव्स मैटर्स।'' सलमान का यह लुक फैंस को खूब पसंद आ रहा है और उनकी ये फोटो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही है। एक फैंस ने पोस्ट पर कमेंट करते हुए लिखा, 'सल्लू रॉक्ड एवरीवन शॉक्ड।' एक अन्य यूजर ने लिखा, 'वह क्या लुक है माशा अल्लाह।' वहीं कुछ लोगों को सलमान का यह लुक देखकर फिल्म टाइगर याद आ गई। एक यूजर ने कमेंट किया, 'टाइगर वाला लुक।' वहीं एक और यूजर ने लिखा, 'अल्लाह सलमान खान को हमेशा आशीर्वाद दे, टाइगर आ रहा है लोगों की जालाने।' आपको बता दें कि कशाहरूख खान ने भी कुछ दिनों पहले फिल्म 'पठान' से अपना लुक शेयर किया था। जिसमें वह शर्टलेस अपनी टोन्ड बॉडी फ्लांट करते नजर आए थे। शाहरूख को 56 की उम्र में इतनी फिट बॉडी के लिए बॉलीवुड से काफी प्रशंसा भी मिली थी। सलमान खान के वर्कफ्रंट की बात करें तो एक्टर इन दिनों 'टाइगर 3' की शूटिंग में व्यस्त हैं। जो 21 अप्रैल, 2023 को रिलीज होगी। इसके अलावा सलमान साउथ में भी डेब्यू करने वाले हैं। वह चिरंजीवी के साथ फिल्म 'गॉडफादर' में नजर आएंगे। इस फिल्म के लिए उन्होंने शूटिंग भी कर ली है।

# राजामौली की आरआरआर 1000 करोड़ के बेहद करीब

**नई दिल्ली।** एसएस राजामौली की फिल्म आरआरआर ने सिनेमाघरों में दो हफ्तों का सफर पूरा कर लिया है। पहले हफ्ते में फिल्म के कलेक्शंस में जोरदार उछाल रहा, मगर दूसरा हफ्ता काफी धीमा गुजरा और कलेक्शंस सिंगल डिजिट में बने रहे। फिल्म के हिंदी वर्जन ने घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 200 करोड़ का पड़ाव



पार कर लिया है, वहीं सभी भाषाओं का वर्ल्डवाइड ग्रॉस कलेक्शन 1000 करोड़ पर पहुंचने वाला है, जो तीसरे वीकेंड में मिलने की पूरी सम्भावना है। 25 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज हुई आरआरआर ने 7 अप्रैल को चौदह दिन पूरे कर लिये। ट्रेड के अनुसार, फिल्म ने गुरुवार को लगभग 5 करोड़ का कलेक्शन किया है, जिसके साथ 14 दिनों का नेट कलेक्शन 208.59 करोड़ हो गया है। पहली अप्रैल से 7 अप्रैल के बीच दूसरे हफ्ते में वीकेंड के बाद फिल्म के कलेक्शंस काफी प्रभावित हुए हैं। दूसरे वीकेंड में आरआरआर ने शुक्रवार को 13.50 करोड़, शनिवार को 18 करोड़, रविवार को 20.50 करोड़ का कलेक्शन किया था। इसके बाद फिल्म के कलेक्शंस गिरना शुरू हुए तो फिर नहीं संभले। दूसरे सोमवार को आरआरआर हिंदी सिर्फ 7 करोड़ ही जमा कर सकी। वहीं, मंगलवार और बुधवार को क्रमशः 6.50 और 5.50 करोड़ बटोरे आरआरआर ने 200 करोड़ का पड़ाव बुधवार को रिलीज के 13वें दिन पार किया था। 25 मार्च से 31 मार्च तक पहले हफ्ते में आरआरआर ने 132.59 करोड़ जमा किये थे। अब अगर वर्ल्डवाइड कलेक्शंस की बात करें तो आरआरआर ने रिलीज के तीन दिनों में ही 500 करोड़ ग्रॉस कलेक्शन कर लिया था और फिल्म अब 1000 करोड़ ग्रॉस कलेक्शन की ओर बढ़ रही है। रिपोर्ट्स के अनुसार, अभी तक फिल्म लगभग 950 करोड़ ग्रॉस कलेक्शन वर्ल्डवाइड कर चुकी है। आंध्र प्रदेश बॉक्स ऑफिस डॉट कॉम के अनुसार, फिल्म ने सभी भाषाओं में 14 दिनों में 533.50 करोड़ का नेट कलेक्शन वर्ल्डवाइड कर लिया है, जबकि 950.20 करोड़ का ग्रॉस कलेक्शन वर्ल्डवाइड हो चुका है। आरआरआर के लिए तीसरे हफ्ते में अपने कलेक्शंस बढ़ाने का पूरा मौका है, क्योकि इस हफ्ते इसके सामने कोई बड़ी चुनौती नहीं है। द कश्मीर फाइल्स की रफ्तार पहले ही काफी धीमी हो चुकी है। मगर, चौथे हफ्ते में आरआरआर के सामने कनन्ड़ सिनेमा की बहुचर्चित फिल्म केजीएफ चैप्टर 2 और हिंदी फिल्म जरसी की मजबूत चुनौतियां होंगी। केजीएफ 2 हिंदी में भी बड़े पैमाने पर रिलीज हो रही है। वहीं, हिंदी बेल्ट में जरसी भी मजबूत प्रतिद्वंद्वी के तौर पर उभर सकती है।

# 250 करोड़ से बस इतनी दूर है 'द कश्मीर फाइल्स', जानें- 4 हफ्तों का नेट कलेक्शन

**नई दिल्ली।** विवेक अगिन्होत्री की फिल्म द कश्मीर फाइल्स ने जहां अपने सब्जेक्ट से लोगों के दिलों को छुआ, वहीं बॉक्स ऑफिस पर शानदार प्रदर्शन किया। फिल्म ने 4 हफ्तों का सफर कामयाबी के साथ पूरा कर लिया और अब 250 करोड़ की



दहलीज पर खड़ी है। आरआरआर की रिलीज से फिल्म की स्क्रींस प्रभावित हुईं, मगर सिनेमाघरों में फिल्म के लिए दर्शकों की दिलचस्पी बनी रही। द कश्मीर फाइल्स 11 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी और 4 हफ्तों का सफर 7 अप्रैल को पूरा कर किया। फिल्म की गति चौथे हफ्ते में काफी धीमी हुई है और 9.95 करोड़ का कलेक्शन किया। चौथे शुक्रवार को फिल्म ने 1.50 करोड़, शनिवार को 2.25 करोड़, रविवार तो 3 करोड़, सोमवार को एक करोड़, मंगलवार को 80 लाख, बुधवार को 75 लाख और गुरुवार को 65 लाख रुपये जमा किये। इसके साथ द कश्मीर फाइल्स का 4 हफ्तों का नेट कलेक्शन 248.23 करोड़ हो चुका है। ब्लॉकबस्टर का दर्जा हासिल कर चुकी फिल्म को 250 करोड़ के लिए अब 1.77 करोड़ ही चाहिए। यह रकम पांचवें वीकेंड में मिल जाएगी और फिल्म 250 करोड़ के पड़ाव को पार कर लेगी।द कश्मीर फाइल्स ने पहले हफ्ते में 97. 30 करोड़, दूसरे हफ्ते में 110.03 करोड़ और तीसरे हफ्ते में 30.95 करोड़ जमा किये थे। द कश्मीर फाइल्स इस साल की सबसे सरप्राइजिंग फिल्मों में रही। इसकी कामयाबी ने ट्रेड को भी चौंकाया। फिल्म 650 स्क्रींस पर रिलीज हुई थी और महज 3.55 करोड़ की ओपनिंग ली थी। इसके बावजूद इसने बॉक्स ऑफिस कलेक्शंस के मामले में इतिहास बनाया। फिल्म ने 100 करोड़ का पड़ाव सिर्फ 8 दिनों में पार किया, जबकि 200 करोड़ तक पहुंचने में इसे महज 13 दिन लगे।

# रणबीर कपूर और आलिया भट्ट की शादी की खबर की पुष्टि, 4 दिन चलेगा कार्यक्रम, इस दिन होगी शादी

**नई दिल्ली।** रणबीर कपूर और आलिया भट्ट की शादी की चर्चाएं मीडिया में आम थी लेकिन पहली बार आलिया भट्ट के अंकल रॉबिन भट्ट ने शादी की खबर की पुष्टि की है उन्होंने कहा कि अगले सप्ताह दोनों शादी कर लेंगे इस बीच दोनों के प्रशंसक शादी की तैयारियों और शादी के बाद की तस्वीरों को लेकर उत्सुक है रणबीर कपूर और आलिया भट्ट शादी कर रहे है और यह जोड़ा अभी तक इस बात को लेकर चुप्पी साधे हुआ है रॉबिन भट्ट ने एक एंटरटेनमेंट यह भी कहा कि शादी चेंबूर स्थित आरके हाउस में होगीत् रॉबिन भट्ट ने इंडिया टुडे से कहा कि उन्हें भट्ट परिवार द्वारा शादी में आमंत्रित किया गया है उन्होंने यह भी कहा कि 15 अप्रैल को विवाह होगा रॉबिन भट्ट लेखक हैं और निर्देशक विक्रम भट्ट के पिता है रणबीर कपूर और आलिया भट्ट की शादी पर सभी ने चुप्पी साध रखी है कहा जा रहा है कि दोनों अपने खास दोस्तों और परिवार के लोगों की उपस्थिति में शादी करेंगे इसके पहले यह भी कहा गया था



पोर्टल से बात करते हुए इस बारे में खुलासा कियात् उन्होंने यह भी कहा कि रणबीर और आलिया की शादी का कार्यक्रम 4 दिनों तक चलेगा उन्होंने कि रणबीर कपूर शादी से पहले अपने घर पर एक बैचलर पार्टी का आयोजन करेंगे इसमें अर्जुन कपूर, अयान मुखर्जी और आदित्य रॉय कपूर जैसे लोग आ सकते हैत् शादी के बाद एक भव्य रिसेप्शन का आयोजन किया जाएगात् इसमें शाह रुख खान, करण जौहर, आदित्य चोपड़ा, रणवीर सिंह, संजय लीला भंसाली जैसे कलाकार पहुंच सकते है आलिया भट्ट और रणबीर कपूर जल्द फिल्म ब्रह्मास्त्र में नजर आने वाले हैं यह फिल्म सितंबर में रिलीज होगी यह फिल्म तीन भागों में बन रही है फिल्म की शूटिंग पूरी हो गई है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक डा. दीपक अरोरा द्वारा
श्री आधुनिक प्रिन्टर्स एण्ड पैकेजर्स प्रा.लि.
1-मिर्जापुर रोड नैनी प्रयागराज उ.प्र. 211008 से मुद्रित एवं एम2ए/25एडीए कालोनी नैनी प्रयागराज 211008 (उ.प्र.) से प्रकाशित
सम्पादकः-डा. दीपक अरोरा
मो0न0 09415608783
RNI No. UPHIN/2012/41154
डाक पंजीयन नं. 99/2021-23
website:www.adhuniksamachar.com

नोटः- इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद इलाहाबाद न्यायालय के अधीन ही होगे।